सच, सिर्फ सच

**

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 08 नवम्बर , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 301, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 95 अंकों की गिरावट

घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और सेंसेक्स 94.73 अंक गिरकर 83,216.28 अंक पर बंद हुआ। } 14

भारत-न्यूजीलैंड के बीच एफटीए वार्ता का चौथा दौर पूरा

भारत और न्यूजीलैंड ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए चौथे दौर की वार्ता पूरी कर ली। दोनों पक्षों ने इसको शीघ्र अंतिम रूप देने की दिशा में काम करने को लेकर सहमति व्यक्त की है। } 16

आश्रय स्थल में रखे जायेंगे आवारा कुत्ते

सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों, संस्थागत क्षेत्रों, राजमार्गों से स्ट्रीट डॉग को हटाने के दिये आदेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शैक्षणिक केंद्रों, अस्पतालों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों द्वारा काटे जाने की घटनाओं में खतरनाक वृद्धि का शुक्रवार को संज्ञान लिया और प्राधिकारियों को ऐसे कुत्तों को निर्दिष्ट आश्रय स्थलों में ले जाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) सहित सभी प्राधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से आवारा पशुओं और मवेशियों को हटाया जाए।



न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की विशेष पीठ ने आवारा कुत्तों के मामले में कई निर्देश पारित किए। पीठ ने कहा शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, खेल परिसरों, बस अड्डों, डिपो और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों द्वारा काटे जाने की घटनाओं में खतरनाक वृद्धि को देखते हुए यह न्यायालय आवारा कुत्तों के प्रबंधन, जन सुरक्षा और स्वास्थ्य के हित में निम्नलिखित निर्देश जारी करना उचित समझता है। उसने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपने-अपने स्थानीय या नगरपालिका प्राधिकारियों के माध्यम से दो सप्ताह के भीतर ऐसे संस्थानों की पहचान करने का निर्देश दिया। पीठ ने ऐसे संस्थानों के प्रशासनिक प्रमुखों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि परिसर में पर्याप्त बाड़, चारदीवारी, द्वारों और ऐसे अन्य संरचनात्मक उपायों का प्रबंध सुनिश्चित किया जाए जो आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए आवश्यक हों। उसने कहा कि यह कार्य जल्द से जल्द किया जाए और बेहतर होगा कि इसे आठ सप्ताह के भीतर पूरा किया जाए। पीठ ने कहा कि ऐसे संस्थानों का प्रबंधन एक नोडल अधिकारी नियुक्त... शेष पृष्ठ 14 पर

दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

❍ भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह फूल बरसाकर किया स्वागत ❍ कई वन्दे भारत ट्रेनों को आज दिखायेंगे हरी झंडी

जिला संवाददाता

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार की शाम अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। शाम करीब पांच बजे प्रधानमंत्री का विशेष विमान लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे बाबतपुर पर उतरा, जहां प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना, आयुक्त एस. राजलिंगम, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार सहित अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। एक बयान के अनुसार बरेका पहुंचने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भव्य स्वागत किया।

प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से बीएलडब्ल्यू स्थित गेस्ट हाउस के लिए रवाना हुए। उनका काफिला बाबतपुर से हरहुआ होते हुए गिलट बाजार, जेपी मेहता, फुलवरिया फ्लाईओवर होते हुए बरेका पहुंचा। रास्ते में कई जगह स्थानीय लोगों सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने भी वाहन से हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। मोदी के स्वागत में काशीवासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने अपने सांसद का स्वागत मोदी-मोदी और हर हर महादेव के नारों से किया। जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और उनके काफिले पर पुष्पवर्षा की गयी। हवाई अड्डे से बरेका जाते समय प्रधानमंत्री के काफिले पर जगह-जगह फूलों की वर्षा की गई। पूरा मार्ग केसरिया और तिरंगे रंगों की रोशनी से जगमगा उठा। मोदी का शहर के संत अतुलानंद बाईपास, जेपी मेहता के पास, बरेका एफसीआई गोदाम, बरेका गेट के पास आदि अनेकों स्थानों पर स्वागत किया गया। जबकि बरेका पहुंचने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भव्य स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी ढेर

आजमगढ़। जिले के रौनापार क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और आजमगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम से हुई मुठभेड़ में 50 हजार रुपये का इनामी एक बदमाश मारा गया। उसके तीन साथी मौके का फायदा उठाकर भाग गये। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि सिधारी थाना क्षेत्र में हुई लूट की एक घटना के सुराग जुटाने में लगी पुलिस को एसटीएफ से सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश रौनापार की ओर भाग रहे हैं। सूचना पर एसटीएफ लखनऊ की टीम और आज़मगढ़ के सिधारी थाने की पुलिस ने जोकहरा पुल के पास घेराबंदी की। उन्होंने दावा किया कि पुलिस को देखकर बदमाशों ने उस पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलायी जिसकी चपेट में आने से एक बदमाश घायल हो गया। उसके तीन अन्य साथी मौके से भाग निकले। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जहां से हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया।

अवकाश में भी जारी रहेगा एसआईआर अभियान

लखनऊ। प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान को गति देने के लिए चुनाव आयोग ने पूरी ताकत झोंक दी है। 22 वर्ष बाद प्रदेश में हो रहे इस व्यापक अभियान के तहत घर-घर जाकर मतदाता गणना प्रपत्र वितरित करने और उन्हें भरवाने का काम अवकाश के दिनों में भी होगा। शनिवार और रविवार को भी बीएलओ क्षेत्र में जाकर नागरिकों से संपर्क करेंगे और गणना प्रपत्र बांटने के साथ उसे मौके पर ही भरवाने का प्रयास करेंगे। आयोग ने अभियान के दौरान पड़ने वाली सभी अवकाश निरस्त कर दिए हैं। आयोग ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चार दिसंबर तक हर हाल में कार्य पूरा कर लिया जाए।

देशवासियों को ऊर्जा से भर देता है वन्दे मातरम

कांग्रेस ने राष्ट्रीय गीत को धर्म से जोड़ने का ऐतिहासिक पाप और भूल की : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर स्पष्ट रूप से हमला करते हुए शुक्रवार को कहा कि 1937 में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के महत्वपूर्ण छंदों को हटा दिया गया था जिसने विभाजन के बीज बोये और इस प्रकार की विभाजनकारी मानसिकता देश के लिए अब भी चुनौती है। पीएम मोदी ने समारोह में कहा कि आज जब देश वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं तो यह हमें नयी प्रेरणा देता है और देशवासियों को नयी ऊर्जा से भर देता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक साल तक मनाए जाने वाले स्मरणोत्सव की शुरुआत करते हुए ये बात कही। मोदी ने इस अवसर पर यहां इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। मोदी ने कहा वंदे मातरम भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आवाज बन गया। इसने हर भारतीय की भावनाओं को व्यक्त किया। दुर्भाग्य से 1937 में वंदे मातरम के महत्वपूर्ण छंदों को, उसकी आत्मा के एक हिस्से को निकाल दिया गया। वंदे मातरम के विभाजन ने बंटवारे के बीज भी बोये। आज की पीढ़ी ...शेष पृष्ठ 14 पर

कर्तव्यों के प्रति दृढ़ बनाता है वन्दे मातरम : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। आजादी के आंदोलन का मंत्र बने वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर पीएम मोदी ने इस दिवस को स्मृति दिवस के रूप में आयोजित करने के लिए देशवासियों को नई प्रेरणा दी। सीएम ने कहा कि वन्दे मातरम भारत की आजादी का अमर मंत्र बन गया था। उस दौरान विदेशी हुकूमत के द्वारा दी जाने वाली अनेक यातनाओं, प्रताड़नाओं की परवाह किए बिना भारत का हर नागरिक (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, क्रांतिकारी) वन्दे मातरम गीत के साथ गांव, नगर, प्रभातफेरी के माध्यम से भारत की सामूहिक चेतना के जागरण के अभियान से जुड़ चुका था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में अपनी बातें रखीं। इस दौरान राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन हुआ और स्वदेशी का संकल्प भी लिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को नमन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। लोकभवन में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति ...शेष पृष्ठ 14 पर

इंडोनेशिया की मस्जिद में धमाके, 55 घायल

जकार्ता। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक हाई स्कूल की मस्जिद में कई विस्फोट हुए जिसमें कम से कम 55 लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर छात्र थे।

पुलिस ने इन अटकलों को खारिज करने की कोशिश की कि ये विस्फोट आतंकवादी हमला थे और कहा कि वे जांच कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय टेलीविजन स्टेशनों को बताया कि उन्होंने दोपहर के आसपास कम से कम दो जोरदार धमाके सुने, ठीक उसी समय जब जकार्ता के उत्तरी केलापा गाडिंग इलाके में नौसेना परिसर के अंदर स्थित सरकारी हाई स्कूल, एसएमए 27 स्थित मस्जिद में धर्मोपदेश शुरू हुआ था। मस्जिद में धुआं भर जाने से छात्र और अन्य लोग दहशत में बाहर भागे। जकार्ता पुलिस प्रमुख असेप एडी सुहेरी के अनुसार ज्यादातर लोगों को कांच के टुकड़ों से मामूली से लेकर गंभीर चोटें आईं। विस्फोटों का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस प्रमुख ने बताया कि लोगों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। कुछ को तुरंत घर भेज दिया गया, लेकिन 20 छात्र अभी भी अस्पताल में हैं, जिनमें से तीन गंभीर ...शेष पृष्ठ 14 पर

भारत ने पाकिस्तान को सुनायी खरी-खरी

गुप्त और अवैध परमाणु गतिविधियां पाक की कूटनीति का हिस्सा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान द्वारा परमाणु हथियारों का परीक्षण किये जाने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों का संज्ञान लिया और शुक्रवार को कहा कि इस्लामाबाद की गुप्त परमाणु गतिविधियां दशकों से तस्करी, निर्यात नियंत्रण से जुड़े उल्लंघनों और गुप्त साझेदारियों पर आधारित रही हैं।

पिछले हफ्ते ट्रंप ने पाकिस्तान का नाम परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे देशों में शामिल किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह बात तीन दशकों से भी अधिक समय बाद अमेरिका की ओर से अपने परमाणु आयुध का परीक्षण फिर से शुरू किये जाने संबंधी ट्रंप प्रशासन की योजना को सही ठहराने के लिए कही थी। विदेश मंत्रालय ने ट्रंप की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान पाकिस्तान के परमाणु प्रसार के साथ-साथ पाकिस्तान के परमाणु बम के जनक ए.क्यू. खान की गतिविधियों की ओर आकर्षित किया है, जिनकी 2021 में मृत्यु हो गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, गुप्त और अवैध परमाणु गतिविधियां पाकिस्तान के इतिहास के अनुरूप हैं, जो दशकों से चल रही तस्करी, निर्यात नियंत्रण से जुड़े उल्लंघनों और गुप्त साझेदारियों पर आधारित हैं। जायसवाल ने कहा, भारत ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान पाकिस्तान के रिकॉर्ड के इन पहलुओं की ओर आकर्षित किया है। उन्होंने कहा इस पृष्ठभूमि में, हमने पाकिस्तान के परमाणु परीक्षण के बारे में राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणी पर गौर किया है। खान को परमाणु और मिसाइल तकनीकों की आपूर्ति के लिए एक अंतरराष्ट्रीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में 12 दिसंबर को सुनवाई

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में शुक्रवार को सुनवाई के बाद अगली तिथि 12 दिसंबर, 2025 तय की। न्यायमूर्ति अविनाश सक्सेना ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद अगली तिथि तय की। चूंकि, इस मामले की पूर्व में सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र अब इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में बैठ रहे हैं, इस मामले को न्यायमूर्ति सक्सेना के लिए नामित कर दिया गया है। न्यायमूर्ति अविनाश सक्सेना ने शुक्रवार को दस्तावेजों का सत्यापन किया और दोनों पक्षों के वकीलों को लंबित आवेदनों पर अपने जवाब दाखिल करने को कहा। साथ ही उन्होंने उन ...शेष पृष्ठ 14 पर

किसानों का परिश्रम व त्याग ही हमारी सच्ची पूंजी

माटी से जुडाव ही हमें कर्म और कर्तव्य का कराता है बोध : धामी

प्रमुख संवाददाता

पन्तनगर (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के रजत जयंती उत्सव के अवसर पर पंतनगर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में वृहद कृषक सम्मेलन का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में कृषि, उद्यान, दुग्ध, मत्स्य, सहकारिता के प्रगतिशील कृषक व लखपति दीदीयों को मुख्यमंत्री द्वारा प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आये सभी किसानों को उत्तराखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि किसान भाईयों का परिश्रम और त्याग ही हमारी सच्ची पूंजी है और उनका पसीना हमारी ताकत है। उन्होंने उत्तराखंड निर्माण के सपने को साकार करने में अपना योगदान देने वाले और बीते 25 वर्षों में राज्य को आत्मनिर्भर बनाने में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले किसानो को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन केवल कृषि संबंधी योजनाओं की चर्चा हेतु एक आम कार्यक्रम नहीं है, बल्कि उत्तराखंड के हमारे सभी किसान भाईयों और उनके परिवारों के ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	30.06 डिसे.
न्यूनतम	:	19.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- ❍ यूपी नेडा पीएम सूर्य घर योजना में देश में अव्वल (पृष्ठ-02)
- ❍ वंदे मातरम राष्ट्र की नवचेतना का गान है : धर्मपाल (पृष्ठ-02)
- ❍ त्योहारी सीजन में वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज (पृष्ठ-14)
- ❍ रुपया तीन पैसे टूटकर 88.66 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- ❍ देश का विदेशी मुद्रा भंडार 689.73 अरब डॉलर (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — आतंकवाद निरोधक दस्ते ने आतंकी बिलाल खान को नौ दिनों की रिमांड पर लेकर नए सिरे से की थी पूछताछ

पाकिस्तानी हैंडलर बिलाल ने कबूले कई अहम राज

विशेष संवाददाता

लखनऊ। आतंकी संगठन अलकायदा इन इंडियन सब-कांटीनेंट (एक्यूआईएस) के इशारे पर सहारनपुर का बिलाल खान हमले की साजिश रच रहा था। प्रदेश में हिंसात्मक घटनाएं कराने के लिए वह कई पाकिस्तानियों के भी सीधे संपर्क में था। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने बिलाल खान को नौ दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर नए सिरे से पूछताछ शुरू की है।

एटीएस ने बिलाल खान को सहारनपुर के ग्राम पापरी, तीतरों नकुड़ को 15 सितंबर को मेरठ से गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने उसकी गिरफ्तारी को गोपनीय रखा था और उसके नेटवर्क को खंगाला जा रहा था। एटीएस अधिकारियों के अनुसार आरोपित बिलाल के मोबाइल फोन की फारेंसिक जांच भी कराई थी। डाटा एनालिसिस में सामने आया कि बिलाल लगभग चार हजार पाकिस्तानी नंबरों से जुड़ा था। वह एक्यूआइएस के पाकिस्तान में बैठे हैंडलरों के लगातार संपर्क में था और आतंकी गतिविधियों में लिप्त था। आतंकी संगठन अलकायदा के संस्थापक ओसामा बिन लादेन व अयमान अल जवाहिरी ने मूलरूप से संभल के निवासी आसिम उमर संभली को एक्यूआइएस के भारतीय उपमहाद्वीप का पहला चीफ नियुक्त किया था। बिलाल एक्यूआइएस के चीफ आसिम उमर संभली से बहुत प्रभावित था और उसके हिंसात्मक जिहादी विचारों का इंटरनेट मीडिया के माध्यम से प्रसार कर रहा था। बिलाल आतंकी मंसूबों को पूरा करने के लिये पाकिस्तानियों से जुड़कर इंटरनेट मीडिया पर कई देश विरोधी ग्रुपों ...शेष पृष्ठ 14 पर

जैश के समर्थन में पोस्टर लगाने वाला डॉक्टर गिरफ्तार

सहारनपुर (उप्र)। जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में आतंकवादी संगठन जैश-ए- मोहम्मद के समर्थन में पोस्टर लगाने के आरोप में सहारनपुर के एक निजी अस्पताल में कार्यरत एक डाक्टर को गिरफ्तार किया गया है। उसे ट्रांजिट रिमांड पर श्रीनगर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। सहारनपुर के अपर पुलिस अधीक्षक (नगर क्षेत्र) व्योम बिंदल ने शुक्रवार को बताया कि जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के रहने वाले और सहारनपुर में एक निजी अस्पताल में काम कर रहे डाक्टर आदिल अहमद को श्रीनगर पुलिस बृहस्पतिवार को गिरफ्तार करके ले गई है। अहमद वहां दर्ज एक मुकदमे में वांछित था। उन्होंने बताया कि सहारनपुर जिले के कई निजी नर्सिंग होम और अस्पतालों में जम्मू-कश्मीर ...शेष पृष्ठ 14 पर

उत्तर प्रदेश में बनेंगे सात नये एक्सप्रेस-वे : नंदी

जिला संवाददाता

आगरा। प्रदेश में सात नए एक्सप्रेस-वे बनाए जाएंगे। उद्यमियों की विभागों की एनओसी समेत तमाम समस्याओं को दूर करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम एक्ट भी बनाया जा रहा है। इससे उद्यम लगाना और कारोबार करना आसान हो जाएगा। देश और प्रदेश की तरक्की के लिए डबल इंजन की सरकार पूरी ताकत से कार्य कर रही है। ये बातें आगरा फुटवियर मैन्युफैक्चरिंग एंड एक्सपोर्टर्स चैंबर (एफमेक) के सींगना स्थित आगरा ट्रेड सेंटर में मीट एट आगरा का शुभारंभ करते हुए औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहीं।

❍ गुजरात की तर्ज पर यूपी में लागू होगा सिंगल विंडो सिस्टम एक्ट

उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समय मांगा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि औद्योगिक विकास मंत्री ने कहा कि पूरे देश के एक्सप्रेस-वे में 37.7 फीसदी उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी है। आने वाले वर्षों में इसे 50 फीसदी करने का लक्ष्य है। इसके लिए सात नए एक्सप्रेस-वे बनने जा रहे हैं। इनके आसपास निवेशकों को सस्ती दर पर जमीन और संसाधन उपलब्ध कराएंगे। इससे प्रदेश में निवेश और युवाओं के लिए रोजगार ...शेष पृष्ठ 14 पर

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में लक्ष्य पूरा कर जौनपुर ने मारी बाजी

पूरे प्रदेश में योजना का लाभ देने में आजमगढ़ दूसरे तो अंबेडकरनगर ने प्राप्त किया तीसरा स्थान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में लगातार आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इसी के तहत सीएम योगी प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहे हैं। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री

- **पूरे प्रदेश में लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत 2,256 युवाओं को लोन वितरित कर जौनपुर रहा अव्वल**
- **वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के 7 माह में ढाई लाख से अधिक युवाओं ने किया आवेदन**
- **7 माह में प्रदेश भर के 71 हजार से अधिक युवाओं को वितरित किया गया लोन**
- **आजमगढ़ में वर्कशाप के जरिये युवाओं को योजना का दिया जा रहा लाभ, लगातार कराई जा रही बैंकर्स और आवेदकों की काउंसिलिंग**

युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बन गयी है। इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के 7 माह में अब तक प्रदेश भर में ढाई लाख से अधिक आवेदन आ चुके हैं, जबकि योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 लाख 50 हजार लोन वितरित का लक्ष्य रखा है। इन आंकड़ों से साफ है कि सीएम योगी की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को अपनी आकर्षित कर रही है और वह इससे जुड़कर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। वहीं योजना का लाभ शत प्रतिशत देने में पूरे उत्तर प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी है जबकि दूसरे स्थान पर आजमगढ़ और तीसरे स्थान पर अंबेडकरनगर है।

पूरे देश में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ही है, जो प्रदेश के युवाओं को सिर्फ रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर नहीं दे रही है बल्कि उन्हे एक मजबूत उद्यमी बनने के लिए सक्षम बना रही है। इसी का असर है कि प्रदेश के युवा न केवल अपने व्यवसाय को बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि समाज के लिए भी एक सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। इस योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 लाख 50 हजार लक्ष्य के सापेक्ष 7 माह में पूरे प्रदेश से

2,76,824 युवा लोन के लिए आवेदन कर चुके हैं, जबकि 2,26,511 आवेदनों को बैंक को फॉरवर्ड कर दिया गया है। इनमें से 73,191 आवेदनों को बैंक ने लोन देने की स्वीकृति दे दी है, जबकि 71,918 युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन वितरित किया जा चुका है।

शत प्रतिशत 2,256 युवाओं को किया लोन वितरित : मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का शत प्रतिशत लाभ देने में पूरे प्रदेश में जौनपुर ने आवेदकों को लोन वितरित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जौनपुर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप जिले में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को स्वरोजगार के लिए बैंकों से संपर्क कर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिले को अभियान के तहत 2,250 युवाओं को लोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया है। इसके सापेक्ष 7 माह में 6,664 आवेदन प्राप्त हुए, जिसके सापेक्ष 5,410 आवेदनों को बैंक को भेज दिया गया है। इनमें से 2,256 आवेदकों को लोन वितरित किया जा चुका है। ऐसे में लक्ष्य के सापेक्ष इसका रेश्यो 100.27 प्रतिशत है। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में जौनपुर ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के महज 7 माह में लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा किया है। इसी के साथ पूरे प्रदेश में शत प्रतिशत युवाओं को लोन वितरित करने में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस सफलता में अग्रणी जिला प्रबंधक अभय प्रकाश श्रीवास्तव का अहम योगदान है।

आजमगढ़ जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जिले के अधिक से अधिक युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का लाभ देने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ देने में अप्रैल-25 से पहले जिला 25 वें स्थान पर था। वहीं अप्रैल के बाद योजना का लाभ हर जरूरतमंद युवाओं को देने के लिए लगातार ब्लॉक स्तर पर वर्कशाप आयोजित की जा रही है। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में बैंकर्स और आवेदकों के आमने-सामने काउंसिलिंग करायी जा रही है। यही वजह है कि पिछले कई माह से आजमगढ़ योजना का लाभ देने में पूरे प्रदेश में लगातार दूसरे स्थान पर बना हुआ है। जिलाधिकारी ने बताया कि अक्टूबर माह में भी योजना का लाभ देने में पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि आजमगढ़ को वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2,250 का लक्ष्य दिया गया, जिसके सापेक्ष 7 माह में 5,748 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 4,775 आवेदनों को बैंक को भेजा गया, जिसमें से 2,085 को लोन वितरित किया जा चुका है। इसका रेश्यो 92.67 प्रतिशत है।

अंबेडकरनगर, कौशांबी, हरदोई, झांसी और रायबरेली का भी रहा शानदार प्रदर्शन : अंबेडकरनगर जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चला कर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का लाभ दिया जा रहा है। ऐसे में अधिक से अधिक युवाओं को योजना का लाभ देने के लिए हर माह बैंकों से साथ बैठक की जा रही है ताकि योजना से संबंधी को कोई समस्या आने पर उसे तत्काल दुरूस्त किया जा सके। यही वजह है कि पूरे प्रदेश में योजना का लाभ देने में अंबेडकरनगर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। अंबेडकरनगर को वर्तमान वित्तीय वर्ष में 1,900 का लक्ष्य दिया गया, जिसके सापेक्ष 7 माह में 5,021 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 4,176 आवेदनों को बैंक को भेजा गया, जिसमें से 1,485 आवेदकों को लोन वितरित किया जा चुका है। इसके अलावा कौशांबी ने चौथा और हरदोई ने प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही योजना का लाभ देने में झांसी, रायबरेली और बहराइच का भी प्रदर्शन शानदार रहा।

भाजपा, आरएसएस व कल्बे जावाद नकवी को अपमानित करने के आरोपित पूर्व मंत्री आजम खान बरी

विधि संवाददाता

लखनऊ। एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने सरकारी लेटर पैड एवं मोहर का गलत इस्तेमाल कर वैमनस्यता फैलाने और भाजपा, आरएसएस एवं मौलाना सैयद कल्बे जावाद नकवी को अपमानित करने के मामले में आरोपी पूर्व मंत्री आजम खान को विधिक बिंदुओं एवं साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

विशेष अदालत ने आजम खान को बरी करते हुए अपने विस्तृत निर्णय में कहा है कि बचाव पक्ष का यह कथन स्वीकार करने योग्य है की घटना वर्ष 2014 की बताई जाती है परंतु इस घटना को लेकर वादी अल्लामा अमीर नकवी द्वारा वर्ष 2019 में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उन्होंने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 468 की व्याख्या करते हुए कहा है कि यह मामला काल बाधित भी हो चुका है। अदालत ने बचाव पक्ष के इस कथन को भी स्वीकार किया है कि यह रिपोर्ट मौलाना कलवे भी जव्वाद की ओर से वादी अल्लामा अमीर नकवी द्वारा लिखाई गई है परंतु अल्लामा अमीर नकवी न तो पीड़ित पक्ष है और न ही उन्हें रिपोर्ट दर्ज कराने का कोई विधिक अधिकार था। अदालत में वादी अल्लामा अमीर नकवी ने अपनी जिरह के दौरान स्वीकार किया है कि उसकी इस प्रकरण में कोई मानहानि नहीं हुई है। अदालत ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 199 की व्याख्या करते हुए कहा है कि प्रावधानों के अनुसार कोई पीड़ित व्यक्ति ही परिवाद दाखिल कर सकता है अन्यथा ऐसा परिवाद तभी दूसरा व्यक्ति दाखिल करेगा जबकि संबंधित व्यक्ति पागल हो अथवा उसकी आयु 18 वर्ष से कम हो। अदालत ने अपने निर्णय में यह भी कहा है कि कथित प्रेस रिलीज को वादी द्वारा विवेचक को दिया जाना कहा गया है परंतु वह प्रेस विज्ञप्ति ना तो पत्रावली पर है और न ही उसका केस डायरी में कोई हवाला है। अदालत ने अपने निर्णय में स्पष्ट कहा है कि सभी बिंदुओं पर गौर करने के पश्चात न्यायालय इस मत का है कि आरोपी आजम खान के विरुद्ध लगाए गए आरोप सिद्ध नहीं पाए जाते हैं तथा वह आरोपों से बरी किए जाने योग्य है पत्रावली के अनुसार आजम खान के खिलाफ इस मामले की रिपोर्ट हजरतगंज थाने में 1 फरवरी 2019 वादी अल्लामा जमीर नकवी ने दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया है कि घटना वर्ष 2014 की है लेकिन सरकार के प्रभाव के चलते वादी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई जिसपर वादी ने अल्पसंख्यक आयोग को शिकायत भेज कर आरोप लगाया कि आजम खान सरकारी लेटर हेड एवं सरकारी मोहर का दुरुपयोग करके भाजपा, आरएसएस एवं मौलाना सैयद कल्बे जावाद नकवी को बदनाम कर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि धूमिल करके प्रतिष्ठा को घोर आघात पहुंचा रहे हैं।

सतत वृद्धि करने वाले समूहों को करें प्रोत्साहित :मुख्य सचिव

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में लखपति महिला कार्यक्रम की द्वितीय राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में लखपति महिला कार्यक्रम की द्वितीय राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आज आयोजित की गई। बैठक में

- **लखपति दीदी कार्यक्रम महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम**
- **सभी संबंधित विभागें अपनी योजनाओं में समूह की महिलाओं को दें प्राथमिकता**

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को गति देने तथा स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से स्थायी आय सृजन पर विस्तृत चर्चा हुई।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि लखपति दीदी कार्यक्रम महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी संबंधित विभागों द्वारा अपनी योजनाओं में समूह की महिलाओं को प्राथमिकता दी जाए, ताकि वे स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्रतिवर्ष एक लाख रुपये से अधिक की स्थायी आय अर्जित कर सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे समूहों की पहचान की जाए, जो अपनी आजीविका में सतत वृद्धि कर रही हैं, उन्हें प्रोत्साहित किया जाए और उनके उत्पादों की बेहतर ब्रांडिंग की दिशा में कदम उठाए जाएं। मिशन द्वारा सभी विभागों से समन्वय कर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास सुनिश्चित किए जाएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा सौर ऊर्जा संचालित फूड प्रोसेसिंग यूनिट जैसे सोलर आटा चक्की, मसाला पीसने की मशीन, ड्रायर, डीप फ्रीजर आदि का वितरण किया जाए। प्रदेश के सभी हवाई अड्डों पर स्वयं सहायता समूहों के बिक्री केन्द्र स्थापित किए जाएं। टीबी मरीजों को एसएचजी द्वारा तैयार पोषण पोटली का वितरण सुनिश्चित किया जाए। अस्पताल, प्रमुख पर्यटन स्थल, पुलिस लाइन, आईटीआई, राजकीय पॉलीटेक्निक, चीनी मिलें, बस अड्डे आदि स्थानों पर प्रेरणा कैंटीन संचालित करने हेतु उपयुक्त स्थान आवंटित किए जाएं। राशन की दुकानों पर भी एसएचजी उत्पादों के लिए स्थान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने पंचायती राज विभाग को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइट की स्थापना, संचालन, मरम्मत एवं रखरखाव में सूर्य सखियों को वरीयता दी जाए।

यूपीनेडा द्वारा पीएम कुसुम योजना के तहत महिला किसानों को अनुदान पर सिंचाई सोलर पंप वितरित किए जाएं। स्कूल ड्रेस की सिलाई तथा मिड-डे-मील हेतु मसाले एवं खाद्य तेल का क्रय भी समूहों द्वारा किया जाए। बैठक में मिशन निदेशक यूपीएसआरएलएम दीपा रंजन ने बताया कि प्रदेश में 35.94 लाख महिलाओं का चिन्हांकन किया गया, जिनमें से 29.68 लाख महिलाओं का डिजिटल आजीविका रजिस्टर में आय विवरण दर्ज है। वर्तमान में 18.55 लाख लखपति दीदियाँ बन चुकी हैं। नमो ड्रोन दीदी परियोजना के तहत वर्ष 2024-25 में 114 समूह सदस्य ड्रोन दीदी बनीं। वर्ष 2025-26 के लिए 2283 ड्रोन दीदियों के लक्ष्य के सापेक्ष 493 का चयन हो चुका है। 20 लाख एसएचजी सदस्य पशुपालन कार्य कर रही हैं। पशुपालन विभाग के सहयोग से 41 मास्टर ट्रेनर विकसित किए गए। 7044 एसएचजी सदस्यों को खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों हेतु 18.68 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। वाराणसी एवं अयोध्या हवाई अड्डों पर एसएचजी उत्पादों के बिक्री केन्द्र संचालित हैं। प्रदेश में संचालित 2000 में से 845 प्रेरणा कैंटीन सीएचसी/पीएचसी केन्द्रों पर चल रही हैं। बैठक में अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एल.वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव सहकारिता सौरभ बाबू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने वेक्टर एक्स के साथ किया एमओयू

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) ने देशभर में आयोजित की जाने वाली स्कूली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेल उपकरणों की गुणवत्ता और मानकीकरण को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वेक्टर एक्स (सॉकर इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड) के साथ रणनीतिक साझेदारी की है।

यह समझौता शुक्रवार को निजी होटल लखनऊ में एसजीएफआई के अध्यक्ष दीपक कुमार तथा सॉकर इंटरनेशनल प्रा.लि. के प्रबंध निदेशक विकास गुप्ता के मध्य संपन्न हुआ। समझौते के तहत वेक्टर एक्स अब एसजीएफआई द्वारा आयोजित सभी राष्ट्रीय स्कूली प्रतियोगिताओं में सीएसआर के अंतर्गत फुटबॉल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल और बास्केटबॉल के लिए उपकरण और बॉल निःशुल्क प्रदान करेगा, जबकि डनलप टेनिस और स्क्वैश में बॉल पार्टनर के रूप में कार्य करेगा। यह समझौता प्रारंभिक रूप से दो वर्षों के लिए किया गया है, जिसे भविष्य में आपसी सहमति से बढ़ाया जा सकेगा।

इस अवसर पर एसजीएफआई अध्यक्ष/कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार ने कहा कि प्रतिवर्ष स्कूल गेम्स

- **राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं में वेक्टर एक्स नि:शुल्क उपलब्ध करायेगा फुटबॉल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल और बास्केटबॉल उपकरण**

फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों एवं इकाइयों से लगभग 60,000 से अधिक शीर्ष खिलाड़ी तीनों आयु वर्गों अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 में 44 खेलों की 256 से अधिक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। हमारा उद्देश्य वेक्टर एक्स के सहयोग से भारत के स्कूली एथलीटों को विश्वस्तरीय अनुभव एवं उपकरण उपलब्ध कराना है, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश में 07 राष्ट्रीय स्कूली प्रतियोगिताएं विभिन्न शहरों में आयोजित की जा रही हैं, जिनकी उच्च स्तरीय व्यवस्थाएं, खिलाड़ियों के ठहरने के लिए होटल तथा खेल मैदानों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि जनवरी 2023 से उनके नेतृत्व में एसजीएफआई ने कार्यसंस्कृति में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। कभी प्रशासनिक और वित्तीय कुप्रबंधन से जूझ रही संस्था अब भारत सरकार, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा एक पारदर्शी, डिजिटल और एथलीट-केंद्रित महासंघ के रूप में मान्यता प्राप्त कर चुकी है। एसजीएफआई ने देश का पहला फेडरेशन बनकर 7 माह में 2011 से अब तक के 5 लाख से अधिक प्रमाणपत्र डीजी लॉकर पर अपलोड किए हैं, जिससे खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र ऑनलाइन और सुरक्षित रूप से उपलब्ध हो सकें। अब भविष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रमाणपत्र सात दिनों के भीतर डीजी लॉकर पर उपलब्ध होंगे।

वंदे मातरम राष्ट्र की नवचेतना का गान है : धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के साथ प्रदेश भाजपा

- **भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में हुआ वंदे मातरम का सामूहिक गान**

मुख्यालय में बड़ी संख्या में जनसमूह ने जन-जन के मन को राष्ट्र प्रेम से अभिसिंचित करने वाले महामंत्र वंदे मातरम का सामूहिक गायन करते हुए मां भारती को नमन किया। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम राष्ट्र की नवचेतना का गान है और मां भारती के लिए सर्वस्व समर्पण का प्रेरक महामंत्र है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी ने वंदे मातरम् की 150 वर्ष की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरक यात्रा को साझा किया। प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन किया।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम 150 वर्ष से राष्ट्रभक्ति का प्रेरणापुंज बनकर मां भारती की आराधना के लिए भारतीयों को प्रेरित कर रहा है। वंदे मातरम ब्रिटिश शासन के विरूद्ध प्रतिरोध की पहचान बना और देश के युवा, किसान, मजदूर, कामगार, महिलाओं, छात्रों, उद्यमियों और

व्यापारियों को स्वतंत्रता के लिए प्रेरित करने का काम किया। वंदे मातरम गाकर क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे चूम लिए। वंदे मातरम स्वतंत्रता का उद्घोष बना और अंग्रेजी सरकार ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया।

उन्होंने कहा कि वंदे मातरम भारत माता के प्रति समर्पण, श्रद्धा तथा प्रेम का प्रतीक है। 150 वर्ष की यात्रा में कई बार वंदे मातरम का विरोध भी हुआ। कांग्रेस के अधिवेशन में वंदे मातरम गान को यह कहते हुए रोका गया कि इस्लाम में संगीत वर्जित है। मुस्लिम लीग के नेताओं को खुश करने के लिए कांग्रेस कार्यसमिति ने 1937 में अधिवेशन में वंदे मातरम को बदलने के लिए प्रस्ताव पारित किया। बाद में कांग्रेस के कई नेताओं ने वंदे मातरम पर आपत्ति जताई। देश की कई विधानसभाओं में विशेषकर कांग्रेस शासित राज्यों में वंदे मातरम गायन नहीं होता है।

तमाम विरोधों के बावजूद वंदे मातरम् स्वतंत्रता, स्वाभिमान तथा स्वदेशी का नारा बना और राष्ट्रवाद की ऊर्जा के संचार का माध्यम बना। आज वंदे मातरम राष्ट्र प्रेम का महामंत्र है, हमारे जीवन का प्राण है, एकता का प्रतीक है, सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। वंदे मातरम एक गीत मात्र नही है बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा है। वंदे मातरम आत्मनिर्भर भारत तथा विकसित भारत निर्माण के लिए हम सभी को प्रेरित करता है।

वंदे मातरम सामूहिक गायन के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह, देवेश कुमार, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता और सुभाष यदुवंश, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सहप्रभारी हिमांशु दुबे, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, सहप्रभारी अतुल अवस्थी व चौधरी लक्ष्मण सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा स्थानीय नागरिक सम्मिलित हुए।

आर्थिक तंगी के कारण शिक्षामित्रों का जीवन बेहाल : कौशल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश मंत्री कौशल कुमार सिंह ने बयान जारी कर कहा कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद में

- **अक्टूबर में 18 शिक्षामित्र अकाल मृत्यु के शिकार**

कार्यरत लगभग 1.46 लाख शिक्षामित्र आज आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।

5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षामित्र को शीघ्र ही मानदेय वृद्धि किए जाने का आश्वासन दिया गया था लेकिन मानदेय वृद्धि कब होगी इसकी कोई भी जानकारी विभाग के पास स्पष्ट नहीं है, जिस कारण आज प्रदेश के शिक्षामित्र आर्थिक तंगी एवं धन अभाव में बीमारी का इलाज नहीं करवा पाने के कारण दिन-प्रतिदिन काल के गाल में समा रहे हैं उत्तर प्रदेश में विगत अक्टूबर माह में ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में 18 शिक्षामित्र इन्हीं कारणों से असमय अकाल मृत्यु के शिकार हो गए एवं 25 जुलाई 2017 को समायोजन निरस्त होने से आज तक हजारों की संख्या में शिक्षामित्र की आर्थिक तंगी से जूझते हुए मृत्यु हो चुकी है उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री से मांग करता है कि शिक्षामित्रों की पीड़ा को समझते हुए न्यायसंगत अति शीघ्र मानदेय वृद्धि करें।

पोल्ट्री एंड एनिमल हेल्थ एक्सपो का भव्य शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पोल्ट्री एंड एनिमल हेल्थ एक्सपो का भव्य शुभारंभ आज यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रारम्भ हुआ। यह दो दिवसीय कार्यक्रम 7 नवम्बर से 8

- **एक्सपो में पोल्ट्री एवं पशुपालन क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों उद्यमी, विशेषज्ञ, कंपनियाँ और किसान भाग ले रहे**

नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पोल्ट्री एवं पशुपालन क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों उद्यमी, विशेषज्ञ, कंपनियाँ और किसान भाग ले रहे हैं।

एक्सपो में देश-विदेश की कई प्रसिद्ध कंपनियों के स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें पशुपालन क्षेत्र से जुड़ी नवीनतम तकनीकें, उपकरण, फीड, औषधियाँ, टीकाकरण समाधान, और पोल्ट्री उत्पादन से जुड़ी अत्याधुनिक सेवाएँ प्रदर्शित की गई हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों एवं उद्योग जगत के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राज्य एवं देश के विभिन्न हिस्सों से आए पोल्ट्री, डेयरी और एनिमल हसबैंड्री क्षेत्र के अनेक हितधारक, स्टार्टअप प्रतिनिधि, तकनीकी विशेषज्ञ एवं उद्यमी भी मौजूद रहे। किसानों और युवाओं के लिए यह प्रदर्शनी ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हो रही है। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश पोल्ट्री नीति के बारे में जागरूकता बढ़ाना, उद्यमिता एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देना, पशुपालकों, किसानों और उद्योग जगत के बीच संपर्क, संवाद और सहयोग को प्रोत्साहित करना तथा पशु स्वास्थ्य, जैव-सुरक्षा एवं उत्पादन तकनीकों पर व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराना है।

यूपी नेडा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में देश में अव्वल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (यूपीनेडा) ने राज्य नामित एजेंसी (यूपीएसडीए) के रूप में 6 और 7 नवंबर को होटल लखनऊ में रिन्यूएबल कंजम्पशन ऑब्लिगेशन

- **रिन्यूएबल कंजम्पशन ऑब्लिगेशन (आरसीओ), कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम (सीसीटीएस) और परफॉम एचीव एवं ट्रेड (पैट) एनफोर्समेंट पर दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला**

(आर सी ओ). कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम (सीसीटीएस) और पैट एनफोर्समेंट पर दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया।

इस कार्यशाला में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड जैसे अन्य राज्यों के विभिन्न उद्योगों रेलवे सहित 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सत्र की अध्यक्षता निदेशक, यूपीनेडा ने की, जिन्होंने हाल ही में इंडियन एक्सप्रेस में छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाने में भारत के बढ़ते प्रयासों पर छपे लेख का जिक्र करते हुए स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में हाल के राष्ट्रीय विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह यूपीनेडा द्वारा दो ग्रीन हाइड्रोजन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को सुझाव दिया कि क्षेत्र में स्थायी गतिशीलता को बढ़ावा देने और पर्यावरणीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाराणसी और गोरखपुर के बीच ग्रीन हाइड्रोजन-आधारित ट्रेन चलाई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि 'अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां एनटीपीसी ने 4.5 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र चालू किया है। उन्होंने राष्ट्रीय लक्ष्यों और राज्य के दीर्घकालिक स्थिरता विजन के अनुरूप 35-37 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा हिस्सेदारी हासिल करने के लिए उत्तर प्रदेश के रोडमैप के बारे में विस्तार से बताया और सभी प्रतिभागियों से अपने संगठन में नवीकरणीय ऊर्जा योजनाओं के बारे में अपना अनुभव साझा करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि यूपीनेडा पिछले तीन महीनों से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में भारत में शीर्ष स्थान पर रहा है। सचिव, यूपीनेडा पंकज सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और अभिकरण की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी और सभी प्रतिभागियों को ऊर्जा परिवर्तन यानी ऊर्जा का कुशलतापूर्वक उपयोग करने और नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ने और आरसीओ की आवश्यकता को पूरा करते हुए सीसीटीएस का लाभ उठाने का सुझाव दिया। भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के सचिव मिलिंद देवरे ने प्रधानमंत्री द्वारा घोषित पंचामृत योजना के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा संरक्षण अधिनियम में संशोधन पर प्रकाश डालते हुए मुख्य भाषण दिया। उन्होंने डोमेस्टिक कार्बन मार्केट और एक्ट में आरसीओ को शामिल करने और ऑर्गनाइजेशन के लिए तय टारगेट, और अक्टूबर में आरसीओ ट्रेजेक्टरी के नोटिफिकेशन के बारे में बताया। उन्होंने यह भी बताया कि सीसीटीएस अब 4 सेक्टर के साथ शुरू हो गया है और धीरे-धीरे दूसरे सेक्टर भी इसमें शामिल किए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश में 2047 तक 850 किमी मेट्रो नेटवर्क का लक्ष्य

विशेष संवाददाता (vol)

- लखनऊ, कानपुर और आगरा में 350 किमी लंबा होगा मेट्रो नेटवर्क
- अर्बन मोबिलिटी इंडिया में यूपीएमआरसी का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र
- टियर-2 शहरों में गतिशीलता के विकल्प विषय पर हुई चर्चा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (यूपीएमआरसी) 7 से 9 नवंबर तक गुरुग्राम, हरियाणा में आयोजित अर्बन मोबिलिटी इंडिया (यूएमआई) कॉन्फ्रेंस एण्ड एक्सपो में हिस्सा ले रहा है।

शहरी परिवहन के क्षेत्र में नवाचार, रणनीति और विकास पर चर्चा के इस प्रमुख मंच का उद्घाटन केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किया। उद्घाटन के बाद श्री खट्टर ने यूपीएमआरसी के पवेलियन स्टॉल का दौरा किया, जहां यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने उन्हें लखनऊ, कानपुर और आगरा में मेट्रो नेटवर्क के माध्यम से विकसित की जा रही मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी की योजनाओं एवं उपलब्धियों से अवगत कराया।

श्री खट्टर ने यूपीएमआरसी की ओर से तीनों मेट्रो परियोजनाओं (लखनऊ, कानपुर और आगरा) के कुशल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं ने शहरी सार्वजनिक परिवहन को नई दिशा दी है, जिससे यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और पर्यावरण-अनुकूल यात्रा का लाभ प्राप्त हो रहा है।

यूएमआई कॉन्फ्रेंस के दौरान टियर-2 और टियर-3 शहरों में गतिशीलता के विकल्प सत्र को संबोधित करते हुए यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा, विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के विजन-2047 को साकार करने के लिए यूपीएमआरसी निरंतर प्रतिबद्ध प्रयास कर रहा है।

उत्तर प्रदेश सरकार के विजन डॉक्यूमेंट के अनुसार वर्ष 2047 तक राज्य के सात शहरों में लगभग 850 किमी मेट्रो नेटवर्क विकसित किया जाएगा। इनमें से केवल लखनऊ, कानपुर और आगरा में ही लगभग 350 किमी लंबा मेट्रो नेटवर्क का विस्तार होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कानपुर और आगरा के शेष सेक्शनों पर निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है।

भारत सरकार की ओर से मेट्रो परियोजनाओं को अधिक किफायती एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए लागू की गई ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट पॉलिसी (टीओडी पॉलिसी) से नए व्यावसायिक अवसरों और वित्तीय नवाचारों को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही यूपीएमआरसी शहरों में मल्टीमॉडल और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने की दिशा में भी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है।

यूपीएमआरसी स्टॉल में नवाचार और तकनीक की मिली झलक

यूएमआई एक्सपो में यूपीएमआरसी का स्टॉल दर्शकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बना रहा। यहां कानपुर, लखनऊ और आगरा मेट्रो ट्रेनों के आकर्षक मॉडल्स प्रदर्शित किए गए, जिनसे आगंतुकों को यूपीएमआरसी की विश्वस्तरीय मेट्रो रेल इंफ्रास्ट्रक्चर, तकनीकी नवाचारों और यात्री सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही, स्टॉल पर कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति और मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी प्रयासों को भी प्रदर्शित किया गया।

हैदराबाद से आये अधिकारी प्रशिक्षकों ने समझी लखनऊ की सीवेज ट्रीटमेंट प्रणाली

लखनऊ। मर्री चेन्ना रेड्डी मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण संस्थान, हैदराबाद से आए अधिकारी प्रशिक्षकों (ओटी) ने विशेष फाउंडेशन पाठ्यक्रम के तहत शुक्रवार को लखनऊ के 345 एमएलडी भरवारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का दौरा किया। इस अध्ययन दौरे का उद्देश्य शहरी जल प्रबंधन प्रणाली और सीवेज ट्रीटमेंट की हाईटेक कार्यप्रणाली को नजदीक से समझना था। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्लांट की विभिन्न इकाइयों का अवलोकन किया और सीवेज शोधन की आधुनिक तकनीक की जानकारी प्राप्त की। सुएज (वन सिटी वन ऑपरेटर) की तकनीकी टीम ने जल गुणवत्ता से जुड़ी बारीक प्रक्रियाओं और प्लांट के संचालन तंत्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी। फॉरेस्ट अधिकारी युवराज सिंह ढींगरा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, यह मेरा पहला दौरा था किसी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का।

लामार्टीनियर कॉलेज से जी-20 रोड तक बनेगा फ्लाईओवर

एलडीए ने जारी किया गया परियोजना का टेंडर

विशेष संवाददाता (vol)



- ग्रीन कॉरिडोर के तहत 315 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा यह 4-लेन फ्लाईओवर
- 1090 चौराहे से इकाना स्टेडियम, एयरपोर्ट व अयोध्या रोड की होगी सीधी कनेक्टिविटी

लखनऊ। हजरतगंज से शहीद पथ जाना अब और भी आसान होगा। इसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण लामार्टीनियर कॉलेज से जी-20 रोड तक 2300 मीटर लंबा फ्लाईओवर बनाएगा। ग्रीन कॉरिडोर के तहत लगभग 315 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस फ्लाईओवर के लिए एलडीए ने टेंडर जारी कर दिया है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लखनऊ की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्राधिकरण की ओर से ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है। परियोजना के प्रथम चरण में आईआईएम रोड से पक्का पुल तक बंधा चौड़ीकरण, 4-लेन सड़क निर्माण तथा फ्लाईओवर का निर्माण कराया जा चुका है। वहीं, दूसरे चरण में पक्का पुल से समतामूलक चौराहे तक बंधा चौड़ीकरण, सड़क निर्माण, फ्लाईओवर कम आरओबी आदि का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें से अधिकांश कार्य अपने अंतिम चरण में है। इस क्रम में गोमती नदी के दायें किनारे पर लामार्टीनियर कॉलेज से आर्मी लैंड होते हुए जी-20 रोड तक लगभग 2300 मीटर लंबे फ्लाईओवर कम आरओबी (रेल ओवरब्रिज) का निर्माण कराया जाएगा। इस 4-लेन फ्लाईओवर के निर्माण में लगभग 315 करोड़ रुपए खर्च होंगे। उपाध्यक्ष ने बताया कि फ्लाईओवर के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। लगभग दो साल में यह बनकर तैयार हो जाएगा और शहरवासी इसका लाभ उठा सकेंगे।

इस तरह आसान होगा सफर : पीआईयू (प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन यूनिट) के प्रभारी एके सिंह सेंगर ने बताया कि यह फ्लाईओवर लामार्टीनियर कॉलेज के पास से शुरू होगा, जोकि पिपराघाट रेलवे लाइन एवं ब्रिज के ऊपर से होते हुए जी-20 रोड से कनेक्ट होगा। इसके बनने से 1090 चौराहा, कालीदास मार्ग, विक्रमादित्य मार्ग आदि जगहों से शहीद पथ, इकाना स्टेडियम, पुलिस मुख्यालय, एयरपोर्ट व अयोध्या रोड की ओर जाने के लिए सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी।

गोमती नदी पर बनेगा 250 मीटर लंबा ब्रिज : ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के तहत गोमती नदी पर लगभग 250 मीटर लंबा ब्रिज भी बनाया जाएगा। यह ब्रिज नदी के दायें किनारे पर स्थित आर्मी लैंड पर बनने वाली बंधा रोड से जी-20 रोड को जोड़ेगा। लगभग 60 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किये जाने वाले इस ब्रिज के लिए टेंडर किया गया है। इसे लगभग 01 वर्ष में तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

गोमती नगर, बिजनौर व आशियाना में 18 अवैध निर्माण सील

लखनऊ। शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एलडीए ने शुक्रवार को भी बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान गोमती नगर, बिजनौर व आशियाना में कुल 18 अवैध निर्माण सील किये गये। जिसमें आवासीय क्षेत्र में अवैध तरीके से संचालित मोटर गैराज, कार वर्कशॉप, निमार्णाधीन व्यावसायिक कॉम्पलेक्स, गोदाम व बहुमंजिला भवन शामिल हैं। वहीं, मोहनलालगंज में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में चल रही अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया।

प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि गोमती नगर व गोमती नगर विस्तार में अवैध तरीके से संचालित मोटर गैराज एवं कार वर्कशॉप के खिलाफ पूर्व में कार्रवाई की गयी थी। इनमें से कुछ जगहों पर फिर से व्यावसायिक गतिविधियां शुरू हो गयी थीं। ऐसे 06 अवैध मोटर गैराज को शुक्रवार को अभियान चलाकर पुनः सील किया गया। इसी तरह गोमती नगर के विराज खण्ड, विनीत खण्ड और गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 एवं 4 में 04 अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किये गये। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी विराग करवरिया ने बताया कि बिजनौर थानाक्षेत्र में आउटर रिंग रोड के पास ठकुराइनखेड़ा, बलवंतखेड़ा में अवैध रूप से बन रहे 05 व्यावसायिक निर्माण सील किये गये।

समाधान दिवस में अफसरों के नहीं पहुंचने पर मेयर भड़की

अपर नगर आयुक्त और जोनल अधिकारी नहीं पहुंचे

लखनऊ। नगर निगम मुख्यालय में शुक्रवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने लोगों की समस्याओं को सुनना शुरू किया मगर मौके पर बड़े अधिकारी ही नहीं पहुंचे। इस वजह से गृहकर, जलकर, सफाई, सड़क, सीवर, स्ट्रीट लाइट और कूड़ा उठाने जैसी शिकायतों का निस्तारण नहीं हो सका।

संपूर्ण समाधान दिवस में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, नम्रता सिंह और डॉ. अरविंद कुमार राव नहीं पहुंचे। जोन 5 जोनल अधिकारी विनीत सिंह, जोन 7 जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद, जोन 8 जोनल अधिकारी विकास सिंह नहीं पहुंचे। मेयर के पहुंचने पर अपर नगर आयुक्त ललित कुमार चले गए। इस पर मेयर ने नाराजगी जताई। उन्होंने पूछा अपर नगर आयुक्त कहां हैं? जोनल 8 विकास सिंह के मौजूद नहीं होने पर एक कर्मचारी ने कहा कि वह वीवीआईपी ड्यूटी में गए हैं। इस पर मेयर ने कहा कि यह लोग वीआईपी नहीं हैं। उन्होंने पूछा कौन सा वीवीआईपी मूवमेंट है। सीएम सहित कोई वीआईपी शहर में नहीं है। उन्होंने कहा जब तक आज सभी व्यक्ति संतुष्ट होकर नहीं जाते हैं, तब तक किसी अधिकारी को यहां से बाहर नहीं जाना है। मेयर ने कहा कि अगले शुक्रवार को हमें आज जो शिकायतें आई हैं, उन सभी के कागज चाहिए। उनका समाधान हुआ है कि नहीं। लोग भी मेरे पास अगले शुक्रवार को आ सकते हैं। उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

असेसमेंट गलत होने पर नाराजगी जताई : समाधान दिवस में जोन 6 से ओम प्रकाश गुप्ता शिकायत करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि 4017 रुपए टैक्स जमा किया। बावजूद इसके 25147 रुपए टैक्स इस बार आ गया। उन्होंने कहा कि गलत ढंग से टैक्स लगाया गया है। इस पर मेयर सुषमा खर्कवाल अधिकारियों पर भड़क गईं। मेयर ने कहा कि सभी जोनल अधिकारी और अफसर सुन लें। आप सभी अधिकारी और कर्मचारी जनता के नौकर हैं। हमारा काम जनता को सुविधा देना है। जानकीपुरम चौकी से रात 12:45 पर मेरे पास फोन आया कि कुत्ता हटाओ। मैंने डॉक्टर अभिनव वर्मा को फोन किया। तब रात 1:00 बजे कुत्ता हटा है। हमें अपने काम के प्रति ईमानदारी से काम करना होगा। हमने कह रखा है कि 2022 से टैक्स का असेसमेंट किया जाएगा, लेकिन अधिकारी जब चाह रहे हैं, वह तब से असेसमेंट कर रहे हैं। टैक्स से संबंधित अगर मेरे पास कोई शिकायत आएगी, तो अधिकारी अपना स्पष्टीकरण लेकर साथ आए।

आरसीओ, सीसीटीएस और पैट पर कार्यशाला आयोजित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (यूपीनेडा) की ओर से रिन्यूएबल कंजम्पशन ऑब्लिगेशन (आरसीओ), कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम (सीसीटीएस) और परफॉर्म एचीव एवं ट्रेड (पैट) इन्फोर्समेंट पर दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों के उद्योगों और रेलवे से 80 से अधिक प्रतिभागी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यशाला की अध्यक्षता यूपीनेडा निदेशक ने की। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा में राष्ट्रीय प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने यूपीनेडा की ओर से दो ग्रीन हाइड्रोजन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मंजूरी, वाराणसी-गोरखपुर के बीच ग्रीन हाइड्रोजन ट्रेन की सिफारिश, अयोध्या को सोलर सिटी बनाने और एनटीपीसी के 4.5 मेगावाट सौर संयंत्र का उल्लेख किया। राज्य के 35-37% नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में यूपीनेडा की शीर्ष रैंकिंग पर जोर दिया। यूपीनेडा सचिव पंकज सिंह ने ऊर्जा दक्षता और आरसीओ अनुपालन की सलाह दी। भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) सचिव मिलिंद देवरे ने पंचामृत लक्ष्यों, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम संशोधन, आरसीओ ट्रेजेक्टरी और सीसीटीएस के विस्तार पर मुख्य भाषण दिया। बीईई विशेषज्ञों निखिल प्रसाद, अवधमणि पांडे और आशीष रंजन श्रीवास्तव ने आरसीओ पोर्टल, सीसीटीएस और पैट पोर्टल का डेमो दिया। ग्रांट थॉर्नटन के जेपी नायर व डेलॉइट के पीयूष शर्मा ने पोर्टल डेमोंस्ट्रेशन किया। राकेश अग्रवाल और गिरीश कुमार ने यूपीएसडीए गतिविधियों पर चर्चा की।

नीरा नर्सिंग होम से कपूरथला चौराहा तक हटा अतिक्रमण

लखनऊ। शहर में अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने शुक्रवार को एक व्यापक और सघन अभियान चलाया। यह कार्रवाई महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देश और नगर आयुक्त गौरव कुमार के नेतृत्व में की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर की प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुचारु एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना है। नगर निगम के जोन-3 क्षेत्र में यह अभियान जोनल अधिकारी आकाश कुमार के निर्देश में चलाया गया। उनके निर्देशन में राजीव शर्मा तथा 296 टीम सहित नगर निगम की संयुक्त टीम ने नीरा नर्सिंग होम से कपूरथला चौराहा तक दोनों ओर की पटरियों पर अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की। अभियान के दौरान फुटपाथों और सड़क के किनारे अतिक्रमण कर बनाए गए पान मसाला की 20 गुमटियां, 5 फास्ट फूड काउंटर, 2 लोहे के काउंटर, 1 लकड़ी की ठेलिया, 3 लोहे की बेंच तथा 1 घरेलू गैस सिलेंडर को मौके पर जब्त कर नगर निगम यार्ड भेजा गया। टीम ने मौके पर दुकानदारों और अस्थाई ठेला संचालकों को स्पष्ट चेतावनी भी दी कि भविष्य में फुटपाथों पर अतिक्रमण कर धंधा करने पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुमार्ना और स्थायी रूप से हटाने की कार्रवाई शामिल है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार का अतिक्रमण न केवल यातायात को प्रभावित करता है, बल्कि पैदल चलने वालों के लिए खतरा भी उत्पन्न करता है। कई स्थानों पर दुकानदारों ने फुटपाथों को पूरी तरह से घेरकर अवैध रूप से व्यावसायिक गतिविधियां शुरू कर दी थीं, जिससे स्थानीय लोगों और यात्रियों को काफी परेशानी हो रही थी।

भारत में 2024 में 1.56 मिलियन मिले नये कैंसर के केस, 874,404 मौतें

राष्ट्रीय कैंसर जागरुकता दिवस पर जल्दी पहचान और रोकथाम पर जोर

लखनऊ। राष्ट्रीय कैंसर जागरुकता दिवस के उपलक्ष्य में प्रमुख मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ ने कैंसर के खतरे को कम करने के लिए लाइफस्टाइल संबंधित रोकथाम और जल्दी पहचान को ज्यादा प्रभावी रणनीति के रूप में फोकस किया। इस पहल के जरिए लोगों को यह बताने की कोशिश की गई कि कैसे स्वस्थ आदतों, नियमित जांच, और समय पर मेडिकल देखभाल से कैंसर के पनपने के खतरे को कम किया जा सकता है और लॉन्ग टर्म में परिणामों को बेहतर किया जा सकता है। विश्व स्तर पर कैंसर मार्टिलिटी का सबसे बड़ा कारण है वहीं भारत में कैंसर मोर्बिडिटी का सबसे बड़ा कारण बना हुआ है। 2024 में ही भारत में 1.56 मिलियन नए कैंसर केस सामने आए और 874,404 मौतें हुईं। हालांकि इनमें से बहुत सारे केसों को साधारण से लाइफस्टाइल बदलावों से टाला जा सकता था। इसी चीज को पहचानते हुए रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ स्वस्थ जीवन, संतुलित खानपान, नियमित एक्सरसाइज, तंबाकू छोड़ने, बहुत ज्यादा शराब न पीने और तनाव का सही मैनेजमेंट करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रहा है। इसके अलावा हॉस्पिटल आधुनिक जांच और इलाज सुविधा भी प्रदान करता है ताकि लोग अपनी सेहत के बारे में सही और सूचित निर्णय ले सकें। रीजेंसी हॉस्पिटल्स लखनऊ के इंटरनल मेडिसिन कंसल्टेंट डॉ डी पी सिंह ने इस मौके पर कहा, ह्लरोकथाम अब एक विकल्प नहीं रह गया है बल्कि यह एक साझा जिम्मेदारी हो गई है। रिसर्च बताते हैं कि लगभग एक तिहाई कैंसर केसों को साधारण और लगातार लाइफस्टाइल बदलावों से रोका जा सकता है। चुनौती अब जानकारी की कमी नहीं रह गई है बल्कि अब जागरूकता फैलाकर उसे रोजमर्रा के जीवन में अमल लाना चुनौती बन गया है। जल्दी जांच और सही निर्णय से कैंसर के शारीरिक, भावनात्मक तथा आर्थिक बोझ को कम किया जा सकता है। हमारा कर्तव्य एक हेल्थकेयर प्रोवाइडर के रूप में उदाहरण के तौर पर लोगों को शिक्षित, प्रोत्साहित और मरीजों को सशक्त बनाना है और उन्हें अपने कल्याण तथा स्वास्थ्य के लिए आगे आकर जिम्मेदारी लेना और बदलाव लाने के लिए मजबूत बनाना है।ह्व इस पहल के जरिए रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ जागरूकता को ठोस कार्रवाई में बदलकर एक स्वस्थ समुदाय को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। हॉस्पिटल आउटरीच कार्यक्रम, शैक्षिक सत्र और समय-समय पर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित करता रहता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि व्यक्तियों और परिवारों को समय पर हस्तक्षेप और रोकथाम के लिए सही जानकारी और डॉक्टरी मदद प्राप्त हो।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नहीं निरस्त होंगी शादी समारोह की बुकिंग

- सीएम के निर्देश पर बहाल की गयी सभी समारोह की बुकिंग
- एलडीए ने निरस्त की थीं 21 से 30 नवम्बर तक की बुकिंग

लखनऊ। गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) में शादी समारोह की बुकिंग अब निरस्त नहीं होंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम जनता को रही समस्या का संज्ञान लिया है। सीएम के निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 21 से 30 नवम्बर के मध्य आईजीपी की उन सभी बुकिंग को बहाल कर दिया है, जिन्हें पूर्व में इन्वेस्ट यूपी के कहने पर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन के लिए निरस्त किया गया था।

इन्वेस्ट यूपी की ओर से 03 नवम्बर को लखनऊ विकास प्राधिकरण को पत्र भेजा गया था। जिसमें ह्यग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-5.0ह्ण के आयोजन के लिए 21 नवम्बर से 30 नवम्बर तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान परिसर को इन्वेस्ट यूपी के नाम पर आरक्षित करने का अनुरोध किया गया था। जिसके क्रम में उक्त अवधि में सभी बुकिंग को निरस्त करते हुए परिसर को 10 दिनों के लिए इन्वेस्ट यूपी के नाम पर आरक्षित कर दिया गया था। इसके चलते पूर्व में विवाह समारोह आदि के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के विभिन्न हॉल एवं लॉन की बुकिंग करा चुके परिवार असमंजस में पड़ गये थे। कई परिवार शादी के कार्ड तक वितरित कर चुके थे और सहालग में इतनी जल्दी दूसरी जगह होटल, गेस्ट हाउस, लॉन आदि बुक करना संभव नहीं हो पा रहा था। बुकिंग कराने वाले लोगों के साथ ही टेंट, लाइट, डेकोरेटर और कैटर्स से जुड़े व्यापारी भी संकट में पड़ गये थे। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आम जनता व व्यापारियों की इस समस्या का त्वरित संज्ञान लिया और लखनऊ विकास प्राधिकरण व इन्वेस्ट यूपी को तुरंत समाधान निकालने के निर्देश दिये। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-5.0 के लिए 21 नवम्बर से 30 नवम्बर के मध्य पूर्व में निरस्त की गयीं सभी 41 बुकिंग को बहाल कर दिया गया है। अब विवाह समारोह आदि के लिए बुकिंग कराने वाले लोग निर्धारित तारीखों पर आईजीपी में अपने आयोजन कर सकेंगे।

> आईजीपी में पूर्व में निरस्त की गयी सभी बुकिंग को बहाल कर दिया गया है। लोग अपनी निर्धारित तिथियों पर प्रतिष्ठान में समारोह आयोजित कर सकेंगे। जिन लोगों ने अपने स्तर से बुकिंग कैंसिल करा दी थी, उन्हें पुनः उसी तिथि पर हॉल/लॉन बुक कराने का विकल्प दिया जाएगा। इसके लिए कोई अन्यत्र शुल्क नहीं लिया जाएगा। प्राधिकरण की तरफ से सभी को सूचना भेजी जा रही है।
>
> प्रथमेश कुमार, उपाध्यक्ष
> लखनऊ विकास प्राधिकरण

भूमाफियाओं के कब्जे से खाली कराई गयी जमीनों की तलाश, बनेंगे गरीबों के मकान

लखनऊ। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद शहर में भूमाफियाओं के कब्जे से खाली कराई गई जमीनों पर गरीबों के लिए और आवास बनाने की योजना पर काम शुरू हो गया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने भूमाफियाओं की संपत्तियों को चिन्हित कर लिया है। गोमती नगर क्षेत्र में एक भूमाफिया से जमीन खाली कराई गई है, जांच में सामने आया है कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन पर कब्जा किया गया था। अब प्राधिकरण ने उस पूरी भूमि को अपने कब्जे में लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग योजना के तहत मकान बनाने की योजना बनाने की योजना बना रहा है। इसके अलावा माफिया मुख्तार अंसारी से जुड़ी तीन और संपत्तियों की जांच चल रही है। इन पर भी जल्द कार्रवाई की जाएगी।

ट्रैफिक नियमों का अनुपालन कठोरता से कराया जाये: मंडलायुक्त

सड़क हादसों में कमी लाने के लिए मंडलायुक्त ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति एवं यातायात/ट्रैफिक व्यवस्था सुगम व सुदृढ़ बनाने को लेकर शुक्रवार को बैठक का आयोजन स्मार्ट सिटी कार्यालय सभागार में हुई। इस अवसर पर संयुक्त पुलिस आयुक्त बब्लू कुमार, अपर जिलाधिकारी, अपर नगर आयुक्त, पीडब्लूडी, एमडी सिटी ट्रांसपोर्ट, आरटीओ व पुलिस विभाग सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था को सुगम और सुचारू रूप से संचालन किया जाये। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमो का अनुपालन कठोरता से कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। अधिकांश सड़क दुघर्टनाएं ट्रैफिक नियम की अनदेखी से होती हैं। लिहाजा दुपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनकर ही सड़क पर बाईक चलाये। बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करे। यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

उन्होंने कहा की जरूरत के दृष्टिगत ब्लैकटॉप बढ़ाने का कार्य, डिवाईडर बनाने का कार्य प्राथमिकता पर किया जाए। पुलिस पेट्रोलिंग हॉटस्पॉट वाले एरिया में नियमित रूप से भ्रमणशील रहे।

मंडलायुक्त ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चौराहों पर अनधिकृत रूप से टेंपो/टैक्सी न पार्क होने दे। चौराहे से 100 मीटर की दूरी पर टेम्पो/टैक्सी से सवारी उतारने और बैठाने का कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे चौराहो पर जाम से निजात मिल सके। उन्होंने आरटीओ को निर्देश दिया कि जनपद के विद्यालयो में रजिस्टर वाहनों का फिटनेस शतप्रतिशत होना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता बर्दाश्त नही की जाएगी।

पब्लिक ट्रांसपोर्ट के समस्त व्हीकल में फायर सेफ्टी उपकरण को लेकर चेकिंग अभियान चलाया जाए। गुड सेमेरिटन योजना की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य आम जनता को आपातकालीन स्थितियों में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए प्रेरित करना तथा निर्दोष लोगों की जान बचाने के लिए दूसरों को प्रेरित और प्रोत्साहित करना है। उक्त के पश्चात उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितो की मदद करने वाले लोगों को बुलाकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की ओर से सम्मानित कराया जाए।

हाईवे के किनारे वाले प्राइवेट ट्रामा सेंटर (अस्पताल) को सड़क दुर्घटना में पीड़ितों के कैशलेस उपचार के लिए सूचीबद्ध कराया जाए। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि मंडल के समस्त जनपदों में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, के लिए मण्डलीय सड़क सुरक्षा समितिव की बैठक के जारी कार्यवृत्त में विशेष रूप से ब्लैक स्पॉट्स का चिन्हांकन करके आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे।

उपरोक्त के संदर्भ में अभी तक क्या कार्यवाही की गई है, इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों से लिया। संबंधित अधिकारियों की ओर से अवगत कराया गया कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में ब्लैक स्पाट्स का चिन्हींकरण जनपद के आर०टी०ओ०, ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग व स्थानीय प्रशासन द्वारा करा लिया गया है।

ब्लैक स्पाट्स के सही चिन्हांकन के पश्चात टीम की ओर से उसके निदान के लिये साइनेज लगाना, सड़क चौड़ीकरण, अतिक्रमण हटाना, सड़क की मरम्मत करना, डिवाइडरों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगवाना, ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था करना आदि का विवरण तैयार कर कार्य योजना के तहत कार्य किया जा रहा है। मंडलायुक्त ने प्रस्तुत कार्य योजना के अनुसार सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को ब्लैक स्पॉट्स के निदान हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि ब्लैक स्पॉट के समस्त कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

रंजीत यादव का किया स्वागत

लखनऊ। समाजवादी पार्टी से 172 उत्तर विधानसभा के अंतर्गत लाला लाजपत राय वार्ड में नवनिर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष रजीत यादव पहुंचे। यहां वार्ड प्रभारी शैलेन्द्र लोधी ने गर्मजोशी के साथ रंजीत यादव का स्वागत किया। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। विधानसभा में पार्टी को एक बार फिर से जीत दिलाने को लेकर मंथन किया। वार्ड प्रभारी शैलेन्द्र ने अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि वो और उनकी पूरी टीम तथा वार्ड के कार्यकर्ता सपा की जीत के लिए हमेशा समर्पित हैं। उनकी ओर से लगातार वार्ड और उत्तर विधानसभा में पार्टी को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। इस बैठक और स्वागत सम्मान के दौरान अन्य कार्यकताओं में सुधीर, सन्तोष , आदर्श, हिमांशु, राजू, मनोज, सौरभ, वीरेंद्र और सभी लोगों की उपस्थित रहे।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

हत्या कर फेंका गया महिला का शव, इलाके में सनसनी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी के लखनऊ में पारा में युवक और निगोहां के बांक नाले में महिला की हत्या कर फेंके गए शव की अबतक शिनाख्त नहीं हो सकी थी। इस बीच शुक्रवार को जानकीपुरम के अजनहरकला गांव में शुक्रवार को 30 वर्षीय महिला की हत्या कर शव चादर में लपेटकर फेंका गया।

सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस में शव को कब्जे में ले लिया है। मामले की छानबीन कर ली। उधर, वारदात से इलाके में सनसनी मच गई। जाकीपुरम के अजनहरकला गांव में शुक्रवार सुबह चादर में लिपटा एक महिला का शव पड़ा था। घटना से मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस अधिकारी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। चादर हटाई गई तो उसमें महिला का शव था। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किए। पुलिस ने आस पड़ोस के लोगों की मदद से शिनाख्त के प्रयास किए पर सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस उपायुक्त उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि शहर के सभी थानों में महिला की फोटो भेजी गई है। इसके अलावा पड़ोसी जनपदों में भी भेजकर शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। आशंका है कि महिला की हत्याकर शव फेंका गया है। दो टीमें घटनास्थल को जाने वाले मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही हैं। शिनाख्त के साथ ही जल्द ही घटना का राजफाश किया जाएगा।

पहले भी हत्या कर फेंके मिले हैं शवः आपको बता दें कि इसके पूर्व 15 अक्टूबर को पारा के विक्रमनगर में फ्लाईओवर के नीचे एक युवक का कत्ल कर नग्न शव बोरे में भरकर फेंका गया था। पूर्व में एक महिला की हत्याकर बदमाशों ने शव बोरे में भरकर निगोहां के बांक नाले में फेंका था। इसके बाद इससे पहले अब माल के बसहरी गांव में बाग में सोमवार दोपहर एक महिला का शव पड़ा मिला था। आशंका जताई गई कि हत्याकर उसका शव फेंका गया है। पुलिस ने शव के पास से एक मोबाइल भी बरामद किया है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी पर पुलिस बल के साथ बसहरी गांव पहुंचा। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अहम साक्ष्य जुटाए। बताया गया कि शव कि पहचान नहीं हो सकीहै। महिला की उम्र करीब 35 वर्ष है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। शिनाख्त के लिए सभी थानों को फोटो भेजी गई है।

हादसे में बुलेट सवार 11वीं के छात्र की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

आलमबाग । आशियाना थाना इलाके स्थित सेक्टर एच में शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार बुलेट बाइक छात्र अनियंत्रित हो खड़ी बस से टकरा गए। वही हादसे में बुलेट बाइक सवार 11वीं के छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। वही स्थानीय लोगो की मदद से दोनों को घायलों को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक को छात्र को मृत घोषित कर दिया और दूसरा आंशिक रूप से चोटिल दूसरा छात्र उपचार पश्चात घर चला गया। वही अस्पताल की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

परिजनों ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई से इंकार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मधुवन नगर आलमबाग निवासी वैभव कुमार झा (17) पुत्र संतोष कुमार आशियाना के सेक्टर एच स्थित स्टेला मैरी स्कूल के 11वीं का छात्र अपने क्लासमेट शाश्वत देव गौतम 17 वर्ष पुत्र सुजीत कुमार गौतम निवासी सरयू सदन गोपालपुरी, थाना आलमबाग, लखनऊ के साथ बुलेट बाइक से स्कूल के बाहर चक्कर लगा रहा था और स्कूल के अन्य छात्र पिकनिक जाने की तैयारी में थे,पिकनिक जाने के लिए बस स्कूल के बाहर खड़ी थी इसी दौरान छात्र की बाइक अनियंत्रित होकर खड़ी बस से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैभव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथी शाश्वत घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने वैभव को मृत घोषित कर दिया। दूसरा आंशिक रूप से चोटिल दूसरा छात्र उपचार पश्चात घर चला गया। वही प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो हादसे के समय मृतक ने हेलमेट नहीं लगाया था और बुलेट बाइक की गति इतनी तीव्र थी कि ऐसे में टक्कर होने पर बच पाना असंभव था।

हाईस्कूल टॉपर था वैभव,कुछ समय पहले ही पिता ने दिलाई थी बुलेटः मधुवन नगर आलमबाग निवासी वैभव के पिता संतोष कुमार अधिवक्ता हैं और माँ कनकलता बेटे को आईपीएस बनते देखना चाहती थीं। वैभव हाईस्कूल में टॉपर था और परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी छोटी बहन अनन्या भी स्टेला मैरी स्कूल में ही पढ़ती है। परिजनों के अनुसार कुछ समय पहले ही पिता ने बेटे को बुलेट बाइक दिलाई थी। शुक्रवार सुबह उसने पहले बहन को स्कूल छोड़ा, फिर दोस्त शाश्वत को बैठाकर निकला था। तभी अनियंत्रित होकर बाइक खड़ी निजी स्कूल बस से जा टकरा गई और उसकी मौत हो गई। वही बेटे की असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि परिजन किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते थे। मृतक छात्र वैभव के शव का पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

वन्यजीव तस्करी गिरोह पर शक, बढ़ायी गयी जू की सुरक्षा

लखनऊ। चिड़ियाघर की 12 फीट ऊंची बाउंड्रीवाल पार करके डियर सफारी में कूदने वाले चार अज्ञात लोगों की तलाश तेज हो गई है। हिरण के बच्चे चुराने के प्रयास में अभी तक गिरफ्तार मुख्य आरोपी के बयान को पुलिस वन्यजीव तस्करी गिरोह से जोड़कर देख रही हैं। क्योंकि पुलिस को शक है कि वन्यजीव चोरी के संगठित अपराध जैसा प्रयास है। पुलिस इसी दिशा में जांच कर रही है। प्राणि उद्यान की निदेशक अदिति शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती और सुबह-शाम बाउंड्रीवाल की निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि ?कीपर मोहन राम की सतर्कता से घटना के खुलासे की सबसे बड़ी वजह रही। कीपर की सक्रियता के चलते चारों युवक भाग गए, लेकिन बाहर खड़ा राजेश मिश्रा पुलिस के हत्थे चढ़ गया। चिड़ियाघर की रेकी करने का शक गहराया ?पुलिस को शक है कि यह समूह पहली बार डियर सफारी में नहीं आया। घटनास्थल की स्थिति देखने पर लगा कि इस जगह की पहले से रेकी की गई थी। पेड़ की डाल चुनना, ठीक उसी स्थान पर रस्सी बांधना और फेंसिंग के कमजोर हिस्से को निशाना बनाना। यह सब किसी पूर्व योजना का हिस्सा प्रतीत होता है। जल्द पकड़े जाएंगे बाकी चारों आरोपी ?हजरतगंज इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक राजेश मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद टीम उसके अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और आसपास के इलाके से मिले सुराग की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है।

किशोरी को बहला फुसलाकर दुष्कर्म कर धमकी देने वाला वाँच्छित गिरफ्तार

आलमबाग। कृष्णानगर पुलिस टीम ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र मे रहने वाली किशोरी को बहला फुसलाकर दुष्कर्म कर धमकी देने वाले वाँच्छित आरोपित को थाना क्षेत्र स्थित कनौसी रेलवे फाटक से गिरफ्तार किया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ मे गिरफ्त मे आए आरोपित ने अपना परिचय भोला खेड़ा निवासी हर्षित कश्यप पुत्र धनीराम कश्यप के रूप मे दिया है। पुलिस के अनुसार बीते 4 नवम्बर को पीडित किशोरी की माँ ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपित को गिरफ्तार कर थाने मे दर्ज मुकदमे के तहत कारवाई कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस सेवा का गहन विश्लेषण है पुस्तक ‘पुलिसिंग क्राइम ट्रेंड्स इन इंडिया’

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रभात प्रकाशन के तत्वावधान में शुक्रवार को गोमती नगर के यूनिवर्सल बुकसेलर्स में आईपीएस दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक पुलिसिंग क्राइम ट्रेंड्स इन इंडिया का विमोचन किया गया। इस पुस्तक के लेखक दिनेश कुमार गुप्ता, आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात), दिल्ली पुलिस हैं।

यह महत्वपूर्ण कृति भारत में पुलिस व्यवस्था और अपराध के रुझानों के विकास का विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत करती है प्राचीन सभ्यताओं में कानून-व्यवस्था की प्रारंभिक संरचनाओं से लेकर आधुनिक समाज में बदलते परिवेश के अनुरूप पुलिसिंग की जटिलताओं तक। पुस्तक यह दर्शाती है कि समय के साथ अपराध के स्वरूप, जन धारणा और पुलिसिंग के तरीके किस प्रकार परिवर्तित हुए हैं, विशेष रूप से औपनिवेशिक प्रशासन के स्थायी प्रभावों पर प्रकाश डालती है। श्री गुप्ता ने भारतीय पुलिस सेवा का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया है, जिसमें उन्होंने ब्रिटिश काल से लेकर आधुनिक भारत तक इसके रूपांतरण की यात्रा को रेखांकित किया है। लेखक ने नागरिक-केंद्रित, प्रौद्योगिकी-संचालित और सक्रिय पुलिसिंग मॉडल की आवश्यकता पर बल दिया है, जो साइबर अपराध, आतंकवाद और लैंगिक हिंसा जैसे उभरते खतरों से प्रभावी ढंग से निपट सके। पुलिसिंग क्राइम ट्रेंड्स इन इंडिया न केवल एक शैक्षणिक संसाधन है, बल्कि यह एक प्रेरक आह्वान भी है जो नीति-निमार्ताओं, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और नागरिकों से एक सुरक्षित और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में पुलिस की भूमिका पर पुनर्विचार करने का आग्रह करता है। दिनेश कुमार गुप्ता, आईपीएस, वर्तमान में दिल्ली पुलिस में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) के पद पर कार्यरत हैं। कानून प्रवर्तन, जन सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में उनके व्यापक अनुभव के कारण उनकी यह पुस्तक अकादमिक गहराई और व्यावहारिक दृष्टिकोण का उत्कृष्ट संगम है। पुस्तक विमोचन के अवसर पर शहर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

परिक्षेत्र स्तरीय कार्यशाला का डीजीपी राजीव कृष्णा ने किया शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजीव कृष्णा, पुलिस महानिदेशक, उप्र द्वारा आज जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय कार्यशाला का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर एडीजी कानपुर जोन, आईजी कानपुर रेंज, पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात, सीडीओ कानपुर देहात, विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ, विभिन्न व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि, स्थानीय निकायों के सदस्यगण, ऑनलाइन माध्यम से जुड़े कानपुर देहात एवं कानपुर परिक्षेत्र के साइबर सेल तथा थानों के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी, मीडिया बंधु तथा साइबर विशेषज्ञ अमित दुबे एवं राहुल मिश्रा सहित एक हजार से अधिक लोग उपस्थित रहें। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा उक्त कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि यह एक अत्यंत सामयिक एवं उपयोगी कार्यशाला है। आज के डिजिटल युग में साइबर उपयोग जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बन गया है। कोविड काल के पश्चात ई-कॉमर्स के क्षेत्र में लगभग 60 से 70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं की सक्रियता में भी उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है। वर्तमान समय में अधिकांश लोग इंटरनेट से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हैं, किन्तु इसके दुरुपयोग की घटनाएँ भी सामने आ रही हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आज का युवा वर्ग साइबर गेमिंग की लत जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है।

पुलिस महानिदेशक उ.प्र. ने सम्बोधन में समाज पर साइबर अपराध का प्रभाव, वर्तमान परिदृश्य में समाज का शायद ही कोई वर्ग साइबर क्राइम से अप्रभावित रहा हो। हमारे स्कूली बच्चे साइबर बुलिंग का शिकार होते हैं। महिलाएं एवं बालिकाएं साइबर स्टॉकिंग तथा अन्य महिला-केंद्रित साइबर अपराधों की शिकार होती हैं। डिजिटल अरेस्ट एक उभरता हुआ साइबर अपराध है, जिससे सभ्रांत वर्ग के नागरिक शिकार हुए हैं और जीवन भर की कमाई गंवा चुके हैं। अधिकांश लोग तीन कारणों से साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं साइबर अपराध से बचाव के लिए नागरिकों को इन तीन उपायों पर ध्यान देना चाहिए जैसे तत्काल 1930 डायल करें, गोल्डन टाइम-फ्रेम के भीतर रिपोर्ट करें, सही तथ्यों को दर्ज करें। बच्चों को ऑनलाइन गेमिंग के दुष्प्रभाव के बारे में सतर्क करना आवश्यक है। आज के युग में सोशल मीडिया नशे की तरह युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। इसके लिए हमें और अधिक सतर्क एवं जागरूक रहने की आवश्यकता है। थाना प्रभारियों को यह अवधारणा त्यागनी होगी कि ह्लसाइबर अपराध की जांच हम नहीं कर सकते। यदि कोई अधिकारी इसे खुले मन से सीखना चाहे तो इसके छह्झसात चरणों को समझकर पाएगा कि यह विवेचना सामान्य आपराधिक जांच से भी अधिक सरल और त्वरित है।

साइबर अपराध का दायरा और दुष्प्रभाव दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है, इसलिए पुलिस कर्मियों का आत्मविश्वास और कौशल जितना बढ़ेगा, उतना ही नागरिकों का पुलिस पर विश्वास और भरोसा भी सुदृढ़ होगा। साइबर क्राइम से बचाव हेतु मजबूत पासवर्ड एवं अपडेटेड सॉफ्टवेयर का प्रयोग करें और सदैव सतर्क रहें। उत्तर प्रदेश पुलिस नागरिक-केंद्रित, त्वरित एवं पारदर्शी साइबर कानून प्रवर्तन के साथ-साथ राज्य को साइबर अपराध-मुक्त तथा देश को साइबर नियंत्रण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। यह लक्ष्य तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक सतर्क, सजग और सहयोगी बनकर इस मिशन में सहभागी बने। सुरक्षित डिजिटल उत्तर प्रदेश तभी बनेगा जब जनता और पुलिस साथ हों।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र पट्टू को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **राममूरत पुत्र मनीराम नि.- गोडियन पुरवा दा. बुबकापुर थाना फखरपुर जिला बहराइच।**

न्यायालय सूचना

एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं. 7
न्यायालय श्रीमान एसडीओ महोदय
कादीपुर जिला सुलतानपुर
वाद सं. - 02504680415398
तारीख पेशी- 20.11.2025

कृपा मुरारी

बनाम

1. राम कृष्ण पुत्र राम अवध
2. केशव कृष्ण पुत्र राम अवध
3. देवकी कृष्ण पुत्र राम अवध
4. बीरेन्द्र कुमार पुत्र गोपी कृष्ण
5. महेन्द्र कुमार पुत्र गोपी कृष्ण
6. चन्द्रावती पत्नी कृष्ण चन्द्र
7. विजय शंकर पुत्र कृष्ण चन्द्र
8. ललिता पत्नी विजयभान
9. रितिक पुत्र विजयभान
10. कु. शिवानी पुत्री विजयभान

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतः आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए दिनांक 20.11.2025 के दिवस को पूर्वांह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हैं और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 04.11.2025 के दिवस को निकाली गई।

न्यायालय

प्लॉट के नाम पर महिला से 22 लाख ठगे

लखनऊ। वसुंधरा लोट्स इंफ्राटेक ग्रुप के एमडी समेत दो के खिलाफ प्लाट के नाम पर 22 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगा है। गाजियाबाद की रहने वाली दिव्या गुप्ता ने एमडी और एक अन्य के खिलाफ विभूतिखंड थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर अमर सिंह के मुताबिक दिव्या गुप्ता गाजियाबाद की रहने वाली हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में उनकी मुलाकात वसुंधरा ग्रुप की एजेंट ममता शर्मा से हुई थी। उन्होने लखनऊ के सुलतानपुर रोड गोसाईंगंज में चल रहे कंपनी के प्रोजेक्ट आर्किड वैली के बारे में बताया। इसके बाद पति जैशल गुप्ता के साथ वह आईं और विभूतिखंड स्थित कारपोरेट टावर स्थित आफिस में एमडी सुधीर सिंह, मैनेजर लवकुश दुबे और एजेंट ममता से मुलाकात हुई। कंपनी के कहने पर दो प्लाट बुक करा दिए। कंपनी ने 60 महीने में टाउनशिप विकसित करने का दावा किया था। 25 हजार रुपये देकर प्लाट बुक कराया। इसके बाद दिसंबर तक 9.5 लाख रुपये कंपनी के खाते में जमा कि। बाद में 12 लाख फिर दिए। आठ अक्तूबर 2024 को कंपनी की ओर से रजिस्ट्री की गई। बाउंड्रीवाल बनाई गई। बाद में पता चला कि एलडीए ने नवंबर 2024 में प्रोजेक्ट की बाउंड्रीवाल गिरा दी। जानकारी करने पर पता चला कि कंपनी की ओर से गलत जमीन के प्लाट बेचे गए थे। जालसाजी का पता चलने पर एमडी सुधीर सिंह और लवकुश दुबे के खिलाफ तहरीर दी। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बाइक सवार स्नैचरों ने आईफोन छीना, फरार

आलमबाग । कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित बारावीरवा चौराहे पर बीते एक नवंबर की अर्धरात्रि बस का इंतजार कर रहे एक व्यापारी का दो आईफोन बाइक सवार बदमाश छीन तेज रफ्तार में फरार्टा भरते हुए फरार हो गए। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि मूल रूप से जनपद गोरखपुर निवासी मुकुल गुप्ता पुत्र कृष्ण मोहन गुप्ता के अनुसार वह बीते 31 अक्टूबर को व्यापार के सिलसिले में गोरखपुर से लखनऊ आया था और एक नवंबर की रात्रि करीब 1 बजे वापस अपने गृह जनपद जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था,इस बीच एक बाइक पर सवार दो अचानक से झपट्टा मार उसका दो कीमती मोबाइल फोन छीन फरार्टा भरते हुए कानपुर रोड की ओर से फरार हो गए। जिसकी जानकारी उसने मौके पर मौजूद यातायात पुलिस कर्मियों से कर मदद मांगी लेकिन ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने ऑनलाइन शिकायत करने की बात उसे चलता कर दिया। पीड़ित व्यापारी के अनुसार अत्यधिक सामान होने की वजह से उसने स्थानीय थाने पर शिकायत नहीं किया और अपने जनपद वापस लौट वहां ऑनलाइन मोबाइल फोन छीनने की शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित व्यापारी की आनलाइन शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

गीत-संगीत व नृत्य से सजा यूपी महोत्सव का मंच

लखनऊ। प्रगति इवेंट संस्था द्वारा यूपी दर्शन पार्क गोमती नगर लखनऊ में चल रहे यूपी उत्सव महोत्सव मैं आज वंदे मातरम गीत के 150 साल पूरे होने पर विशेष रूप से जश्न मनाया गया। प्रगति इवेंट के सांस्कृतिक मंच पर आज सलीम अब्बासी के नेतृत्व में एक से बढ़कर एक गायकी के जादूगर द्वारा अपने गानों से सबका मन मोह लिया सलीम अब्बासी, विजय कुमार, फैजल, बालकृष्ण सोनी त्रिपाठी एजाज, नासिर, साजिद अब्बासी द्वारा किशोर कुमार मुकेश रफी और मन्ना डे के सदाबहार नागमो को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दें संस्था के उपाधि ए बी सिंह ने सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

बिजनौर बाजार में फल जूस की दुकान जलकर खाक

लखनऊ। बिजनौर कस्बे के गढ़ी सरवन नगर सब्जी बाजार के किनारे पर स्थित राजू फल एवं जूस की दुकान रात में जलकर खाक हो गई। बिजनौर कस्बे के गढ़ी मोहल्ला निवासी राजू रावत पुत्र कुशहर सरवन नगर बिजनौर की सब्जी मंडी के किनारे पर दुकान फल और जूस की दुकान करते हैं। गढी मोहल्ला सब्जी मंडी के कोने पर स्थित पक्की दुकान में वह सेब, केला अनार, नारियल आदि फल व जूस बिक्री का कार्य करते हैं। दुकान पर राजू के पुत्र अंकित व अंकुश भी मदद करते हैं और रोज की तरह वह 6 नवंबर की रात 10:00 बजे अपनी दुकान बंद करके घर चले गए। 7 नवंबर की सुबह 4:00 बजे दुकान के पीछे रहने वाले लोगों ने राजू को फोन कर बताया कि तुम्हारी दुकान जल रही है। राजू ने देखा तो दुकान धू धू कर जल रही थी। मौके पर पहुंचे राजू ने बुझाने की कोशिश की। एक राहगीर ने फायर ब्रिगेड को फोन किया। पड़ोस के लोगों और फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान पूरी तरह जलकर खत्म हो चुकी थी। डायल 112 के द्वारा पुलिस को भी सूचना दी गई। मौके पर आपात पुलिस फायर ब्रिगेड पहुंची। राजू का कहना है किउसका सब कुछ खत्म हो गया। वह इसी दुकान के माध्यम से अपने बच्चों का जीवन यापन करता था। राजू ने बिजनौर थाने पर लिखित तहरीर भी दी है। रात में इतनी आग कैसे लगी इन कारणो का पता अभी नहीं चल पाया है।

पारा में चोरों ने बंद घर से गहने व नकदी किये पार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र के मुजफ्फरखेड़ा गांव में देर रात चोरी की सनसनीखेज वारदात हुई है। स्थानीय निवासी मोहम्मद शोएब के घर अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर करीब चार लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और कैमरे का डीवीआर चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार, परिवार के सभी सदस्य एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गए थे। घर खाली देखकर चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और अंदर रखे कीमती जेवर, नकदी और कैमरे का डीवीआर लेकर फरार हो गए। देर रात जब परिवार शादी से वापस लौटा, तो घर का ताला टूटा मिला। अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से नकदी व जेवरात गायब थे। परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पारा थानाध्यक्ष स्वयं मौके पर पहुंचे जांच की। पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है ताकि चोरों का सुराग मिल सके। थानाध्यक्ष का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, स्थानीय लोगों ने रात्रि गशत बढ़ाने और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **01.12.2025** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग,डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

निविदा सूचना संख्या	01142025 दिनांकः 07.11.2025		
निविदा संख्या	23-Sr-DEN-VI-LKO-2025-26		
कार्य का नाम	सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग एवं सहायक मण्डल इंजीनियर, उन्नाव के अन्तर्गत टर्नआउट्स के प्रतिस्थापन का कार्यः टीटीआर (एफएस टीडब्ल्यूएस. डब्ल्यूसीएमएससी)-32 सेट और टीडब्ल्यूएस-13 सेट।		
अनुमानित लागत	₹13760660.08	धरोहर राशि	₹218800.00
कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ माह।		
निविदा डालने का पारंभ	17.11.2025		
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	01.12.2025 at 15:00 Hrs.		
बेबसाईट	www.ireps.gov.in		

नोटः 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

3465/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पांच साल के बाद टीवी पर लौट रहा हूं : पुनीत सचदेव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जी टीवी का हिट शो वसुधा, जिसे अरविंद बब्बाल प्रोडक्शंस प्रस्तुत करता है, जल्द ही दर्शकों के लिए एक बड़ा ट्विस्ट लेकर आने वाला है। इस बार शो में एक नए मुख्य निगेटिव किरदार की एंट्री होने जा रही है, जो चौहान परिवार के खिलाफ नफरत और बदले की कहानी में नई परत जोड़ देगा।

यह किरदार और कोई नहीं बल्कि टीवी की दुनिया का लोकप्रिय चेहरा अभिनेता पुनीत सचदेव निभा रहे हैं। हाल ही में वॉयस ऑफ लखनऊ के साथ एक्सक्लूसिव बातचीत में उन्होंने अपने निगेटिव किरदार करणवीर के बारे में खुलकर बात की।

आपके नए किरदार के बारे में हमें बताइए. यह किरदार कैसा है?

मेरा किरदार एक सुपर विलेन है, लेकिन इसे समझना जरूरी है। वह सिर्फ निगेटिव नहीं है. उसका सब कुछ अपनी छोटी बहन के लिए है। वह अपनी बहन के लिए कुछ भी कर सकता है, लेकिन ध्यान दें, वह बिना वजह किसी के साथ बुरा नहीं करता।

तो इसका मतलब है कि वह सिर्फ अपनी बहनकीसु केलिएसबकुछ करता है?

हाँ, वह सही या गलत की परवाह नहीं करता, उसके लिए सिर्फ उसकी बहन सही है. अगर कोई उसकी बहन के साथ गलत व्यवहार करे या उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करे, तो वह किसी भी हद तक जा सकता है।

आपने कहा कि यह किरदार सुपर विलेन है, लेकिन क्या इसमें हीरो जैसा पक्ष भी है?

हाँ, बिल्कुल है. यह किरदार हीरो और विलेन दोनों का मिश्रण है. मैंने अब रक्षातक ज्यादातर निगेटिव रोल किए हैं. यहां भी ऐसा ही है। इसमें अच्छाई और बुराई दोनों हैं और बुराई का कारण भी साफ है बहन के लिए सोचना।

आपके किरदार का मकसद क्या है?

मेरे किरदार का मकसद अपनी बहन के लिए देव के साथ रिश्ता जोड़ना है। वह चाहता है कि उसकी बहन खुश रहे. इसके लिए वह किसी भी हद तक जा सकता है।

आपने कितने समय के बाद टीवी पर वापसी की है?

मैं पिछले पांच सालों के बाद टीवी पर लौट रहा हूँ। मेरा पिछला शो कसम तेरे प्यार की में भी मैं विलेन था। इस बार मैं बहुत खुश हूँ कि मुझे एक ऐसा किरदार मिला जिसमें भावनाओं और ट्विस्ट का मिश्रण है।

सेट और टीम के बारे में आपका अनुभव रहा कैसा?

टीम बहुत ही सहयोगी और मिलनसार है। निर्देशक विजय सर मुझे पूरी आजादी देते हैं कि मैं अपने किरदार को जैसा चाहूं वैसा पेश कर सकूं। मैं इस शो का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूँ।

दर्शकों के लिए आपका क्या संदेश है?

मैं यही कहना चाहूँगा कि किरदार चाहे सुपर विलेन ही क्यों न हो, दर्शकों का प्यार और प्रतिक्रियाएं ही हमें प्रेरित करती हैं. आप उसी प्यार के साथ इस किरदार और कहानी को अपनाएं जैसे आपने पहले अपनाया है।

संवेदनशील और कौतुक से भरी कथा है 'गिल्लू की नयी कहानी'

लखनऊ। मनुष्य यदि इस पृथ्वी का सबसे समझदार प्राणी है तो उसकी यह भी ज़िम्मेदारी बनती है कि वह अपने आसपास के सहजीवियों के प्रति अपने कर्तव्य और संवेदनशीलता को लेकर हमेशा सचेत रहे। जैसा कि अमेरिकन लेखक जूलिया कार्नी का कहना है - दया के छोटे-छोटे से कार्य, प्रेम के जरा-जरा से शब्द हमारी पृथ्वी को स्वर्गोपम बना देते हैं। निधि अग्रवाल ने पड़ोस से अनायास ही उनके घर में चले आए एक गिलहरी के बच्चे को लेकर इतनी संवेदनशील और कौतुक से भरी कथा बुनी है, जो केवल वही बुन सकती हैं। दरअसल इसे कथा न कहकर रोजनामचा की संज्ञा दी जा सकती है, क्योंकि यह एक नन्हे-से प्राणी के रोजमर्रा के जीवन का ऐसा रोचक वर्णन है, जिसे सौभाग्यवश एक संवेदनशील और ममतामयी स्त्री का संरक्षण प्राप्त हो जाता है। इस नन्हे-से प्राणी के प्रति घर के तमाम प्राणियों की संवेदनशीलता की एक बानगी देखें- यह इतना घबराया सा क्यों है? शुभी ने चिंता जताई। क्योंकि हमारी शक्ल इसकी मम्मी से नहीं मिलती। यह कथन लेखिका का है जो, पूरी कथा में उस नन्हे गिल्लू की पालक माता बनी, उसे अनोखा प्राणवायु देकर रचती हैं। भावनाप्रद और आत्मीय प्रसंगों से भरपूर इस कथा से पल भर भी अलग होना दिल को गवारा नहीं होता। इस बेहद दिलचस्प और अपने ढंग की अनूठी कथा में संवेदनशीलता, पारिवारिकता सब कुछ काबिले-तारीफ है। ईश्वर ने जो कुछ रचनाकार को दिया है, वह उसके प्रति विनम्र तो है ही, एक असाधारण सदाशयता और दुर्लभ किस्म की संवेदनशीलता भी आपके साथ दूध-मिश्री की तरह घुली हुई है। अंततः एक ममतामयी माँ अपने असाधारण रूप में उसके भीतर तो उपस्थित है ही। यह गिल्लू की नयी कहानी तो है ही, साथ ही यह किताब मनुष्य, उसकी मनुष्यता और मानवीय भावनाओं की भी अनोखी कहानी भी है।

शहीदों की स्मृति में ज्ञानदान उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है : उमानन्द शर्मा

● 452वाँ युगऋषि वाङ्मय की स्थापना सम्पन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत आर्यकुल पत्रकारिता एवं जनसंचार कॉलेज, बिजनौर, सरोजिनीनगर, लखनऊ, उ.प्र के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 452वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। एसपी शर्मा एवं श्रीमती दीपा शर्मा ने अपने प्रिय पुत्र अमर शहीद मेजर रितेश शर्मा की स्मृति में संस्थान के पुस्तकालय में युग ऋषि वाङ्मय साहित्य भेंट किये तथा उपस्थित वरिष्ठ चिकित्सकगणों को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भी भेंट किये। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि शहीदों की स्मृति में ज्ञानदान उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। उमानन्द शर्मा ने अमर शहीद मेजर रितेश शर्मा की वीर गाथा पढ़कर सभागार में सुनाया। इस अवसर पर एसपी शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान की डीन श्रीमती रुचि सिंह तथा आर्य टीवी, आर्य प्रवाह पत्र के हेड डॉ अजय शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान की उप निदेशक डॉ अंकिता अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि श्री उमानंद शर्मा, श्री देवेन्द्र सिंह, वीके श्रीवास्तव एवं संस्थान के प्रबन्ध निदेशक डॉ सशक्त सिंह, रजिस्ट्रार सुदेश तिवारी, श्रीमती रुचि सिंह, डॉ अंकिता अग्रवाल, सुदेश तिवारी, आर्य टीवी, आर्य प्रवाह पत्र के हेड डॉ अजय शुक्ला, संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

गोमती तट पर कल से सजेगा उत्तराखंड महोत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नौ नवंबर से शुरू हो रहे दस दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव का उद्घाटन प्रथम दिन मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तराखंड राज्य के गठन की हीरक जयंती दिवस पर किया जाएगा तथा समापन के अवसर पर 18 नवम्बर को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि होंगे। यह आयोजन उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक जीवन, लोक संगीत और नृत्य परंपरा का जीवंत उत्सव है। प्रतिदिन उत्तराखण्ड से आये छोलिया दल अपने रंग बिरंगे परिधानों से सुसज्जित तथा विशेष वाद्य यंत्रो की प्रस्तुति से मुख्य अतिथि का स्वागत दर्शकों को मंत्र मुग्ध करेगा।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अध्यक्ष हरीश चंद्र पंत ने बताया कि उत्तराखंड महापरिषद प्रत्येक वर्ष उत्तराखंड गौरव सम्मान से समाज के सम्मानित व्यक्ति को, जिन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए हों, उन्हें दिया जाता है। इस वर्ष यह गौरव चार विशिष्ट सम्मानित महानुभावों को प्रथम दिवस प्रदान किया जायेगा। महोत्सव के प्रथम दिवस पर उत्तराखंड दर्पण 2025 स्मारिका (वसुदेव कुटुंबकम विशेषांक) का विमोचन भी मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा किया जाएगा। महासचिव भरत सिंह बिष्ट ने बताया कि महापरिषद पिछले 77 वर्षों से उत्तराखंड की संस्कृति के संरक्षण संवर्धन और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है, महापरिषद उत्तराखण्ड की संस्कृति और कला को संजोने के साथ-साथ उसे भावी पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य कर रही है तथा नए कलाकारों को स्थान देने के लिए भी महापरिषद ने कई प्रतियोगिताएँ शुरू की है।

संयोजक दीवान सिंह अधिकारी ने बताया कि हर वर्ष गोमती तट पर 10 दिवसीय महोत्सव आयोजन करते हुए अपार प्रसन्नता हो रही है। महोत्सव में भारत के विभिन्न प्रांतो की हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पाद, स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित जैविक उत्पाद, हर्बल जूस, उत्तराखंड की मिठाई, नैनीताल की नमकीन, कश्मीरी शाल, कालीन, खान-पान के साथ करीब 150 स्टोलों की प्रदर्शन लगाई गयी है, जो सुबह 10:00 बजे से 10:00 बजे तक चलेगी।

महोत्सव से दो दिन पूर्व-7 नवम्बर को सांय 05:00 बजे वॉर ऑफ बैंड्स, जिसमें 06 बैंड अपनी अपनी फैमश फिल्मी गानों तथा अन्य गानों की प्रस्तुतियाँ लखनऊ के मशहूर बैण्ड देंगे तथा दर्शकों का मनोरंजन करेंगे और 8 को उत्तराखंडी गानों-गुलाबी शरारा, बेडू पाको बारोमासा आदि तथा अन्य हिन्दी, गुजराती गानों पर डांडिया से शाम-ए-अवध गुलजार होगी।

डांस उत्तराखंड डांस जिसमें 12 प्रतिभाशाली टीमों के 120.कलाकारों द्वारा गढ़वाली, कुमाऊनी एवं जौनसारी लोकगीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियाँ तथा झोड़ा प्रतियोगिता-500 से अधिक मातृशक्ति की भागीदारी से, गोमा तट पारंपरिक झोड़ों से उत्तराखण्ड की लोक कला की प्रस्तुतियाँ होंगी। नाचेगा भारत -200.कलाकारों द्वारा भारत की विविधता की झलक - देश के विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य, संगीत और संस्कृति की अद्भुत सतरंगी छठा और वॉयस ऑफ उत्तराखंड -उत्तराखंड की आत्मा को छू लेने वाले लोकगीतों की लाइव प्रस्तुति - स्वर, साज और संगीतमय विरासत का अद्वितीय संगम बनेगा। एक शाम-स्टार नाइट उत्तराखंड के प्रसिद्ध कलाकारों के संग - संगीत, नृत्य और रंगारंग कार्यक्रम दर्शको का मन मोहेंगे। दिन के कार्यक्रमों में बच्चों, युवाओं और परिवारों के लिए आकर्षक प्रतियोगिताएं - सांस्कृतिक संवाद, शैक्षणिक गतिविधियाँ, काफव एकल गायन प्रतियोगिता, काफव समूह गायन प्रतियोगिता, कॉफव लोक नृत्य-गायन प्रतियोगिता, एकल नृत्य-समूह नृत्य, चित्रकला प्रतियोगिता आदि आयोजित किये जायेंगे।

दर्शकों ने तालियों से बैंड्स का उत्साह बढ़ाया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तराखंड महापरिषद द्वारा पंडित गोविंद बल्लभ पंत संस्कृतिक उपवन बीरबल साहनी मार्ग गोमती तट पर आज काफव वार ऑफ बैंड्स बैंड्स इवेंट में रॉक बैंड्स के बीच में जबरदस्त कंपटीशन कराया। बैंड्स ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया तथा दर्शकों ने बैंड्स का तालियों की गड़गड़ाहट से बैंड्स का उत्साहवर्धन किया। इस बैंड कंपटीशन के बीच परामेष्ट फोक बैंड ने गेस्ट परफॉर्मर के रूप में अपनी खूबसूरत प्रस्तुति दी। आर जे प्रतीक ने बताया कि इस तरह की इवेंट लखनऊ में पहली बार हो रही है। इसके लिए उन्होंने राजेश बिष्ट सचिव एवं उत्तराखंड महापरिषद की टीम का आभार जताया। आज पांच बैंड - द मॉर्निंग स्टार, इक्विनोक्स, ओरिजिनल नोट बैंड, त्रिनाद एक्सक्लूजन, रूबरू ने स्टेज पर उत्तराखंडी मेस अप, शिव कैलाशों के वासी, आदि गानों जबरदस्त पर प्रस्तुतियां दी। आर जे प्रतीक ने वार ऑफ बैंड्स के दौरान कार्यक्रम का सुन्दर संचालन किया। जय हो गाने में परफार्मेंस हुईं उत्तराखंड महापरिषद के संयोजक दीवान सिंह अधिकारी, संयोजक हेम सिंह, अध्यक्ष हरिश्चंद्र पंत, महासचिव भरत सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगल सिंह रावत, भुवन पटवाल, सुरेश चंद पांडे, अवधेश कोठारी, रमेश सिंह अधिकारी, परिहार, पान सिंह, सुरेश जोशी, गोविंद बल्लभ फुलारा, महेश चंद्र सिंह रौतेला, राजेंद्र सिंह कनवाल आदि अनेक कार्यकारिणी के सदस्य, पदाधिकारी, गणमान्य लोग तथा दर्शन उपस्थित थे।

भातखण्डे में हुआ राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्राप्त निदेर्शानुसार भारतीय राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित अमर राष्ट्रगीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में एक भव्य सामूहिक राष्ट्रगीत गायन समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत वातावरण में सभी ने एक स्वर में वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया। समस्त सभागार में जब वन्दे मातरम की गूंज उठी तो उपस्थित जनसमूह राष्ट्रप्रेम और गौरव की भावना से भावविभोर हो उठा। सामूहिक राष्ट्रगीत गायन में विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के इस ऐतिहासिक अवसर को देशप्रेम, एकता और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक के रूप में मनाया। उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रगीत की भावना को अपने आचरण में आत्मसात करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कविता की कोई सीमा नहीं होती है : डॉ. ओम कुमार मिश्र

● डॉ. हरिवंश राय बच्चन एवं गजानन माधव मुक्तिबोध स्मृति समारोह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा डॉ. हरिवंश राय बच्चन एवं गजानन माधव मुक्तिबोध स्मृति समारोह के शुभ अवसर पर दिन शुक्रवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार लखनऊ में पूर्वाह्न 10.30 बजे से किया गया। दीप प्रज्वलन, माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण के उपरान्त वाणी वंदना डॉ. कामिनी त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत की गयी। सम्माननीय अतिथि डॉ ओम कुमार मिश्र ओम निश्चल, डॉ वशिष्ठ द्विवेदी अनूप, डॉ ममता तिवारी एवं डॉ रमेश प्रताप सिंह का स्वागत उत्तरीय एवं स्मृति चिह्न भेंट कर डॉ अमिता दुबे, प्रधान सम्पादक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा किया गया। डॉ ओम कुमार मिश्र ओम निश्चल ने कहा- हरिवंशराय बच्चन छन्द विधा में निष्णात थे। कविता की कोई सीमा नहीं होती है। बच्चन आत्म निरीक्षण के कवि हैं। कवि में तल्लीनता का भाव होना चाहिए। हर कवि की काव्यात्मक प्रवृत्तियाँ अलग-अलग होती हैं। मुक्तिबोध साम्राज्यवाद के खिलाफ थे। मधुशाला, मुधबाला, मधुकलश को पाठक पढ़कर गीत हृदय की अभिव्यक्ति है। बच्चन ने जीवन के समानान्तर कविता लिखी। बच्चन जी को किसी भी वाद से बांधा नहीं जा सकता है। बच्चन जी रचनाओं के बसेरे से दूर, नीड़ का निर्माण फिर, क्या भूलूँ क्या याद करूँ, निशा निमंत्रण रचनाएं साहित्य जगत में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। कविता आत्म अभिव्यक्ति है। बच्चन की रचनाओं में कल्पना व यथार्थ के तत्व विद्यमान हैं। बच्चन जी आलोचनाओं से कभी घबराते नहीं थे। उनकी आत्मकथाएं जीवन दर्शन से परिपूर्ण हैं। डॉ. वशिष्ठ द्विवेदी अनूप ने कहा- मुक्तिबोध ने अपनी साहित्यिक यात्रा की शुरूआत कविताओं से की। उनकी कविताओं में एक बहाव दिखायी देता है। किसी बड़ी रचना का जन्म उत्कट अनुभव से होता है। जीवन व घटना का अनुभव ही किसी रचना को भावात्मक स्वरुप प्रदान करता है। मुक्तिबोध अपनी रचनाओं में एक स्वप्निल संसार का निर्माण करते हैं। मुक्तिबोध की कविताओं में स्वाभिमान के तत्व विद्यमान हैं। उन्होंने अपनी कविताओं में समाज में व्याप्त भयावह शोषण को चित्रित किया। वे मध्यम वर्ग के छद्म आचरण का विरोध करते रहे। डॉ. ममता तिवारी ने कहा- हरिवंश राय बच्चन जी समाज व समय के प्रति सजग थे। साहित्यकार अपने समय व समाज की उपज होता है। हरिवंश राय बच्चन जी का साहित्य में योगदान अविस्मरणीय है। बच्चन जी की रचनाओं में मधुशाला, मधुबाला, मधु कलश काव्य जगत में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। उनकी कविताएं सहज व सरल हैं। सहजता व सरलता में अनुभूतियों का समावेश होता है। उन्होंने साहित्य की विभिन्न विधाओं में अपनी लेखनी चलायी। उनकी काव्य रचना में एक क्रमिक विकास मिलता है। डॉ. रमेश प्रताप सिंह ने कहा- मुक्तिबोध आत्म संघर्ष के कवि हैं।

दया प्रकाश की लेखनी ने रंगमंच को नया आयाम दिया : प्रभात बोस

नाटककार दया प्रकाश सिन्हा का निधन, कला जगत में शोक की लहर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। आधुनिक रंग जगत के भीष्म पितामाह कालजयी रचनाकार व नाटकार दया प्रकाश सिन्हा का शुक्रवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही कला जगत में शोक की लहर दौड़ गयी।

वरिष्ठ रंगकर्मी प्रभात बोस ने कहा कि नाटकार दया प्रकाश सिन्हा के निधन की खबर सुनकर आहत हूं। उनके निधन से कला जगत को बहुत बड़ी क्षति हुई है जिसे भर पाना बहुत ही मुश्किल है। आगे प्रभात बोस ने कहा कि उन्होंने अपनी लेखनी से रंगमंच को एक नया आयाम दिया। उनके द्वारा लिखे गये नाटकों ने रंगमंच की दुनियां में खूब नाम कमाया। आगे प्रभात बोस ने कहा कि दया प्रकाश जी की कलम से लिखे गये नाटकों व रचनाओं ने समाज को एक नयी दिशा दिखाने का काम किया।

दया प्रकाश सिन्हा का जन्म ब्रिटिश भारत के तत्कालीन संयुक्त प्रान्त आगरा व अवध (वर्तमान पश्चिमी उत्तर प्रदेश) में एटा जिले के कासगंज कस्बे में 2 मई, 1935 को अयोध्यानाथ सिन्हा व स्नेहलता के घर हुआ था। फैजाबाद से हाईस्कूल, तथा इलाहाबाद से इण्टरमीडिएट व बीएससी करने के बाद उनका मन हिन्दी साहित्य में एमए करने का था, किन्तु पिता की इच्छा को देखते हुए उन्होंने स्नातकोत्तर परीक्षा के लिये प्राच्य इतिहास, पुरातत्व व संस्कृति जैसा गम्भीर विषय चुना जिसमें उनकी विशेष रुचि थी।

प्रथम प्रयास में ही दया प्रकाश सिन्हा ने उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग की पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। उनकी पहली पोस्टिंग बहराइच में हुई। सन 1962 में कलकत्ता की रंगमंच अभिनेत्री प्रतिभा भारतीय से उनका विवाह हुआ। इस प्रकार उन्हें रंगमंच पर अभिनय करने के लिये मनचाहा साथी मिल गया। विभिन्न प्रशासनिक पदों पर रहते हुए दया प्रकाश सिन्हा ने रंगमंच से रिश्ता कायम रखा और एक के बाद एक सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ते चले गये।

दया प्रकाश सिन्हा विभिन्न राज्यों की प्रशासनिक सेवाओं में रहे। साहित्य कला परिषद, दिल्ली प्रशासन के सचिव, भारतीय उच्चायुक्त, फिजी के प्रथम सांस्कृतिक सचिव, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी व ललित कला अकादमी के अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ के निदेशक जैसे अनेकानेक उच्च पदों पर रहने के पश्चात सन 1993 में भारत भवन, भोपाल के निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए। नाट्य-लेखन के साथ-साथ रंगमंच पर अभिनय एवं नाट्य-निर्देशन के क्षेत्र में लगभग 50 वर्षों तक सक्रिय रहे। दया प्रकाश सिन्हा की नाट्य कृतियाँ निरन्तर प्रकाशित, प्रसारित व मंचित होती रही हैं। अनेक देशों में भारत के सांस्कृतिक प्रतिनिधि के रूप में भ्रमण कर चुके दया प्रकाश सिन्हा को कई पुरस्कार व सम्मान भी मिल चुके हैं।

दया प्रकाश सिन्हा की अद्यतन प्रकाशित नाट्यकृतियां

- दुश्मन
- सीढ़ियां
- इतिहास
- मेरे भाई मेरे दोस्त
- इतिहास चक्र
- ओह अमेरिका
- कथा एक कंस की
- साँझ-सवेरा

पुरस्कार व सम्मान

- अकादमी अवार्ड, संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली
- लोहिया सम्मान, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ
- साहित्यकार सम्मान, हिन्दी अकादमी, दिल्ली

सौभाग्य सुंदरी तीज व्रत आज, भोले बाबा और माता पार्वती की होगी पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हिंदू धर्म में मार्गशीर्ष का महीना तमाम तरह के पर्वों को लिए रहता है. इस पावन मास के कृष्णपक्ष की ?तृतीया तिथि पर महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना लिए हुए सौभाग्य सुंदरी तीज व्रत रखती हैं. यह व्रत देवों के देव कहलाने वाले महादेव और माता गौरी यानि पार्वती की पूजा से जुड़ा है। इस दिन विवाहित और अविवाहित महिलाएं सुख-सौभाग्य की कामना लिए विधि-विधान से व्रत रखती हैं। हिंदू मान्यता के अनुसार जिस व्रत को करने से विवाह में आ रही अड़चनें दूर और सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद प्राप्त होता है, सौभाग्य सुंदरी तीज व्रत को मार्गशीर्ष माह या फिर कहें अगहन महीने के कृष्णपक्ष की तृतीया तिथि वाले दिन रखा जाएगा। यह पावन तिथि इस बार 08 नवंबर 2025, शनिवार के दिन पड़ेगी। इस व्रत को को विवाहित और अविवाहित दोनों स्त्रियां सुख-सौभाग्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना लिए रखती हैं।

सौभाग्य सुंदरी व्रत की पूजा विधि : भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा के लिए समर्पित सौभाग्य सुंदरी व्रत को करने के लिए महिलाओं को प्रातःकाल स्नान ध्यान करने के बाद घर के ईशान कोण में चौकी में लाल कपड़ा बिछाकर शिव और पार्वती की प्रतिमा या चित्र स्थापित करना चाहिए। इसके बाद माता पार्वती को 16 की संख्या में श्रृंगार की वस्तुएं और फल-फूल, धूप-दीप आदि अर्पित करना चाहिए। सौभाग्य सुंदरी व्रत वाले दिन पूजा में कथा कहें और उसके बाद श्रद्धा भाव से शिव पार्वती की आरती करें। मान्यता है कि सौभाग्य सुंदरी तीज व्रत को विधि-विधान से रखने पर भगवान शिव और माता पार्वती का शीघ्र ही आशीर्वाद मिलता है।

सौभाग्य सुंदरी तीज व्रत कथा : हिंदू मान्यता के अनुसार के अनुसार जब सती के पिता दक्ष ने उनके पति भगवान शिव का अपमान किया तो उससे दुखी होकर तो अग्निकुंड में समाहित हो गईं, लेकिन जाते वक्त उन्होंने अपने पिता से कहा कि वह जन्म में भगवान शिव की अर्धांगिनी रहेंगी. मान्यता है कि उनका अगला जन्म पार्वती के रूप में हुआ और उन्होंने कठिन तप और व्रत करके भगवान शिव को पति के रूप में अंततः प्राप्त किया।

नियमित ट्रेनें अगर हैं फुल, तो विशेष ट्रेनों में लें कंफर्म टिकट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए अनेक विशेष गाड़ियों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष गाड़ियों में 20 नवम्बर तक के लिय बर्थ की उपलब्ध है।

छपरा से चलने वाली 05049 छपरा-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी में 14 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 590 बर्थ उपलब्ध है। लालकुआँ से चलने वाली 05060 लालकुआँ-कोलकाता पूजा विशेष गाड़ी में 13 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 06 बर्थ, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 54 बर्थ तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 205 बर्थ उपलब्ध है। छपरा से चलने वाली 04607 छपरा-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी में 17 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 461 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05634 गोरखपुर-नारंगी पूजा विशेष गाड़ी में 14 नवम्बर को शयनयान श्रेणी में 316 बर्थ उपलब्ध है।

मऊ से चलने वाली 05301 मऊ-अम्बाला कैंट पूजा विशेष गाड़ी में 13 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 01 बर्थ, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 106 बर्थ, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 316 बर्थ एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 106 बर्थ तथा 20 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 03 बर्थ, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 101 बर्थ, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 331 बर्थ एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 120 बर्थ उपलब्ध है। बढ़नी से चलने वाली 05005 बढ़नी-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी में 12 नवम्बर को शयनयान श्रेणी में 163 एवं 19 नवम्बर को शयनयान श्रेणी में 325 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 05064 मऊ-कोलकाता पूजा विशेष गाड़ी में 12 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 17 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 53 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 03132 गोरखपुर-सियालदह पूजा विशेष गाड़ी में 12 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 74, 14 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 119 तथा 19 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 133 उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 09112 गोरखपुर-वड़ोदरा पूजा विशेष गाड़ी में 17 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 18, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 34 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 36 बर्थ उपलब्ध है।

गोरखपुर से चलने वाली 03528 गोरखपुर-आसनसोल पूजा विशेष गाड़ी में 08 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 73 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 320 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 290 बर्थ उपलब्ध है।

गोरखपुर से चलने वाली 03678 गोरखपुर-धनबाद पूजा विशेष गाड़ी में 10 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 78, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 90 बर्थ, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 401 एवं शयनयान श्रेणी में 266 बर्थ तथा 17 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 78, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 95, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 402 एवं शयनयान श्रेणी में 324 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 04021 गोरखपुर-नई दिल्ली पूजा विशेष गाड़ी में 08 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 13, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 56 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 262 तथा 15 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 14, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 78, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 347 एवं शयनयान श्रेणी में 182 बर्थ उपलब्ध है। सीतामढ़ी से चलने वाली 04015 सीतामढ़ी-आनन्द विहार टर्मिनस पूजा विशेष गाड़ी में 09 नवम्बर को शयनयान श्रेणी में 24 बर्थ, 10 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 12 एवं शयनयान श्रेणी में 344 बर्थ तथा 11 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 22, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 02 एवं शयनयान श्रेणी में 71 बर्थ तथा 13 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 19 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 04 बर्थ उपलब्ध है। हसनपुर रोड से चलने वाली 04097 हसनपुर-नई दिल्ली पूजा विशेष गाड़ी में 09 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 400 बर्थ, 10 नवम्बर, 2025 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 728 बर्थ, 11 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 875 बर्थ, 12 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 806 बर्थ 13 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 899 बर्थ तथा 14 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 908 बर्थ उपलब्ध है।

दरभंगा से चलने वाली 04449 दरभंगा-नई दिल्ली पूजा विशेष गाड़ी में 18 नवम्बर को शयनयान श्रेणी में 168 बर्थ, 19 नवम्बर को शयनयान श्रेणी में 343 बर्थ तथा 20 नवम्बर, 2025 को शयनयान श्रेणी में 323 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 05301 मऊ-दरभंगा पूजा विशेष गाड़ी में 13 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 01 बर्थ, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 106, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 316 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 106 बर्थ तथा 20 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 01 बर्थ, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 101, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 331 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 120 बर्थ उपलब्ध है।

सीतामढ़ी से चलने वाली 04009 सीतामढ़ी-दिल्ली पूजा विशेष गाड़ी में 07 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 14 बर्थ, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 42, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 33 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 204 बर्थ तथा 14 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 16 बर्थ, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 65, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 89, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 247 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 150 बर्थ उपलब्ध है।- मानसी जं. से चलने वाली 04453 मानसी-नई दिल्ली पूजा विशेष गाड़ी में 16 नवम्बर को शयनयान श्रेणी में 01 बर्थ तथा 17 नवम्बर को शयनयान श्रेणी में 166 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 04830 गोरखपुर-जोधपुर पूजा विशेष गाड़ी में 14 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 51, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 155 बर्थ तथा शयनयान श्रेणी में 01 बर्थ उपलब्ध है।

चारबाग स्टेशन व वाराणसी में वंदे मातरम सामूहिक गायन

लखनऊ। शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्षभर चलने वाले राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में प्रातः 9:30 बजे किया गया। यह आयोजन 07 नवम्बर 2025 से 07 नवम्बर 2026 तक चलेगा, जो इस कालातीत रचना के 150वें वर्ष के स्मरण में पूरे देश में आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जन-जन के हृदय में देशभक्ति की ज्योति प्रज्वलित की, आज भी राष्ट्रीय गौरव, एकता और आत्मसम्मान का प्रतीक है।

स्मरणोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर आज वाराणसी मे चेयरमैन रेलवे बोर्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार की उपस्थिति में महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे अशोक कुमार वर्मा व मण्डल रेल प्रबंधक, लखनऊ सुनील कुमार वर्मा एवं मुख्यालय से आए हुए अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रातः 9:50 बजे उत्साहपूर्वक वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया।

इसी प्रकार लखनऊ स्टेशन के फर्स्ट क्लास पोर्टिको पर आयोजित कार्यक्रम में अपर मण्डल रेल प्रबंधक (लखनऊ) नीलिमा सिंह की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में रेलकर्मियों, यात्रियों तथा आमजन ने भाग लिया। सभी प्रमुख स्टेशनों लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या धाम, सुलतानपुर, बाराबंकी, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ , भदोही आदि पर वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन किया गया।

वर्ष 2025 में वंदे मातरम गीत की रचना के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित हमारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम्-अक्षय नवमी के पावन अवसर पर, 7 नवंबर 1875 को लिखा गया था। वंदे मातरम पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के एक अंश के रूप में प्रकाशित हुआ था। मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि और दिव्यता का प्रतीक बताते हुए इस गीत ने भारत की एकता और आत्मगौरव की जागृत भावना को काव्यात्मक अभिव्यक्ति दी। यह गीत जल्द ही राष्ट्र के प्रति समर्पण का एक चिरस्थायी प्रतीक बन गया। उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम राष्ट्रीय चेतना, एकता और सांस्कृतिक विरासत के गौरवपूर्ण उत्सव का प्रतीक है।

पांच हजार विद्यार्थियों ने एक साथ गाया वंदे मातरम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शुक्रवार को लखनऊ के बक्शी तालाब स्थित एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स में राष्ट्र गौरव एवं भारतीय एकता के प्रतीक भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित इस अमर गीत को पांच हजार से अधिक विद्यार्थियों ने एक साथ गाते हुए मां भारती को नमन किया। कार्यक्रम में एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान एवं अभाविप पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही की प्रमुख रूप से उपस्थिति रही।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ शैक्षणिक एवं सामाजिक परिवेश में सक्रिय हैं। विद्यार्थी परिषद द्वारा देशभर में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। अभाविप के आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन के लोगो में भी तिरंगे रंगों का संयोजन इसी भावना का प्रतीक है। प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा किए गए इस सामूहिक गान से वातावरण मंत्रमुग्ध हो उठा। कार्यक्रम के दौरान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत की ऐतिहासिक भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही ने कहा, राष्ट्रीय एकात्मकता एवं गौरव का प्रतीक बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम गीत हमें अपने उन्नयन काल से दिशा दिखाता आया है। आज विद्यार्थियों के इतने विशाल समूह द्वारा एक स्वर में इस गीत का गान इतिहास और वर्तमान दोनों में इसकी महत्ता को पुनः स्थापित करता है। इन विद्यार्थियों को देखकर विश्वास होता है कि भारत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिसमें राष्ट्रीयता का भाव रखने वाले इन युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।

चेयरमैन रेलवे बोर्ड ने किया वाराणसी जं. रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

लखनऊ। चेयरमैन रेलवे बोर्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार द्वारा आज वाराणसी जंक्शन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे, अशोक कुमार वर्मा, महाप्रबंधक/पूर्वोत्तर रेलवे, उदय बोरवणकर व मण्डल रेल प्रबंधक/लखनऊ सुनील कुमार वर्मा तथा रेलवे मुख्यालय एवं लखनऊ मण्डल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान वाराणसी जंक्शन स्टेशन के चरणबद्ध पुनर्विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्टेशन के उन्नयन, यात्री सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता प्रबंधन, सुरक्षा तथा सौंदर्यीकरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई।

सतीश कुमार ने मैटेरियल रिकवर फैक्लिटी का भी निरीक्षण किया और स्टेशन परिसर में अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने स्वच्छता एवं अपशिष्ट पुनर्चक्रण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने रोप-वे स्टेशन का निरीक्षण किया तथा वाराणसी जंक्शन से रोप-वे स्टेशन तक जाने वाले मार्ग का भी अवलोकन किया। उन्होंने यात्री आवाजाही की सुगमता एवं यातायात प्रबंधन के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपायों पर जोर दिया। वाराणसी जं. स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया, रेलवे कॉलोनी, कार्यालय भवनों, प्लेटफॉर्म्स, ओवरब्रिज, तथा ए.सी. वेटिंग हॉल का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्टेशन के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति को देखा तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्री सुविधाओं के उन्नयन के सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाएं।

निरीक्षण के दौरान सतीश कुमार ने कहा कि वाराणसी जंक्शन देश के सबसे महत्त्वपूर्ण स्टेशनों में से एक है। इसके विकास कार्यों में पारंपरिक संस्कृति और आधुनिकता का समन्वय सुनिश्चित किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएँ प्रदान करना है। निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों ने स्टेशनों पर किए जा रहे पर्यावरण अनुकूल, यात्री-केंद्रित एवं स्मार्ट प्रबंधन से संबंधित पहल की भी जानकारी दी।

लखनऊ में कई ट्रेनों के प्लेटफार्म बदले

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर 8 नवम्बर को लखनऊ-सहारनपुर नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के उद्घाटन कार्यक्रम के फलस्वरुप लखनऊ जं. से चलने वाली कई ट्रेनो के प्लेटफार्म में बदलाव किया गया है। 8 नवम्बर को लखनऊ जं. से चलने वाली उद्घाटन विशेष गाड़ी संख्या 02534 लखनऊ-देहरादून वंदे भारत प्लेटफार्म संख्या 06 से संचालित की जाएगी। 8 नवम्बर को लखनऊ जं. से चलने वाली गाड़ी संख्या 22545 लखनऊ-देहरादून वंदे भारत प्लेटफार्म संख्या 05 से संचालित की जाएगी। 8 नवम्बरको लखनऊ जं. से चलने वाली गाड़ी संख्या 82501 तेजस प्लेटफार्म संख्या 4 से संचालित की जाएगी।

आईआरसीटीसी करायेगा टेम्पल टूर ऑफ पूरी की सैर

लखनऊ। आईआरसीटीसी क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा लखनऊ से टेम्पल टूर ऑफ पूरी के साथ कोणार्क डांस फेस्टिवल का हवाई टूर पैकेज का संचालन किया जा रहा है, यह पैकेज 4 रात एवं 5 दिन की अवधि का होगा है। जिसमें भुवनेश्वर, नंदनकानन, पुरी, चिल्का, और कोणार्क का भ्रमण कराया जाएगा। यह पैकेज 1 से 5 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। टूर की विशेषताओं में इस टूर में यात्रियों को लखनऊ से भुवनेश्वर जाने की सीधी फ्लाइट की व्यवस्था और भुवनेश्वर से लखनऊ आने की सीधी व्यवस्था फ्लाइट के माध्यम से की गई है। खान-पान एवं ठहरने के लिए तीन सितारा होटल में व्यवस्था की गयी है। यात्रा के दौरान नंदन कानन उद्यान, धौली स्तूप, गोल्डन समुद्र तट, जगन्नाथ मंदिर, चिल्का झील, अलारनाथ मंदिर, सूर्य मंदिर और लिंगराज मंदिर आदि का भ्रमण कराया जायेगा। एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 48900 रुपये, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 38600 रुपये, तीन व्यक्तियो के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 36100 रुपयं, माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य 29700 रुपये, बेड सहित एवं मूल्य 28000 रुपये बिना बेड के होगा। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। उक्त यात्रा की बुकिंग पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट irctctourism.com पर ऑनलाइन भी कराई जा सकती है। अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिये लखनऊ में 8287930911/9236391911/8287930902 और कानपुर के 8287930926 मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते है।

चिकित्सक सरकारी दवाएं ही लिखें

लखनऊ। जनपद में हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाएं समय से और दवाएं उचित दर पर मिलें। इसको लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने शुक्रवार को सभी स्वास्थ्य केंद्रों को निर्देश जारी किए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि समाज के हर तबके के व्यक्ति को समय से स्वास्थ्य सेवाएं और उचित दामों पर दवाएं मिलें। इसको लेकर विभाग गंभीर है। इसी क्रम में यह निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में 200 से अधिक दवाएं उपलब्ध हैं। इसलिए कोई भी चिकित्सक किसी भी मरीज को बाहर की दवा कतई न लिखे, अगर आवश्यक है तो जेनेरिक दवा ही लिखे। इसके साथ ही दवा का प्रिस्क्रिप्शन अस्पताल के पर्चे पर ही लिखें। सादी पर्ची पर और बाहर की दवा लिखने वाले चिकित्सकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। चिकित्सक स्वास्थ्य केंद्रों पर समय से आएं और अपनी सेवाएं दें।

बीटेक पहले साल के छात्रों में पड़ा नवाचार का बीज

एकेटीयू में कलाम उद्भव प्रोजेक्ट एक्स्पो में छात्रों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान वाले मॉडल को किया प्रस्तुत ‖ कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने छात्रों के इस प्रयास को सराहा

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय एवं एरा फाउंडेशन की ओर से सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज में कलाम उदभ्व प्रोजेक्ट एक्स्पो का आयोजन किया गया। इसमें सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज के बीटेक प्रथम वर्ष के छात्रों की 33 टीम ने शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान देने वाले 30 मॉडल प्रस्तुत किये। इसमें किसी ने ई कचरा के निस्तारण का समाधान दिया तो किसी टीम ने रसोईं से निकलने वाले कचरे से बायोगैस बनाने का मॉडल प्रस्तुत किया। इन मॉडलों का कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने बारीकी से अवलोकन किया। छात्रों से उनके मॉडल की जानकारी ली। साथ ही छात्रों के बनाये नवाचार को आगे ले जाने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के डीएनए में नवाचार होना चाहिए। तकनीकी छात्र नवाचार के जरिये न केवल रोजगार प्राप्त करेगा। बल्कि रोजगार के अवसर भी बनायेगा। वह नौकरी देने वाला बनेगा। कहा कि बीटेक प्रथम वर्ष के छात्रों का इस तरह नवाचार के प्रति रूझान काफी अच्छा है। ये छात्र भविष्य में सामाजिक समस्याओं को दूर करने में अपना योगदान देंगे। साथ ही तकनीकी और उद्योगों को नया आकार देने का काम करेंगे। इस मौके पर अधिष्ठाता ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव, निदेशक सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज प्रो. वीरेंद्र पाठक, डीन इनोवेशन प्रो. बीएन मिश्रा, एसो. डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा सहित एरा फाउंडेशन सीईओ मुरलीधर, डॉ रमेश, सचिन आदि विशेषज्ञ मौजूद रहे।

इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में बिजनेस लीडर्स कॉन्क्लेव शुरू

लखनऊ। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के इंटीग्रल बिजनेस स्कूल (आईबीएस) द्वारा फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर, प्लानिंग एंड डिजाइन के सहयोग से दो दिवसीय शुक्रवार को पहला फर्स्ट बिजनेस लीडर्स कॉन्क्लेव आयोजित किया गया, जिसमें व्यापार, प्रौद्योगिकी और शिक्षा के भविष्य को आकार देने वाले वरिष्ठ प्रशासक, शिक्षाविद, उद्योग विशेषज्ञ और उद्यमी शामिल रहे।

उद्घाटन सत्र के बाद कंसल्टोक्रेसी पर प्रशासनिक दृष्टिकोण विषय पर पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन, राजनीतिक रणनीति विशेषज्ञ भास्कर सिंह सहित अन्य ने शासन और परामर्श की प्रक्रिया पर चर्चा की। इस अवसर पर ज्ञान डेयरी के निदेशक जय कुमार अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में भी उपस्थित रहे। शिक्षा में जेनरेटिव एआई अपनाने पर अकादमिक संवाद में प्रो. अभिषेक मिश्रा, कुलपति प्रो. जावेद मुसर्रत और अन्य विशेषज्ञों ने शिक्षा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव पर विचार विमर्श किया। दिन के दूसरे सत्र में क्रिएटिंग ए वाइब्रेंट स्टार्टअप इकोसिस्टम विषय पर उद्यमिता के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई जिसमें नवाचार, निवेश और संसाधनों के नेटवर्क पर जोर दिया गया। साथ ही, बुक टॉक, लखनऊ के इतिहास पर प्रस्तुति, पर्यावरण विषयक वृत्तचित्र तथा डिजाइन थिंकिंग, राजनीतिक मार्केटिंग व आर्किटेक्चरल फोटोग्राफी पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिनसे प्रतिभागियों को व्यावहारिक सीख मिली।

यह कॉन्क्लेव इंटीग्रल बिजनेस स्कूल की अकादमिक उत्कृष्टता व उद्योग-अकादमिक तालमेल की प्रतिबद्धता का प्रतीक है और नवाचार तथा नेतृत्व को बढ़ावा देने का उपयुक्त मंच साबित हुआ।

उत्तर पुस्तिका देखने के लिए 17 तक कर सकेंगे आवेदन

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2024-25 सम सेमेस्टर द्वितीय चरण परीक्षा के बीटेक, बीफार्मा एवं एमबीए के चैलेंज मूल्यांकन के लिए उत्तर पुस्तिका देखने को अभ्यर्थी 17 नवंबर तक ईआरपी के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। इसके बाद डिजिटल मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका छात्रों के ईआरपी लॉगइन पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

मंडलीय स्तर पर माटीकला पुरस्कार वितरण एवं प्रदर्शनी का आयोजन

लखनऊ। मंडलीय स्तर पर माटीकला पुरस्कार वितरण एवं प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें मंडलीय ग्राम उद्योग अधिकारी अजय पाल द्वारा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम कराया गया। इसमें अवधेश कुमार गौतम जिला ग्राम उद्योग अधिकारी, प्राचार्य तनुजा और मंडल के सभी जिला ग्राम उद्योग अधिकारी मौजूद रहे तथा इस कार्यक्रम के अध्यक्ष संजय पांडे नोडल अधिकारी उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड भी उपस्थित रहे तथा उनके द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

सामूहिक राष्ट्रगीत गाकर मनाया उत्सव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। हमारी संस्कृति, सभ्यता और स्वतंत्रता के प्रतिबिंब हमारे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गौरवशाली 150 वर्षों पूर्ण होने पर भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा सीतापुर रोड स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं बच्चों ने सामूहिक गीतगान कार्यक्रम में जनसहभागिता के साथ राष्ट्रभावना का अद्भुत संगम देखा गया।

राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष बना रहे हैं। 1950 में संविधान सभा में राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय गीत घोषित किया गया। आज 150 वर्ष पूर्ण होने पर दिल्ली में वंदे मातरम पर टिकट भी जारी किया गया और वंदे मातरम का सिक्का जारी किया गया है यही राष्ट्रीय भावना है यह देश के प्रति प्रेम है पूरे देश 7 से 15 नवंबर तक मोहल्ले, वार्ड, चौराहा पर यह राष्ट्र गीत गया जाएगा एक शंखनाद होगा यह भारत भूमि मेरा है इस भूमि के प्रति मेरा कर्तव्य है यही भाव पैदा करना है कि 150 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में राष्ट्र गीत के प्रति उत्सव रूप में मनाया जाएगा। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि देश की जो नकारात्मक शक्तियां हैं वंदे मातरम को प्रतिबंधित करने का कार्य करती है वहीं भाजपा की मोदी, योगी की सरकार 150 वर्ष पूर्ण होने पर उत्सव मनाती है हमारे यहां के सांसद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जिस प्रकार से इस शहर के चौमुखी विकास के लिए संकल्पित है वही हम सभी लोगों 150 पूर्ण होने पर वंदे मातरम गीत होने के उत्सव मना रहे हैं हम सभी ने पढ़ा होगा कि वंदे मातरम एक गीत ही नहीं है वंदे मातरम उसे आजादी का जय घोष था आजादी के समय महापुरुषों के बलिदान से आजादी मिली है उनका यह गीत उद्घोष से अंग्रेज शासन को हिला कर रख दिया था हम सभी जब वंदे मातरम का जय घोष करते हैं तो निश्चित तौर पर हमारे अंदर जो ऊर्जा है सकारात्मक ऊर्जा बहती है विपक्षियों का विरोधियों का नकारात्मक शक्तियों का नाश करती है। इस अवसर पर महामंत्री राम अवतार कन्नौजिया, संयोजक डॉ विवेक सिंह तोमर, प्रबंधक अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, अनुराग साहू, सौरभ वाल्मीकि जी, टिंकू सोनकर, राकेश सिंह, सीता नेगी, नम्रता श्रीनेत, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्या, पार्षद प्रदीप शुक्ला, विनय पटेल आकाश सिंह जी एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस मुख्यालय में हुआ वंदे मातरम का सामूहिक गान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस मुख्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। साथ ही इस ऐतिहासिक क्षण से संबंधित कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा इस अवसर पर दिए गए सम्बोधन का सीधा प्रसारण देखा गया।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक लॉजिस्टिक, अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं तथा अपर पुलिस महानिदेशक यातायात सहित पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ की बैण्ड टीम द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम की मनोहारी एवं उत्साहपूर्ण धुन प्रस्तुत की गई, जिसने उपस्थितजनों में राष्ट्रप्रेम की सजीव अनुभूति उत्पन्न की। इस उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए राजीव कृष्णा पुलिस महानिदेशक द्वारा 35वीं वाहिनी पीएसी की बैण्ड टीम को पुरस्कृत किया गया।

इसके अतिरिक्त 35वीं वाहिनी पीएसी एवं 32वीं वाहिनी पीएसी की बैण्ड टीमों द्वारा लखनऊ के विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थलों डॉ. राममनोहर लोहिया पार्क गोमतीनगर, हजरतगंज, रेलवे स्टेशन चारबाग, परिवर्तन चौक, 1090 चौराहा, जनेश्वर मिश्र पार्क, हाईकोर्ट के निकट क्षेत्र तथा आलमबाग बस स्टेशन पर वंदे मातरम की आकर्षक एवं प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई।

पुनर्वास विवि में मना अंतर्राष्ट्रीय प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक्स दिवस समारोह



लखनऊ। डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग पुनर्वास केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स दिवस समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, क्विज प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को हुआ। इस समारोह का उद्घाटन विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. वीके सिंह, कुलसचिव रोहित सिंह, प्रो. यशवंत वीरोदय, डॉ रणजीत कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में सम्मिलित दिव्यांगजनों को जेनु वैल्गम, फुटफ्लैट, सेरेब्रल पाल्सी, टेलिप्स इक्विनस, बाउटोनीयर, क्यूबिटस वैल्गस, फुट फ्लैट, सी.टी.ई.वी. स्पाइनल कॉर्ड इंजरी जैसी विकृतियों और आनुवंशिक बीमारियों पर व्यापक जानकारी प्रस्तुत की गयी। उसके बाद क्विज प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया एवं विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. राशि कृष्ण सिन्हा, विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. कौशिकी सिंह, डॉ आशुतोष यादव, डॉ आशुतोष पाठक, डॉ सलमान अहमद खान, डॉ संजय आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

संक्षेप

नौ हिस्ट्रीशीटर की बंद हुई हिस्ट्रीशीट

अयोध्या । अपराध नियंत्रण अभियान में जिला पुलिस ने रौनाही थाना क्षेत्र के नौ हिस्ट्रीशीटर की मौत होने के कारण उनकी हिस्ट्रीशीट बन्द कर दी है। संबंधित थाना पुलिस की रिपोर्ट के बाद एसएसपी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। एसएसपी डा गौरव ग्रोवर ने बताया कि निगरानी के दौरान इस बात का खुलासा हुआ कि कुछ हिस्ट्रीशीटरों की मौत हो चुकी है। जिसके बाद थाना पुलिस को एक-एक हिस्ट्रीशीटर की जांच का आदेश दिया गया। जाँच में रौनाही थाना क्षेत्र में नौ हिस्ट्रीशीटर मृत पाए गए। जिसके बाद बुद्धुलाल शर्मा उर्फ प्रेम शर्मा पुत्र तिलकराम निवासी पिलखांवा, अमरनाथ यादव पुत्र श्रीप्रसाद यादव निवासी बरई कला, रामतीरथ पुत्र शम्भू उर्फ मनीराम निवासी कटरौली, संतोष कुमार सिंह पुत्र हरिकेश सिंह निवासी लोध उर्फ रामनरायन पुत्र स्व.जगन्नाथ निवासी मोहम्मदपुर कटरा थाना रौनाही की हिस्ट्रीशीट को नष्ट किये जाने का आदेश दिया गया है।

राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित

देवरिया । रुद्रपुर विधानसभा के ब्लाक सभागार रुद्रपुर राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया साथ ही में र कफ्को लेकर विधानसभा की बैठक भी आयोजित की गई ।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में एस आई आर लागू होने के बाद से पार्टी ने इसे गंभीरता से लेते हुए पूरे जनपद में विधानसभावार, मंडलों और बूथों पर भी बैठकें कर रही है । श्री सिंह ने पार्टी के सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि एस आई आर का व्यापक स्तर पर प्रचार कर हर युवा और वैद्य वोटरों को मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य करें ताकि शत प्रतिशत लोग मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकें इसके साथ ही जो नाम विलोपित हो चुका है उसको मतदाता सूची से हटाया जा सके । जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने इस अवसर पर स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया और युवाओं से भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश को एकजुट किया। यह अभियान पूरे वर्ष चलेगा और इसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रुद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद ने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि मतदाता पुनरीक्षण को कार्यकर्ता गंभीरता से लेते हुए अपने अपने बूथों पर बी एल ए का गठन कर लें साथ ही मतदाता सूची में अपने परिवार और अन्य युवा वोटरों के नाम भी जुड़वा लें । जहां समस्या आ रही हो वहां जनप्रतिनिधियों, पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारियों और जिलाध्यक्ष से संपर्क कर समस्या से अवगत कराएं ताकि समय रहते त्रुटियों को सुधारा जा सके।

उन्होंने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्रगीत राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत व आजादी के समय सर्वाधिक गाए जाने वाला गीत है जिसे बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 1896 में लिखा था और रविंद्र नाथ टैगोर ने 1905 में इसका गायन किया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 पर पूर्ण होने के उपलक्ष में पूरे देश में इसे उत्सव रूप में मनाया जाएगा । इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छठे लाल निगम, रमेश सिंह, ब्लाक प्रमुख ऊषा पासवान, जिला मंत्री रमाशंकर निषाद मंडल अध्यक्ष ऋषि कुमार सिंह, दिलीप जायसवाल, रामसंतोष शुक्ला, वैभव सिंह शोले, सहित आणि पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

उपकरण वितरण के लिए 207 दिव्यांग चिन्हित

देवरिया । आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव के निर्देश के क्रम में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा श्री ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा बी0आर0सी0- रामपुर कारखाना, देवरिया में दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरण भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम लिमिटेड, कानपुर के सहयोग से आयोजित कराया गया। जिसमें कुल 165 बच्चों का परीक्षणोपरान्त कैंप में ट्राई साइकिल -12, व्हीलचेयर 28, बैसाखी-20; रोलेटर-8, एम0आर0 किट-38, ब्रेल किट 11, स्मार्ट केन -04, वाकिंग स्टिक -1 सीपी चेयर -12, हियरिंग एड 50 एवं कैलीपर 22, आर्टीफिशियल लिम 2 ए.डी.एल.किट 1वितरित किया जाएगा। इस प्रकार कुल 207 उपकरण के लिए चिन्हित करते हुए एलिम्को के प्रतिनिधि श्री फैजल, आनन्द सिंह, अभिषेक नरेन्द्र कुमार एवं गजेन्द्र कुमार द्वारा टोकन जारी किया गया। इस अवसर पर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह, जिला समन्वयक(शिक्षा) ने बताया कि जनपद में कुल 4057 दिव्यांग बच्चे चिन्हित है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोरक्ष प्रांत के अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन

देवरिया। सेवा समिति बनवारी लाल इंटर कॉलेज के परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोरक्ष प्रांत के पैसठवें प्रांतीय अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर के माध्यम से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया है कि वह आगामी 13,14,15 तथा 16 नवंबर को बलिया के मुरली मनोहर टाउन डिग्री कॉलेज में आयोजित होने वाले अधिवेशन में उत्साह के साथ भागीदारी करें। पोस्टर विमोचन के अवसर पर सेवा समिति बनवारी लाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अजय मणि त्रिपाठी जी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का लक्ष्य एक ऐसी राष्ट्रवादी छात्र शक्ति का निर्माण करना है जो राष्ट्र प्रथम की भावना से समाज के हर क्षेत्र में कार्य करने के लिए आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद की यह स्पष्ट मान्यता है की विद्यार्थी कल नहीं आज का नागरिक है। अतः एक उत्तरदायित्वपूर्ण सामाजिक सांस्कृतिक समाज की रचना उसका दायित्व है। उन्होंने कहा कि आगामी अधिवेशन में देश और विशेष कर उत्तर प्रदेश के सामाजिक विखंडन से उठ रही राजनीतिक विचारधारा को ध्वस्त करने की नीति पर विचार किया जाएगा। पोस्टर के विमोचन के अवसर पर डॉ अशोक चौहान संजीव पाठक विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री प्रशांत जी आदित्य त्रिपाठी परिषद के जिला संयोजक अमित मणि बजरंग दल के संयोजक सौरभ मणि त्रिपाठी तथा डॉक्टर अरविंद शुक्ला इत्यादि उपस्थित थे।

रेलवे लाइन के किनारे रखी बाइक की चोरी

भटनी(देवरिया)। स्थानीय नगर के चीनी मिल गेट पर स्थित त्रिशक्ति मन्दिर से सीधे दक्षिण तरफ रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते पर रेलवे स्टेशन पर बाईक खडी कर स्टेशन पर जाने वाले बाईक को चोर उठा ले गये ।बताया गया है कि थाना क्षेत्र के ग्राम जिरासो निवासी हरिशंकर सिंह उर्फ झुन्ना सिंह पुत्र स्व फत्तेहबहादुर सिंह उ प्र पुलिस में आजमगढ में तैनात है ।उनकी बहन को ट्रेन पर चढाने के लिए उनका ड्राइवर उनकी बहन को बाईक से लेकर गया था ।मन्दिर से सीधे जाने वाले स्टेशन के रास्ते पर बाईक रेलवे स्टेशन के उत्तर तरफ रेलवे लाईन पर खडी कर स्टेशन पर चला गया ।खडी हीरो पैशन बाईक संख्या -यू पी-50ए एक्स 1033वहां नही मिली ।बाईक चोरी की सूचना फोन से हरिशंकर सिंह को ड्राइवर ने दिया ।तो हरिशंकर सिंह ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दिया ।इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने बताया की घटना मेरे संज्ञान में नही है । संज्ञान में आते ही जाँचोपरान्त कार्यवाही की जायेंगी ।वही एक आरक्षी ने बताया की मामला की जाँच पडताल शुरू कर दी गयी है ।

जिला एकीकरण समिति की बैठक 10 को

देवरिया। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि जिला पंचायत अध्यक्ष पं0 गिरीश चंद्र तिवारी की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिला एकीकरण समिति की बैठक दिनांक 10 नवम्बर 2025 को दोपहर 12:00 बजे, गांधी सभागार, विकास भवन, देवरिया में आयोजित की जाएगी।

स्वच्छता के प्रति समर्पित सफाई मित्रों को किया सम्मानित

देवरिया। नगर पालिका परिषद देवरिया द्वारा स्वच्छता के प्रति समर्पित सफाई कर्मियों को सम्मानित करने के लिए आज देवरिया क्लब में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल और नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष अलका सिंह ने लगभग चार सौ सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ह्लसफाई कर्मी हमारे शहर की रीढ़ हैं, जो प्रतिदिन सुबह से ही नगर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ह्व उन्होंने कहा कि दीपावली, छठ जैसे पर्वों पर सफाई कर्मियों द्वारा दिखाई गई निष्ठा और परिश्रम के कारण ही नगर की सुंदरता और स्वच्छता बनी रहती है अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि ह्लसफाई मित्रों की मेहनत और समर्पण से ही देवरिया स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है ह्व उन्होंने आश्वस्त किया कि नगर पालिका प्रशासन सफाई कर्मियों के हितों और सुविधाओं को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है।

अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सफाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक उपकरणों और संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है, जिससे सफाई कर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण मिल सके।

कार्यक्रम के अंत में सफाई कर्मियों ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया और नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सभासद, सफाई निरीक्षक राज प्रताप सिंह, वरिष्ठ सफाई लिपिक काशीनाथ पांडेय, मनीष श्रीवास्तव, राजन सिंह, समस्त सफाई नायक एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

आत्मनिर्भर महिलाएं ही देश के अर्थव्यवस्था की नींव बनेंगी: गजेंद्र

कुशीनगर। देश की आधी आबादी के स्वालंबी बनने से ही आर्थिक और सामाजिक क्रांति को बल मिल सकता है। ऐसे में महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करना भविष्य के आर्थिक नियोजन को मजबूती देना है।

यह बातें सेंटल बैंक के एजीएम गजेन्द्र सिंह चौहान ने कही। वह रुदवलिया स्थित सेंट्रल बैंक महुअवा बुजुर्ग में स्वयं सहायता समूह, क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक सपहा एवं सेंट्रल बैंक महुअवा बुजुर्ग की 16 स्वयं सहायता समूह की 160 महिलाओं में 70 लाख रुपए का ऋण वितरित करते हुए चौहान ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता व नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं ब्यूटीपार्लर, पशुपालन, सिलाई बुनाई आदि को अपना आर्थिक आधार बनाएं। विशिष्ट अतिथि जिला प्रबंधक कुशीनगर संतोष कुमार ने कहा कि जब तक देश की महिलाएं आत्मनिर्भर नहीं होगी, भारत आत्मनिर्भर नहीं हो सकता। भारत की नारी शक्ति हमारी पूंजी है। सरकार एवं बैंक प्रबंधन महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कई योजनाओं पर काम कर रहा है। स्वयं सहायता समूहों के जरिये महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा रहा है। कार्यक्रम को मुख्य प्रबंधक गोरखपुर उत्कर्ष तिवारी एवं बैंक कैशियर रामसूचित प्रसाद, स्वयं सहायता समूह से जुड़ी मीरा देवी, कमलावती देवी, उर्मिला एवं जमीला खातून ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन से हुआ। कार्यक्रम संचालन शाखा प्रबंधक महुववा बुजुर्ग सौरभ कुमार ने किया। इस दौरान विकास सैनी, सदानंद सिंह, नंदनी, सोनू मद्धेशिया, ललन यादव, दीपक मद्धेशिया, अविनाश सिंह, सच्चिदानंद, केसी यादव आदि मौजूद रहे।

डीएम ने किया निर्वाचन कार्यालय स्थित कॉल सेंटर का शुभारंभ

कुशीनगर। निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कॉल सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कॉल सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं, तकनीकी व्यवस्थाओं एवं कर्मियों की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने बताया कि कॉल सेंटर का मुख्य उद्देश्य आम मतदाताओं को एसआईआर संबंधी समुचित जानकारी उपलब्ध कराना, शिकायतों/सुझावों का पंजीकरण कर उचित समय में निस्तारण सुनिश्चित करना तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने व सुधार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करना है। कॉल सेंटर पर प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती की गई है, जो निर्धारित समय पर नागरिकों की समस्याओं को दर्ज कर संबंधित अधिकारी तक प्रेषित करेंगे ।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों/अनुरोधों पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके। काल सेंटर का नम्बर 05564-1950, 05564- 297091 है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के अन्य अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

खेल न केवल शरीर को बल्कि मन को भी अनुशासित और एकाग्र बनाते हैं: डॉ. रमापतिराम त्रिपाठी

देवरिया। मेरा युवा भारत देवरिया (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) तथा स्वामी विवेकानंद युवा वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में विकासखण्ड बैतालपुर के स्टार इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला युवा अधिकारी चंद्रभूषण चौबे, डॉ. अभय मणि त्रिपाठी (प्रदेश संयोजक, चिकित्सा प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश), पवन मिश्रा (जिला अध्यक्ष, किसान युवा मोर्चा), सर्वेश नाथ त्रिपाठी, राजेश निषाद (मंडल अध्यक्ष, बैतालपुर) अजय पांडेय सभासद एवं स्कूल के प्रबंधक तारकेश्वर यादव सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों में जोश और उत्साह देखते ही बनता था। प्रतिभागियों ने खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया ।कबड्डी (बालक वर्ग) में थापर इंटर कॉलेज विजेता तथा स्टार इंटरनेशनल स्कूल उपविजेता रही।

● विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

वहीं खो-खो (बालिका वर्ग) में स्टार इंटरनेशनल स्कूल विजेता एवं आर.वी.वाई. की टीम उपविजेता रही।

लंबी कूद में मुरली मनोहर यादव प्रथम, विपिन गौतम द्वितीय एवं सचिन गौतम तृतीय स्थान पर रहे ।बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में सुहानी वाल्मीकि प्रथम, सलोनी चौहान द्वितीय तथा काजल यादव तृतीय स्थान पर रहीं ।शॉटपुट थ्रो में विपिन गौतम ने प्रथम, सूरज यादव ने द्वितीय और नितेश यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।डिस्कस थ्रो में अभय यादव प्रथम, नितेश यादव द्वितीय और मुरली मनोहर यादव तृतीय स्थान पर रहे ।निर्णायक मंडल में आकाश , धनंजय यादव जी, रवि जी एवं विशाल पटेल जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विकास यादव ने किया, जिन्होंने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रमापति राम त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि – खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मन को भी अनुशासित और एकाग्र बनाते हैं।

खेलों के माध्यम से युवाओं में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना विकसित होती है। ग्रामीण क्षेत्र के इन प्रतिभावान खिलाड़ियों में अपार संभावनाएँ हैं, जिन्हें आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं।

उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि ह्लमेरा युवा भारतह्व जैसी संस्थाएँ युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए सराहनीय कार्य कर रही हैं।

कार्यक्रम में विश्वनाथ गुप्ता, अजीत यादव, सुधाकर, सत्यम, अनुप्रिया, सुवंगी, रोशनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं ।कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को मंच मिलता है और युवा खेलों के माध्यम से समाज में अनुशासन, एकता व सकारात्मक सोच का प्रसार करते हैं ।पूरा कार्यक्रम उत्साह, जोश और खेल भावना से परिपूर्ण रहे।

चंद्रभूषण मणि त्रिपाठी अध्यक्ष और विंध्याचल सिंह मंत्री निर्वाचित

देवरिया । उत्तर प्रदेश सहायक विकास अधिकारी पंचायत संघ जनपद देवरिया का द्विवार्षिक कार्यकारिणी के गठन की बैठक नोडल अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी देवरिया रतन कुमार की अध्यक्षता मे सदर विकास खण्ड

● एडीओ पंचायत संघ कार्यकारिणी का गठन

सभागार में शुक्रवार को संपन्न हुआ। जिसमे चन्द्रभूषण मणि त्रिपाठी को जिलाध्यक्ष, विंध्याचल सिंह को मंत्री, धीरेन्द्र सागर को उपाध्यक्ष, अनिल कुमार चौबे को कोषाध्यक्ष, अनारुल सिद्धिकी को सम्प्रेक्षक एवं राजेश राय को संरक्षक निर्वाचित किया गया ।चुनाव उपरांत नव निर्वाचित सहायकस्वागत एवं सम्मान किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष चंद्रभूषण मणि त्रिपाठी ने कहा कि सहायक विकास अधिकारी पंचायत की हर समस्या का निस्तारण कराने का प्रयास किया जाएगा ।बधाई देने वालो मे अजय दूबे, आनंद मणि मानवेन्द्र शाह, शैलेन्द्र कुमार, दीनदयाल चौहान आदि शामिल रहै ।

चार की खुली हिस्ट्रीशीट

अयोध्या। अपराध नियंत्रण के लिए एसएसपी ने जिले के चार थाना क्षेत्रों के एक-एक की हिस्ट्रीशीट खोलने का आदेश जारी किया है। जिला पुलिस कार्यालय की ओर से बताया गया कि एसएसपी डॉ.गौरव ग्रोवर ने राजू निषाद पुत्र रामलौट निषाद उर्फ रामलौट निवासी दराबगंज हाजीपुर सिंहपुर थाना कैण्ट, विशुनदेव निषाद उर्फ कल्लू निषाद निवासी खाले का पुरवा रामघाट हाल पता काशीराम कालोनी कोतवाली अयोध्या, मयंक सिंह पुत्र भीमसेन सिंह निवासी नरियावां थाना पूराक्मुकुंदहा थाना खण्डासा को दुराचारी घोषित करते हुए इनकी हिस्ट्रीशीट खोलने का आदेश दिया है।

विशेष गहन पुनरीक्षण में 2002 के बाद जुड़े मतदाताओं से नागरिकता के प्रमाण मांगे जाएंगे

बिजनौर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर के निदेशों के अनुपालन में जिला बिजनौर में विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे का कार्य शुरू हो गया है। अभियान के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं को फॉर्म वितरित कर उनसे आवश्यक जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने मीडिया के माध्यम से बताया कि तहसील धामपुर के ब्लॉक स्योहारा, ब्लॉक हल्दौर सहित अन्य सभी ब्लॉकों में बीएलओ द्वारा आवेदनों को एकत्रित किया जा रहा है।

तदुपरांत एकत्रित आवेदनों एवं सूचनाओं के आधार पर ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की जाएगी तथा वर्ष 2002 के बाद जुड़े मतदाताओं से पहचान और नागरिकता के प्रमाण मांगे जाएंगे। उन्होंने बताया कि फिलहाल आवेदन के समय किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। ड्राफ्ट सूची जारी होने के बाद जिन मतदाताओं के नाम पुराने रिकॉर्ड (2003) में दर्ज नहीं होंगे, उन्हें दस्तावेज जमा कराने के लिए नोटिस भेजा जाएगा और तय समय में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक बीएलओ एक माह में तीन बार घर-घर जाकर आवेदन फॉर्म उपलब्ध कराएंगे, यदि तीनों बार परिवार घर पर नहीं मिला, तो नोटिस चस्पा कर फॉर्म घर में डाल दिया जाएगा। उन्होंने बताया किै प्त् प्रक्रिया 4 दिसंबर तक चलेगी, जिसमें हर मतदाता से दो प्रतियों में प्रपत्र भरवाया जाएगा। उप जिला निर्वाचन कार्यालय ने सभी ठस्व्को सचेत करते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण सजगता, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ करना सुनिश्चित करें और इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

मैत्री मैच में कुशीनगर ब्लू और पिंक टीमों ने दर्ज की शानदार जीत

कुशीनगर। भारतीय हॉकी के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हॉकी इंडिया के तत्वावधान में हॉकी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश एवं जिला खेल कार्यालय कुशीनगर द्वारा शुक्रवार को एक भव्य मैत्री हॉकी मैच का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश हॉकी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष व रिटायर्ड आरटीओ अजय कुमार त्रिपाठी एवं जिला हॉकी संघ सचिव प्रियेश पांडेय ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

पहला मैच कुशीनगर रेड बालिका बनाम कुशीनगर पिंक बालिका के बीच खेला गया, जो 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। पेनाल्टी स्ट्रोक में कुशीनगर पिंक टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की। वहीं, दूसरे मुकाबले में कुशीनगर ब्लू बालक टीम ने कुशीनगर व्हाइट टीम को 2-1 से पराजित किया। मुख्य अतिथि अजय कुमार त्रिपाठी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कहा कि भारतीय हॉकी की सौ वर्ष की गौरवगाथा हर खिलाड़ी के लिए प्रेरणा है। मेजर ध्यानचंद की परंपरा को नई पीढ़ी आगे बढ़ाए, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मैच का कमेंट्री सुनील प्रजापति ने किया। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र और मेडल प्रदान किए गए, जबकि वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. रामानुज पांडेय, टीएन राय, शिवशंकर तिवारी, डा. केपी सिंह, संजय मणि त्रिपाठी, जवाहरलाल मुंशी, आजाद अंसारी, विनीत कुमार बंटी, सत्येन्द्र सिंह, मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह, गिरीशचंद्र पांडेय, चंदन दूबे, कविंद्र सिंह, सुधीर त्रिपाठी, बाबू नंद सिंह, अख्तर हुसैन, अमिताभ त्रिपाठी, अरविंद गोंड, सफीकुर्रहमान, सूरज कुमार, दुर्गावती, पंकज यादव, एवं धीरेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सपहा बना ओवरऑल चैंपियन

कुशीनगर। बुद्ध इंटर कालेज के स्टेडियम में गुरुवार को ब्लाक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसमें न्याय पंचायत सपहा की टीम विजेता रही। बीएसए डा रामजियावन मौर्य ने विजेता टीम को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। ध्वज फहराकर उदघाटन करते हुए सांसद विजय दूबे ने कहाकि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास के साथ अनुशासन व नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। खेल के माध्यम से खिलाड़ी राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दे रहे हैं।

● कसया ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता

बेटियों ने विश्व कप जीतकर महिला सशक्तिकरण अभियान को मजबूती प्रदान की है और विश्व में भारत का सम्मान बढ़ाया है। प्रारंभ में दीप प्रज्जवन, ध्वजारोहण, रंगोली निरीक्षण, मार्च पास्ट की सलामी, खेल शपथग्रहण, मशाल दौड़ आदि कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, प्रो गौरव तिवारी, प्रो सीमा त्रिपाठी, डा. मनोज कुमार जैन, चन्द्र प्रकाश चमन, दिनेश यादव, डा. आरके सोनकर, समाजसेवी रिंकू चौरसिया, बसपा नेता मनीष गुप्ता, राजीव नयन द्विवेदी, सभासद केशव सिंह, सभासद पीएन सिंह, सभासद गिरिजेश सिंह, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अजय सिंह आदि ने भी बच्चों को अपने उदबोधन के द्वारा प्रोत्साहित किया। शिक्षक सतीश कुमार ने विशेष शारीरिक प्रदर्शन किया। बीईओ अशोक यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। इससे पूर्व बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत हुआ। जूनियर बालक 100 मीटर दौड़ में कम्पोजिट विद्यालय बरवा बाजार के रेहान अंसारी, बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में, उच्च प्राथमिक विद्यालय सेमरा झुगवा के राजन राजभर, बालिका 200 मीटर दौड़ में कम्पोजिट विद्यालय बरवा बाजार की नर्गिस अव्वल रहे। प्राथमिक स्तर के बालक वर्ग के 50 मीटर दौड़ में कंपोजिट विद्यालय बरवा बाजार के संदीप व बालिका वर्ग पीएमश्री कंपोजिट वरवा बाजार की सलोनी गोडप्रथम स्थान पर रहे। 100 मीटर बालक वर्ग में पीएम श्री वरवा बाजार से अमन गोड, 100 मीटर बालिका वर्ग में पीएम श्री बरवा

बाजारसे सलोनीप्रथम स्थान पर रहे। बालक वर्ग 200 मीटर में पीएमसी बरवा बाजार से मनदीप रहे। अंत्याक्षरी प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय अंधया को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। कबड्डी प्रतियोगिता बालक एवं बालिका प्राथमिक वर्ग में पीएम श्री विद्यालय वरव ।बाजार प्रथम रहा, खो खो बालिका वर्गमें पीएम श्री विद्यालय बरवा बाजार प्रथम स्थान पर रहा। स्कोरर व रिकार्ड कीपिंग टीम में सुरेश रावत, मनोज सिंह, प्रतिभा तिवारी, पयोदकान्त मिश्र, धर्मेंद्र सिंह, दुर्गेश यादव, धनन्जय मणि, दीपक मिश्र आदि शामिल रहे। संचालन आलोक कुमार तिवारी ने किया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मण्डल अध्यक्ष राजेश शुक्ल ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अमला प्रसाद, भगवंत सिंह, हरींद्र चौरसिया, सुमित त्रिपाठी, पुष्पा सिंह, रेनू सिंह, पयोद कांत मिश्र, छेदी प्रसाद, नागेन्द्र तिवारी, नीरज श्रीवास्तव, संजय यादव शैलेश त्रिपाठी, संजय सिंह, सुशील कुमार शर्मा अशोक कुमार दुबे, महेश रज्जक, बिन्दु सिंह, दुर्गेश यादव, अरुण वर्मा, नसरीन अख्तर, चंद्रपाल सिंह, संगीता राय, कृष्णानंद दुबे, शैलेश कुमार, निशु विश्वकर्मा, रश्मि सिंह तोमर, दीपमाला सिंह, मु0 इकबाल हुसेन गोपाल यादव, प्रियंका पाण्डेय, अपर्णा मिश्रा, मंजीत पाठक, महेन्द्र सिंह, मोना सिंह, प्रियंका पाण्डेय, रजनी मिश्र, प्रतिभा तिवारी, रश्मि जायसवाल, शशिबाला, धर्मेन्द्र सिंह, सुनील गुप्ता, भर्दुल प्रसाद, आदि उपस्थित रहे।

तीन के खिलाफ घोषित हुआ इनाम

अयोध्या। एसएसपी ने गबन, धोखाधड़ी और जानलेवा हमले के अलग-अलग मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया है। पुलिस कार्यालय ने बताया कि कैंट थाना पुलिस में दर्ज थाना क्षेत्र के झुनझुनवाला नर्सिंग संस्थान में 36 लाख 81 हजार रुपए के गोलमाल के मामले में दो आरोपियों केंद्र प्रभारी पंकज मणि निवासी द्वितीय तल सेक्टर-एक एमिटी विद्यालय के पीछे, गाजियाबाद और बिलिंग प्रभारी अमनदीप यादव निवासी एमजीएस हास्पिटल पंजाबी बाग, वेस्ट दिल्ली हालपता ग्राम अटेसर थाना इनायतनगर की गिरफ्तारी के लिए दस-दस हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है। जबकि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दिन अधिवक्ता पर जानलेवा हमले के मामले में धीरज पाण्डेय निवासी लवकुश नगर रामघाट कोतवाली अयोध्या की गिरफ्तारी के लिए 15 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है।

संक्षेप

अग्नि पीड़ित परिवार को सपा ने दी सहायता

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव में हाल ही में लगी आग से एक गरीब परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई थी। इस भीषण दुर्घटना में परिवार का लाखों रुपए का नुकसान हुआ, वहीं खाने-पीने की सामग्री, कपड़े, बर्तन और जरूरी घरेलू सामान सब नष्ट हो गए। आगजनी की सूचना मिलते ही क्षेत्रवासियों ने अपने स्तर पर राहत पहुंचाने का प्रयास किया।घटना की जानकारी समाजवादी पार्टी की नेत्री रत्नेश रत्ना को हुई तो उन्होंने तुरंत पीड़ित परिवार से मिलने का निर्णय लिया। शुक्रवार को उनके मड़ौली गांव पहुंचने पर पीड़ित परिवार उनसे लिपटकर रो पड़ा। परिवार के सदस्यों ने अपने नुकसान और वर्तमान कठिन स्थिति के बारे में बताया।सपा नेत्री रत्नेश रत्ना ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस कठिन समय में समाजवादी पार्टी और उसके कार्यकर्ता उनके साथ हैं। उन्होंने परिवार को जीवन-यापन के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री, घरेलू आवश्यक वस्तुएं और आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। उनके सहयोग से परिवार को तत्काल राहत मिली।भावुक माहौल के बीच सपा नेत्री ने प्रशासन से भी आग्रह किया कि पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता योजनाओं के अंतर्गत शीघ्र राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं में तत्काल सहायता और पुनर्वास की व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।सपा नेत्री के सहयोग के बाद पीड़ित परिवार ने उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आने से उन्हें मानसिक सहारा मिला है।

फीता काटकर रामलीला मंच का उद्घाटन

हरगांव (सीतापुर)। आदर्श नगर पंचायत हरगांव के प्राचीन सूर्यकुंड तीर्थ पर विराजमान भगवान गौरी शंकर भोलेनाथ के सानिध्य में कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव में होने वाले कार्यक्रम की प्रथम श्रृंखला में राम लीला रासलीला के मंच का फीता काटकर उद्घाटन हुआ। जानकारी के अनुसार जिले की आदर्श नगर पंचायत हरगांव के प्राचीन सूर्यकुंड तीर्थ पर विराजमान भगवान गौरी शंकर भोलेनाथ के सानिध्य में कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव में होने वाले कार्यक्रमों की प्रथम श्रृंखला में राम लीला रासलीला मंच का फीता काटकर भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा नगर पंचायत के अध्यक्ष गफ्फार खां, सभासद अशोक मिश्रा, शोएब खां, हारून सभासद, समाजसेवी पण्डित चंद्र शेखर मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। मंच उद्घाटन के बाद रामलीला रासलीला के मंच पर श्री कृष्णा जन्मोत्सव का भव्य कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर सभासद परवेज आलम, मोहम्मद सलीम, प्रताप जोशी, श्रीमती राजेश्वरी देवी, ऋषभ गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि मंसूर अली, कन्हैया लाल जोशी के अलावा सुमित मिश्रा, शामी अंसारी, चमन अवस्थी मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रथम दिवस होने के बावजूद रासलीला देखने के लिए मौजूद सैकड़ों की संख्या में उपस्थिति श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम को सराहा।

डीएम ने जनसुनवाई रजिस्टर का किया अवलोकन

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने तहसील मिश्रिख के फौजदारी कक्ष, अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग आदि पटलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किये।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण करते हुये सभी पुराने आवश्यक दस्तावेजों को गहनतापूर्वक अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि तहसीलदार के न्यायालय में जो भी कब्जा संबंधी लम्बित वाद चल रहे हैं। उनका निस्तारण जल्द से जल्द किया जाये, कोई भी कब्जा संबंधी वाद अधिक समय लम्बित न रखा जाये, इसका मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये कि निरन्तर न्यायालय में बैठें, जिससे कोई भी वाद लम्बित न रहे। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि निरन्तर जनसुनवाई करते रहें। साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को कड़े निर्देश दिये कि साफ-सफाई निरन्तर कराते रहें। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम ने रोजगार मिशन के तहत ली गठित जिला कार्यकारी समिति की बैठक

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत गठित जिला कार्यकारी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। वर्तमान समय में देश और विदेश के बदलते परिवेश व रोजगार की आवश्यकताओं के दृष्टिगत निजी क्षेत्र एवं विदेशों में रोजगार के अवसरों की सम्भावनाओं के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश में रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों एवं श्रमिकों को देश विदेश में रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन किया गया है। मिशन के सफल संचालन हेतु जिला स्तर पर जिला कार्यकारी समिति का गठित की गयी है।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उद्योग विभाग, राज्य कर विभाग, चिकित्सा विभाग, कौशल विकास विभाग एवं पर्यटन विभाग से समन्वय करते हुए सभी औद्योगिक संस्थानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, निजी चिकित्सालयों आदि का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत कराया जाय। नौकरी चाहने वालों तथा कुशल श्रमिकों का भी अधिक से अधिक पंजीकरण रोजगार संगम पोर्टल पर कराया जाये। बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के शासी परिषद, राज्य संचालन समिति, राज्य कार्यकारी समिति तथा राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई (एसपीएमयू) द्वारा दिये गये अनुदेशों एवं दिशा निदेशों का क्रियान्वयन की समीक्षा की गयी एवं अनुदेशों तथा दिशा निर्देशों का समय से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। साथ ही एकीकृत पोर्टल पर प्रदेश में नौकरी चाहने वालों तथा कुशल श्रमिकों का पंजीकरण सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा भी की गयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेश कुमार सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उधर डीएम ने विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को समय ठीक कराया जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित करते हुये इसके माध्यम से शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। सभी अधिशासी अभियन्ता एवं अधीक्षण निर्धारित रोस्टर के अनुसार कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण करें। अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण कराया जाये। ??बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता ललित कृष्ण सहित सभी अधिशाषी अभियंता एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

गैर इरादतन हत्या के चार आरोपी गिरफ्तार

पुरवा, उन्नाव। पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के कुशल निर्देशन में थाना अचलगंज पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या के 4 आरोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। नन्हा देवी पत्नी लाला उर्फ नारेन्द्र निवासी ग्राम बडौरा द्वारा थाना

अचलगंज पर सूचना दी कि अभियुक्तगण कमलेश पुत्र गंगाराम उम्र 31 वर्ष बालेश्वरी पत्नी गंगाराम उम्र 40 वर्ष नीलम पत्नी कमलेश उम्र 28 वर्ष गंगाराम पुत्र बद्री उम्र 60 वर्ष निवासी गण ग्राम बड़ौरा थाना अचलगंज द्वारा पीड़िता के पति लाला उर्फ नारेन्द्र पुत्र रामलाल उम्र करीब 48 वर्ष के साथ गाली गलौज व मारपीट की गयी थी। जिसके पश्चात वह अपने पति को सीएचसी बिछिया लेकर गई। जहाँ पर डाक्टर द्वारा पीड़िता के पति को मृत घोषित कर दिया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अचलगंज पर मुकदमा धारा 3(5), 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष राजेश पाठक मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा अभियुक्तगण कमलेश पुत्र गंगाराम उम्र 31 वर्ष बालेश्वरी पत्नी गंगाराम उम्र 40 वर्ष नीलम पत्नी कमलेश उम्र 28 वर्ष गंगाराम पुत्र बद्री उम्र 60 वर्ष निवासी गण ग्राम बड़ौरा थाना अचलगंज जनपद उन्नाव को कब्जे से आलाकत्ल एक अदद प्लास्टिक की रस्सी व 2 अदद बांस के डंडों को बरामद कर देशी शराब ठेका जमुका से बड़ौरा वाली रोड से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 238 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी।

शिविर में 14 ने किया रक्तदान

फतेहपुर ।इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी फतेहपुर के संयोजकत्व व चेयरमैन एवं कार्यकारिणी सदस्य इंडियन रेडक्रास उत्तर प्रदेश डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट फतेहपुर में एलएलआर हॉस्पिटल हैलट कानपुर की ब्लड बैंक टीम द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया ।शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में आरती गुप्ता प्राचार्या डायट व विशिष्ट अतिथि के रूप में विनय मिश्रा सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी डायट उपस्थित रहें ।कुल 14 रक्तदान हुए व 22 लोगों ने अगली बार रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित शिविर में रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन कराया ।विनय मिश्रा व सचिव अजीत सिंह द्वारा सभी रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।रक्तदानियों में शतानंद तिवारी, सुशील तिवारी, आदर्श आर्या, नितिन पटेल, सुभाष सिंह, शिवानी मौर्य, अमिता यादव, कविता सिंह परिहार, प्रशांत सिंह, आशीष चौधरी, संतोष बाजपेयी, सिद्धार्थ कुशवाहा, मोहिनी बाजपेयी, आस्था ने मानवता के हितार्थ रक्तदान किया ।डॉ अनुराग ने बताया कि यह शिविर फतेहपुर के मरीज जिन्हें हैलट में भर्ती होना पड़ता है और उन्हें रक्त की आवश्यकता होती है उस परिस्थिति में उन सभी मरीजों की मदद हो सकेगी और उन्हें रक्त के लिए भटकना नहीं पड़ेगा ।डायट की प्राचार्या ने रेडक्रास सोसाइटी द्वारा किये जा रहे कार्यों का उत्साहवर्धन किया ।डॉ अनुराग ने डायट के सभी विद्यार्थियों व ट्रेनिंग ले रहे शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया ।इस अवसर पर डॉ ललित कुमार, एलएलआर हॉस्पिटल कानपुर हैलट के ब्लड बैंक से राजेश कुमार, ज्ञान सिंह, योगेंद्र कुमार, शैल, सुमित, सुधा व प्रमुख सहयोगी गोरेलाल उपस्थित रहें।

याद किए गये वंदे मातरम गीत के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय

फतेहपुर। राष्ट्रवाद के महान अग्रदूत तथा सुप्रसिद्ध साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ में किया गया।

इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद फतेहपुर के कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में किया गया ।सजीव प्रसारण के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना अपर जिलाधिकारी वि./रा.अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सहित समस्त राजस्व, विकास, सूचना एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम‍ह्व का सामूहिक रूप से गायन कर देशभक्ति की भावना को आत्मसात किया ।जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ह्ववंदे मातरम‍ह्व केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की अभिव्यक्ति है ।यह वह सूत्र है जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान असंख्य देशभक्तों को एकजुट किया और आज भी यह भारतीयता और राष्ट्रप्रेम की भावना को समर्पित करता है ।मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सद्भाव, एकता और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे इस अवसर को प्रेरणा के रूप में लें और अपने कार्यों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी तथा सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान सभागार देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। जिले में आयोजित यह सामूहिक गायन कार्यक्रम भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय गौरव और एकता का प्रतीक बन गया।

जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का किया गया सामूहिक गायन

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ह्ववंदे मातरम‍ह्व के सामूहिक गायन एवं स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार सीतापुर में किया गया।

इस अवसर पर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू एवं कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में सभी के द्वारा राष्ट्रगीत ह्ववंदे मातरम‍ह्व का सामूहिक गायन भी किया गया। राज्यमंत्रीगणों ने कार्यक्रम के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के निदेशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इस प्रकार क आयोजनों से आमजनमानस में देशप्रेम की भावना का संचार होगा तथा सभी लोग राष्ट्र सर्वांगीण विकास में अपना योगदान दे सकेंगे। उन्होंने शासन द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की भी जानकारी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सभी को आश्वस्त करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री एवं शासन के निदेशानुसार जनपद के सर्वांगीण विकास एवं लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्रों का लाभान्वित किये जाने हेतु व्यापक स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा कार्य किये जायेंगे। उन्होंने सभी का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, नगर पालिका अध्यक्ष सीतापुर नेहा अवस्थी, नगर पालिका परिषद मिश्रिख अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय भार्गव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम सहित संबंधित अधिकारी एवं आमजनमानस उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राज शर्मा द्वारा किया गया।

श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

पाटन उन्नाव। तहसील क्षेत्र के ग्राम शुक्ला खेड़ा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आज छठवें दिन संगीत में श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत महाराष्ट्र लीला एवं रुक्मणी विवाह की कथा कानपुर के सुप्रसिद्ध कथा वाचक करण द्विवेदी महाराज द्वारा सुनाई गई। मुरली, गोपी ग्वालाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनकर सता भाव विभोर हो गए। कथा प्रसंगों के साथ मूर्तिकार रामकुमार त्रिपाठी ने सबका मन मोह लिया। कथा में मुंबई देहरादून बिजनौर आजमगढ़ लखनऊ कानपुर से अनेकों प्रतिष्ठित विद्त जनो ने आकर कथा का स्वणार्नंद किया। आयोजक बी भूषण त्रिवेदी ने बताया कि 8 तारीख को विराट का सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें कई प्रति के वाणी पुत्र गरिमा मयी उपस्थित दे रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष संजय शुक्ला, दिनेश बैसवारी, डॉक्टर नीरज, जयशंकर त्रिवेदी, श्याम त्रिवेदी, प्रेमलता सहित बड़ी संख्या में सोता मौजूद रह।

वन स्टाप सेंटर उन्नाव में प्रेरक महिलाओं का सम्मान

उन्नाव। वन स्टॉप सेंटर/महिला हेल्प लाइन के बारे में बताया गया जहां एक ही छत के नीचे किसी भी हिंसा से पीड़ित महिलाओं को पांच प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में तहसील बीघापुर में जिला प्रोवेशन अधिकारी क्षमानाथ राय के कुशल नेतृत्व में वन स्टॉप सेंटर की टीम द्वारा जागरूकता का आयोजन तहसील बीघापुर में किया गया टीम अनंता (प्रेरक महिलाओं तथा बालिकाओं की पहचान व सम्मान) के अंतर्गत समाज में बदलवा हेतु प्रयासरत महिलाओं की प्रेरक कहानियों को जन जन तक पहुंचाने हेतु जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। वन स्टॉप सेंटर / चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम द्वारा/ महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा स्वालंबन तथा आत्म निर्भर बनने के बारे में जागरूक कर बताया गया

कि विषम परिस्थितियो में वो स्वयं की सुरक्षा कैसे करे इसके लिए महिला हेल्प लाइन नंबर 181 वूमेन पावर हेल्प लाइन 1090 व पुलिस हेल्प लाइन 112, की विस्तृत जानकारी दी गई व साथ ही बालिकाओं व महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक कर महिला कल्याण विभाग की समस्त योजनाओं वन स्टॉप सेंटर बाल सेवा योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना तथा 1930, 1076, 108, 102, 181, 1076, 1098 आदि अन्य हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी गई। बाल विवाह के बारे में भी जागरूक करते हुए बताया गया कि लड़की की शादी उम्र 18 वर्ष व लड़के का विवाह उम्र 21 वर्ष होना चाहिए यह विवाह तभी मान्य होगा, अगर उनके आस पास ऐसे कोई घटना होती है तो वह इसके सूचना उपरोक्त हेल्प लाइन नंबरों पर दे सकते हैं।

जिंदा को मृत दिखाकर पेंशन बंद कराने के आरोप में ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

उन्नाव। विकास खंड सुमेरपुर के ग्राम पंचायत अधिकारी आशीष यादव पर गंभीर अनियमितताओं और पदीय दायित्वों की अवहेलना के आरोप साबित होने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई खण्ड विकास अधिकारी, सुमेरपुर के कार्यालय पत्र संख्या 2382 / दिनांक 04 नवम्बर 2025 के तहत की गई है। ग्राम पंचायत नरायनदासखेड़ा और नथईखेड़ा में शिकायतकर्ताओं चन्द्रिका, राजरानी और रमेश प्रसाद दीक्षित आदि ने आरोप लगाया था कि ग्राम प्रधान, ग्राम रोजगार सेवक और आशीष यादव की मिलीभगत से 8 जीवित व्यक्तियों को मृत दिखाकर उनकी पेंशन बंद कर दी गई थी। इस मामले की जांच सहायक विकास अधिकारी (सामाजिक कल्याण) से कराई गई, जिसमें आरोप सत्य पाए गए।

रेउसा में प्राइवेट अस्पतालों की बाढ़ प्रसूता की मौत पर हंगामा

रेउसा (सीतापुर)। रेउसा में प्राइवेट अस्पतालों की बाढ़ सी आ गई है। जिसमें कई बार जच्चा बच्चा की जान जा चुकी है। जिसका जीता जागता उदाहरण आज

तंबौर रोड लखनऊ सेवा हॉस्पिटल में देखने को मिला। प्रसूता की मौत पर हंगामा, परिजनों के आरोप पर मौके पर पहुंचे विधायक ने कार्रवाई के लिए आदेश दिये। रेउसा कस्बे के एक निजी अस्पताल में डिलेवरी के बाद प्रसूता की मौत होने से परिजनों में हड़कंप मच गया। मामला बढ़ने पर मौके पर विधायक ज्ञान तिवारी भी पहुंचे और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार, लखनऊ सेवा हॉस्पिटल रेउसा में भर्ती पंछी 20 पत्नी शुभम पांडे निवासी बढ़हीडीह की गुरुवार की शाम ऑपरेशन से डिलेवरी हुई थी। शुक्रवार सुबह प्रसूता की हालत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई। इस पर परिजनों ने अस्पताल संचालक डॉक्टर हाजी एम0 रजा पर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंचे विधायक ज्ञान तिवारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को घटना की जानकारी दी और रेउसा थानाध्यक्ष हनुमंत तिवारी तथा सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनंत मिश्रा को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने अस्पताल संचालक डॉ. हाजी एम रजा और उनके एक सहयोगी को पूछताछ के लिए थाने ले जाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

अवैध रूप से कोडिन सीरप बेची, औषधि विभाग बना अंजान ...

जिला संवाददाता

उन्नाव। डीएम गौरांग राठी ने जिले में चल रही कोडीन की कालाबाजारी के मामले को संज्ञान में लेकर दो सदस्यीय टीम गठित कर दी है। जिसे शुक्रवार को औषधि निरीक्षक अशोक कुमार के साथ बांगरमऊ जांच के लिए भेजा गया। लगभग 2 करोड़ रुपए की अवैध बिक्री कर दी गई कोडिन सिरप जिस पर विभाग अनजान बन बैठा रहा।

बीते दिनों रायबरेली और लखनऊ से मिले इनपुट और निर्देश के बाद नींद से जागे औषधि विभाग ने बांगरमऊ स्थित अंबिका फार्मा का निरीक्षण किया जहां पर उन्हें रायबरेली और लखनऊ से लाई गई लाखों की संख्या में कोडिन सीरप की बिक्री का कोई अभिलेख नहीं मिला। इसके बाद औषधि निरीक्षक ने कारण बताओं नोटिस जारी कर खानापूर्ति कर दी। इसके बाद आरोपी फर्म संचालक अजय कुमार अपना बुरिया बिस्तर समेट कर फरार हो गया।

मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचा तो आनन-फानन में संबंधित कोतवाली में एफआईआर दर्ज करा

दी गई। मामला मीडिया में आया तो औषधि निरीक्षक ने तेजी दिखाते हुए उसके भाई अरुण कुमार जो की अजय मेडिकल स्टोर के नाम पर रिटेल दुकान चला रहा है। वहां पर पहुंचकर दुकान के बाहर पुलिस कर्मियों के साथ नोटिस चश्पा कर फोटो खींच मीडिया को दे दी। जब मीडिया ने तीन दिन बीत जाने के बाद औषधि निरीक्षक से नोटिस के बाबत एफआईआर दर्ज करायें जाने की बात कही तो औषधि निरीक्षक ने अगली कहानी रच दी की जिस दुकानदार अजय मेडिकल स्टोर को नोटिस दी गई है। उसका लाइसेंस नंबर और जो लखनऊ की इधिका लाइफसाइंसेज प्रा. लि. द्वारा कोडिन सीरप बिक्री की गई है। उस बिल के लाइसेंस नंबर में अंतर पाया गया है।

इसका मतलब अजय मेडिकल स्टोर संचालक अरुण कुमार निर्दोष है, औषधि निरीक्षक ने नोटिस भी दे दी और पुलिस की तरह जांच कर आरोपी को निर्दोष भी साबित कर दिया। अब बात यहां फस गई कि जब आप जांच करने अजय मेडिकल स्टोर पर गए थे तो क्या आपने उसका लाइसेंस नंबर नहीं देखा था या जो लाइसेंस नंबर या इनपुट लखनऊ से इनवॉइस प्राप्त हुई थी। उसका मिलान नहीं किया था इतनी बड़ी लापरवाही इतने गंभीर मामले में औषधि निरीक्षक को जांच के घेरे में लाकर खड़ी कर देती है। डीएम गौरांग राठी ने मामले का संज्ञान लिया और पारदर्शी जांच के लिए दो सदस्य टीम गठित कर जांच के लिए शुक्रवार को औषधि निरीक्षक के साथ बांगरमऊ भेज दिया।

पूरे घटनाक्रम में औषधि निरीक्षक की भूमिका संदिग्ध बनी हुई है। क्योंकि नोटिस देने के बाद 13 दिनों तक किस बात का इंतजार करते रहे औषधि निरीक्षक, जबकि आरोपी द्वारा करोड़ों रुपए की कोडिन सीरप बिक्री और खरीद का सटीक इनपुट था। डीएम द्वारा गठित कमेटी में आनंद नायक अतिरिक्त मजिस्ट्रेट और पूर्णिमा तिवारी नायब तहसीलदार जांच करने पहुंची। जिसमें आनंद नायक ने औषधि निरीक्षक अशोक कुमार के साथ बांगरमऊ पहुंचकर अजय मेडिकल स्टोर को खुलवाकर उसकी जांच की।

तहसील बिसवां को जिला बनाये जाने को लेकर पत्रकारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बिसवां नगर (सीतापुर)। तहसील बिसवां को जिला घोषित किए जाने की मांग को लेकर तहसील क्षेत्र के समस्त पत्रकारों ने पत्रकार एवं अधिवक्ता नीरज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में शुक्रवार को महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बिसवां तहसील ऐतिहासिक, भौगोलिक, सामाजिक और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। तहसील बिसवां जनपद सीतापुर की सबसे बड़ी तहसील है। यहां की जनसंख्या लगभग 8 से 10 लाख के बीच है तथा सैकड़ों ग्राम पंचायतें और अनेक शैक्षणिक, औद्योगिक व धार्मिक संस्थान स्थित हैं।

तहसील बिसवां की सीतापुर मुख्यालय से बिसवां की दूरी लगभग 35 किलोमीटर होने के कारण आम नागरिकों, किसानों, छात्रों और व्यापारियों को प्रशासनिक व न्यायिक कार्यों के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ता है। पत्रकारों ने कहा कि बिसवां भौगोलिक रूप से केंद्र में स्थित है और इसके आसपास की तहसीलों महमूदाबाद, लहरपुर, सिधौली व रेउसा की दूरी औसतन 25 से 30 किलोमीटर है। पत्रकारों ने कहा कि बिसवां को जिला बनाए जाने से इन क्षेत्रों के लोगों को भी सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्रीय विकास को नई गति प्राप्त होगी। ज्ञापन में बताया गया कि बिसवां न केवल व्यापारिक केंद्र है। बल्कि यहां शुगर फैक्ट्री, रेडिको खेतान कंपनी जैसी औद्योगिक इकाइयाँ संचालित हैं। साथ ही दरी उद्योग और ताजिया निर्माण से जुड़ा व्यवसाय स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। पत्रकारों ने महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन से मांग की कि क्षेत्र की जनभावनाओं, ऐतिहासिक पहचान और प्रशासनिक आवश्यकता को देखते हुए बिसवां को शीघ्र जिला बिसवां घोषित किया जाये। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता आर एन सिंह, इंतिखाब आलम सिद्दीकी, अश्विनी त्रिपाठी, आशीष मिश्रा, आनंद मेहरोत्रा, विजय अवस्थी, राजीव बाजपेई, मोहित जायसवाल, अमित जायसवाल, पीयूष बाजपेई, बिलाल खान, अय्यूब खान, पंकज भारतीय, सहित काफी संख्या में पत्रकारगण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

सात दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ का शुभारंभ

सकरन (सीतापुर)। कस्बा सकरन में शुक्रवार को सात दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर श्री रामचरित मानस समिति द्वारा जल कलश मंगल शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। यह यात्रा दोपहर तीन बजे गाजे-बाजे के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा यज्ञशाला से प्रारंभ होकर भोलवा बाबा मंदिर, शीतला माता मंदिर और भुंइया देवी मंदिर से होते हुए कस्बे का भ्रमण किया। इसके बाद यह यात्रा सकरन-बिसवां मार्ग से प्यारापुर और लालूपुरवा होते हुए श्री त्यागी जी महाराज की कुटी स्थित किवानी नदी पर पहुंची। किवानी नदी पर कलशों में जल भरा गया। इसके उपरांत यात्रा पुनः यज्ञशाला लौटी, जहाँ विधि-विधान से पूजन के बाद कलशों को स्थापित किया गया। इस अवसर पर यज्ञाध्यक्ष स्वामी प्रकाशानंद सरस्वती (फलाहारी बाबा) सिद्धेश्वरधाम सिधौली, यज्ञाध्यक्ष राजाराम शास्त्री और मुख्य यजमान डॉ. विद्याधर राजपूत सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनमें योगराज सिंह यादव, बिमल कुमार मिश्रा, राजेंद्र जायसवाल, अशोक मिश्रा, प्रधान संतोष यादव, बदलूराम जायसवाल, बाबूराम मिश्रा, नीरज मिश्रा, रामदल राजपूत, रोहित प्रताप वर्मा और सत्येंद्र यादव, रमाकांत यादव, अंकुर यादव, सुधाकर शुक्ला प्रमुख रहे।

संक्षेप

रोडवेज कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी गठित

बांदा। रोडवेज कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। बस स्टेशन परिसर में पर्यवेक्षक सुरेन्द्र सिंह व सुदामा प्रसाद कुशवाहा, वरिष्ठ कार्यकर्ता बांदा महोबा, राठ, हमीरपु एवं चित्रकूट डिपो इकाईयों की मौजूदगी में हुआ।

नई कार्यकारिणी में संरक्षक सुरेन्द्र सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, कार्यालय सहायक प्रथम, क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय, कार्यवाहक अध्यक्ष रणविजय सिंह, वरिष्ठ लिपिक हमीरपुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नोहर खां कैशियर, उपाध्यक्ष रविकांत पाण्डेय, क्षेत्रीय मंत्री पवन कुमार गुप्ता, उप क्षेत्रीय मंत्री रमेश कुमार वर्मा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री विनय प्रताप सिंह, संयुक्त मंत्री तृप्ति गुप्ता, संयुक्त मंत्री अनिल कुमार परिचालक, लेखा परीक्षक मेघा पाण्डेय, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष सुनील कुमार दोहरे, कार्यालय मंत्री पवन कुमार के अलावा कार्यकारिणी के 8 सदस्य बनाए गये। कार्यकारिणी गठन की जानकारी क्षेत्रीय मंत्री उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ चित्रकूट धाम क्षेत्र पवन कुमार गुप्ता ने दी।

निबंधन कार्य 8 से 11 तक रहेगा बाधित

बांदा। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल के लिए प्रयुक्त एनआईसी की संचालित मेघराज क्लाउड सर्वर को नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड एनजीसी पर स्थानांतरित किया जाना है।

इस वजह से 8 से 11 नवंबर तक सर्वर पर रख-रखाव और स्थानांतरण का कार्य किया जाएगा। सहायक महा निबंधन ने बताया कि महानिरीक्षक निबंधन के निर्देश पर 4 दिनों तक लोगों का ऑनलाइन लेखपत्र पंजीकरण एवं अन्य आवेदनों का कार्य अस्थाई रूप से बाधित रहेगा। इस कारण उप निबंधक कार्यालयों में पंजीकरण का कार्य नही किया जाएगा। उन्होने बताया कि नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड एनजीसी पर स्थानांतरण के बाद 12 नवंबर से ऑनलाइन लेखपत्र पंजीकरण का कार्य सुचारू रूप से शुरू हो जाएगा।

नागालैण्ड के ट्रक चालक पर एफआईआर दर्ज

ललितपुर। नाराहट थानान्तर्गत ग्राम सतौरा निवासी सत्यम सिरौठिया ने पुलिस को तहरीर दी है।

बताया कि उसके पिता राजकुमार सिरौठिया ललितपुर मण्डी से अनाज बेचकर 50 हजार रुपये के कीटनाशक दवा लेने बिरधा बाजार की ओर अपनी बाइक नं. यू.पी.94 एच 3697 से अपराह्न करीब 1 बजे जा रहे थे। तभी हाई-वे 44 बिरधा तिराहा पर ललितपुर की ओर से जा रहे ट्रक नं. एन.एल. 01 ए.जी. 6290 ने पीछे से व तेज लापरवाही से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकेपिता के हाथ-पैर के ऊपर से ट्रक निकल गया, जिससे उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गयी।

यह भी आरोप है कि उसके पिता के पास मौजूद 50 हजार रुपये थे, जो बरामद नहीं हुये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 281 व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

क्षयरोगियों को पोषण पोटली वितरण

ललितपुर। राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत उपचार प्राप्त कर रहे क्षयरोगियों को पोषण पोटली वितरित की। इस दौरान उप जिला क्षयरोग अधिकारी डा.धीरेन्द्र वैध ने बताया कि निक्षय मित्र बनकर क्षयरोगियों को पोषण पोटली वितरित करके उनके स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है।

आम जनमानस भी निक्षय मित्र बनकर राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाने में भागीदार बन सकते हैं।

इस दौरान पीपीएम कॉर्डिनेटर आदेश श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत टीबी के नये रोगियों को खोजना, व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से सामुदायिक जागरूकता, टीबी रोगियों की मृत्युदर को कम करना, टीबी रोग से पीड़ित व्यक्तिओं में डिफरेन्शियेटेड टीबी केयर अप्रोज पद्धति को लागू करके मृत्यु की संभावना को कम करना आदि पर विशेष बल दिया जा रहा है।

जोखिम वाली जनसंख्या की टीबी स्क्रीनिंग सफल बनाने के लिये प्रभावशाली व्यक्तिओं एवं धर्मगुरूओं से भी सहयोग लिया जा रहा है।

इस दौरान टीबी परामर्शी चिकित्सक एवं एसटीएस उपस्थित रहे।

तन्हाई बैरक में बंद होगा हिस्ट्रीशीटर ज्ञानेंद्र ढाका

जिला संवाददाता

ललितपुर। जिला बागपत के भडल स्थित स्कूल के प्रबंधक से जेल में निरूद्ध बंदी द्वारा 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगते हुये जान से मारने की धमकी देने के मामले में नया मोड आ गया है। फोन कर रंगदारी मांगते हुये धमकाने और जेल में निरूद्ध अन्य बंदी पर चम्मच से हमला करने के बाद हिस्ट्रीशीटर ज्ञानेन्द्र ढाका को तन्हाई बैरिक में शिफ्ट किया गया है। प्रकरण को लेकर जांच करने पहुंचे डीआईजी जेल प्रदीप गुप्ता, डीएम सत्य प्रकाश व एसपी मो.मुश्ताक ने निरूद्ध बंदी के पास से कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया था। इस मामले में जिला कारागार के प्रभारी अधीक्षक जीवन सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में बताया कि बागपत के थाना चांदीनगर अंतर्गत ग्राम ढिकोली निवासी ज्ञानेन्द्र ढाका पुत्र कृष्णपाल बीती 25 जून 2025 को कारागार में निरूद्ध किया गया, इसके बाद 6 नवम्बर को उनके साथ उप कारापाल प्रिंस बाबू, हेल जेल वार्डर रामऔतार वर्मा, हेड जेल वार्डर राजेन्द्र प्रसाद, जेल वार्डर आकाश कुशवाहा द्वारा बंदी की तलाशी ली गयी।

- जेल में मोबाइल फोन बरामदी के बाद अब जांच में जुटी पुलिस
- जेल अधीक्षक ने दर्ज करायी एफआईआर

तलाशी के दौरान निरूद्ध बंदी के पास से एक कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया गया है। फोन में सिम भी बरामद की गयी है। निरूद्ध बन्दी के खिलाफ जेल मैनुअल के प्रस्तर 1052 कारागार अधिनियम 1894 (1894 या अधिनियम संख्या-9) की धारा 42 व 43 में गैरजमानती व संज्ञेय अपराध के तहत एफआईआर दर्ज की गयी है।

गैंगस्टर पर ज्ञानेन्द्र ढाका ने किया चम्मच से हमला

ललितपुर शहर के नदी मोहल्ला भीमनगर निवासी धीरज पुत्र नाथूराम अहिरवार ने कोतवाली पुलिस को बताया कि बागपत के ढिकोली निवासी ज्ञानेन्द्र ढाका पुत्र कृष्णपाल की उसके द्वारा जेल अधिकारियों द्वारा तलाशी करायी गयी थी।

इसके बाद वह बैरिक नम्बर 2 में पहुंचा, जहां ज्ञानेन्द्र ने उस पर चम्मच से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आयी है।

पुलिस ने धीरज की तहरीर पर ज्ञानेन्द्र के खिलाफ बीएनएसकी धारा 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

प्रभारी जेल अधीक्षक समेत तीन निलम्बित

जेल में निरूद्ध रहते हुये फोन करके स्कूल प्रबंधक से रंगदारी मांगने के मामले में कारागार महानिदेशक लखनऊ ने डीआईजी जेल की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर लापरवाही बरतने पर गुरूवार को प्रभारी जेल अधीक्षक जीवन सिंह, उप कारापाल प्रिंस बाबू व जेल वार्डर आकाश कुशवाहा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। इनके खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही भी शुरू कर दी गयी है।

छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए किया जागरूक

बांदा। दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को कालू कुआं चैराहे पर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए संदेश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज एवं सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के नेतृत्व में डीआर पब्लिक इंटर कालेज की छात्राओं ने अभिनय के जरिए समझाया कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने, बगैर हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाने, अधिक गति में वाहन न चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा अपनी लेन में चलने के लिए लोगों को जागरूक किया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है, प्रत्येक नागरिक को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बिना हेलमेट वाले व्यक्ति को हेलमेट गिफ्ट करने की परंपरा अपनाई जानी चाहिए ताकि हर घर तक सुरक्षा का संदेश पहुंचे, उन्होने छात्राओं से आग्रह किया कि वह स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करें। सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक ने छात्राओं को सुरक्षित सफर के साथ ही यातायात नियमों के पालन में सहयोग करने की अपील की। बेसिक शिक्षाधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने शिक्षा विभाग के सहयोग के लिए भरोसा दिया। मंडलीय मास्टर ट्रेनर डॉ पीयूष मिश्रा ने दुर्घटना में घायल होने वालों की मदद के लिए आगे आने की छात्राओं और लोगों से अपील की। यातायात प्रभारी संजय मिश्रा ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य सुनील सक्सेना, टीआई निहाल सिंह, स्कूल प्रिंसिपल सुनील कुमार त्रिपाठी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, यातायात पुलिस के सिपाही व अन्य लोग मौजूद रहे।

पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम में देश की सुरक्षा के लिए शपथ ली

धामपुर, बिजनौर। विशेष राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम के मौके पर थाना परिसर में आयोजन किया गया। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भारत माता के सम्मान में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। इस मौके पर पर पुलिसकर्मियों ने राष्ट सेवा के अपने संकल्प को दोहराते हुए देश की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ ली।

विशेष राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम के मौके बीते दिन शेरकोट थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस का पहला धर्म राष्ट सेवा है। उन्होंने कहा कि हर पुलिसकर्मी को देश संविधान और राष्ट्रीय सम्मान के प्रति समर्पण की भावना को सदैव हृदय में जीवित रखना चाहिए।

उन्होने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह देश की आत्मा और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर सामूहिक गायन से वातावरण में ऊर्जा और गौरव की भावना व्याप्त हो गई। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित समस्त पुलिस स्टाफ एवं लोगों ने देश की प्रगति, शांति और सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

आरोग्य मेला सिर्फ एक स्वास्थ्य मेला नहीं बल्कि हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने का एक आंदोलनः सीएमओ

ललितपुर। मुख्यमंत्री आरोग्य मेला एक निःशुल्क साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले पहल है, जिसका आयोजन हर रविवार को सभी जिले के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जाता है। यह कार्यक्रम जन स्वास्थ्य में सुधार, स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच बढ़ाने और लोगों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। हर रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित होने वाले ये मेले राज्य की स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं कि कोई भी नागरिक, विशेषकर ग्रामीण और पिछडे दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले लोग स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में पीछे न छूटे। आरोग्य मेले एक ही छत के नीचे कई प्रकार की सेवाएँ प्रदान करते हैं, जिससे परिवारों के लिए स्वास्थ्य सेवा सुविधाजनक और व्यापक हो जाती है। मरीजों को सामान्य बीमारियों, जैसे मौसमी बुखार, खाँसी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए निःशुल्क परामर्श, नैदानिक परीक्षण और दवाएँ मिलती हैं। मेलों में बीमारियों के लिए विशेषज्ञ उपचार भी उपलब्ध होता है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाता है, कि जटिल स्वास्थ्य समस्याओं का प्राथमिक स्तर पर ही समाधान किया जाए। एलोपैथिक डॉक्टरों के अलावा, आयुष विभाग (आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) के चिकित्सक भी मौजूद होते हैं, जिससे मरीजों को पारंपरिक और आधुनिक चिकित्सा उपचारों का विकल्प मिलता है।

- हर रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित होने वाले इन मेलों का उठायें

टीकाकरण, पोषण और परिवार नियोजन पर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सलाह भी प्रदान की जाती है। मेलों की एक प्रमुख विशेषता पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड का वितरण है, जो उन्हें प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत व्यापक, कैशलेस स्वास्थ्य सेवा से जोड़ता है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद ने मुख्य मंत्री आरोग्य मेलों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा को सभी के लिए सुलभ बनाने में कार्यक्रम की भूमिका पर जोर दिया। विशेष रूप से वंचित क्षेत्रों में रहने वालों के घर तक स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने का एक आंदोलन है ।यह स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने में सहायक रहा है उन्होंने जन-मानस से मुख्य मंत्री आरोग्य मेलों में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु अपील की।

पुरानी रंजिश में पीटा

अयोध्या। नगर कोतवाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश में एक युवक की पिटाई का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित का पुलिस ने मेडिकल परीक्षण करवा रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है।

पीड़ित चैक के पुरानी मछली बाजार निवासी दिलेर खान पुत्र मुन्ना मिस्त्री का कहना है कि दस दिन पूर्व राजा गली चैक निवासी शनि ने उनसे सिगरेट लाने को कहा तो उसने सिगरेट लाने से मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर शनि ने उसको मारापीटा था।

वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ, पुलिस लाइन में कार्यक्रम

बांदा। देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना से बंकिम चंद्र चटोपाध्याय के रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का अधिकारियों, कर्मचारियों व रिक्रूट आरक्षियों ने लाइव प्रसारण के जरिए कार्यक्रम देखा और एक स्वर में वंदे मातरम का गायन कर राष्ट्र प्रेम, एकता और समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए उनके समर्पण, राष्ट्रीय प्रेम की भावना व बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद करता रहेगा। इसके अलावा मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने वाला यह अमर गीत युगों-युगों तक सभी को देशहित के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता रहेगा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। जिले के सभी थानों एवं कार्यालयों में भी वंदे मातरम का गायन कर राष्ट्र प्रेम, एकता और समर्पण का संदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों, कर्मचारियों को राष्ट्रगीत के 150 गौरवशाली वर्ष पूरा होने पर शुभकामनाएं दीं।

बीज लेने को सर्वर की समस्या से किसान परेशान

बांदा। शासन के निर्देश पर किसानों को कृषि बीज भण्डारों से मिनी किट और बीज उपलब्ध कराए जाने के निर्देश हैं। बीज और मिनी किट लेने के लिए किसानों का हुजूम कृषि बीज भण्डारों पर पहुंच रहा है। कर्मचारी ऑनलाइन कराने वाले किसानों को मिनी किट तथा आधार कार्ड लेकर पॉश मशीन के जरिए बीज वितरण के लिए बैठे हैं लेकिन सर्वर न चलने और तमाम किसानों का अंगूठा न लगने की वजह से किसानों को बीज मुहैया नही हो पा रहा है। इस व्यवस्था के चलते एक तरफ कृषि विभाग के कर्मचारी परेशान हैं वहीं किसानों के पॉश मशीन में अंगूठा न लगने की वजह से किसानों में आक्रोश है। जिले के विकास खंडों में 9 राजकीय कृषि बीज भंडार हैं परंतु कृषि बीज भण्डारों में हर जगह सर्वर की समस्या आड़े आ रही है। इससे किसान बीज और मिनी किट पाने की आश में सारा दिन बैठे रहते हैं। कुछ किसानों को बीज मिल जाता है लेकिन कुछ किसान इस समस्या से लगातार दो-चार हो रहे हैं। किसानों ने जिला कृषि अधिकारी से व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है।

बंद मिला स्कूल, प्रधानाध्यापिका निलंबित

बांदा। बड़ोखर खुर्द ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट तिंदवारा 2 में शुक्रवार को जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। इन्हे 9:05 बजे विद्यालय बंद मिला और न ही विद्यालय का स्टॉफ मौजूद मिला। छात्र विद्यालय परिसर में खड़े मिले। डीएम के पहुंचने के बाद स्कूल स्टॉफ का पहुंचना शुरू हुआ। इस दौरान चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, ईसीसी एजुकेटर, शिक्षामित्र और सहायक अध्यापिका पहुंचे और विद्यालय का ताला खोला। कम्पोजिट विद्यालय में 24 लोगों का स्टॉफ है। फिर भी समय पर स्कूल नही खोला गया। इससे प्रधानाध्यापिका व शैक्षणिक स्टॉफ की घोर लापरवाही का परिचायक है। डीएम ने स्कूल की प्रधानाध्यापिका को निलंबित करने, अनुपस्थित स्टॉफ का एक दिन का वेतन रोकने और देर से पहुंचने वाले स्टॉफ का स्पष्टीकरण लेकर कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षाधिकारी को दिए हैं। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट बांधा पुरवा के निरीक्षण में स्कूल की प्रधानाध्यापिका के देर से पहुंचने के लिए स्पष्टीकरण के निर्देश बीएसए को दिए। हैंड वॉशिंग यूनिट टूटी मिली, उन्होने ग्राम विकास अधिकारी का स्पष्टीकरण और इसे ठीक करने के लिए वीडियो बड़ोखर खुर्द को निर्देश दिए।

भारतीय हॉकी के सौ वर्ष पूर्ण होने पर हुआ कार्यक्रम

ललितपुर। भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में खेल विभाग द्वारा स्टेडियम में हाकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एवं जिलाध्यक्ष भाजपा हरिश्चंद्र रावत एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी एवं व्यवसायी मनमोहन जड़िया ने खिलाडियों को भारतीय हॉकी के एक सौ वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी एवं हॉकी के इतिहास पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर हॉकी के सीनियर खिलाडी इशराक खान, फहीम इकबाल बेग, नईल अहमद व मिर्जा ताहिर बेग को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर हॉकी मैच का आयोजन किया गया। जिसमें पुरूष विजेता लाइफ विजन एकेडमी रही। वहीं उपविजेता स्पोर्ट्स स्टेडियम ललितपुर महिला विजेता स्पोर्ट्स स्टेडियम ललितपुर एवं उप विजेता विहान बालिका विद्यालय रहा। इस अवसर पर श्रीमती सावित्री, प्रियंका नामदेव, राजेश कुमार, अजरूद्दीन, रवीन्द्र राठौर, सचिन नरया, मनोज, लक्ष्मण, विकास एवं अन्य खेलप्रेमी मौजूद रहे।

अभियंताओं और जूनियर इंजीनियर्स ने लगाया अधिशाषी अभियंता पर शोषण करने का आरोप

जिला संवाददाता

ललितपुर। सिंचाई निर्माण खण्ड-द्वितीय में अधिशाषी अभियंता (द्वैत कार्यभार) पर दूषित कार्यप्रणाली अपनाने, अभद्र व्यवहार करने और अवैध रूप से धन की मांग करने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुये विभागीय इंजीनियरों एवं कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। इस सम्बन्ध में उ.प्र. सिंचाई विभाग सहायक अभियंता संघ व सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने एकराय होकर कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों का आरोप है कि सिंचाई निर्माण खण्ड-द्वितीय में अधिशाषी अभियंता (द्वैत कार्यभार) छत्रपति सिंह द्वारा 3 जुलाई 2023 की शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जिसके परिप्रेक्ष्य में निरंतर धमकाते हुये अवैध रूप से धन मांगने, गालियां देने, अभद्रता कर प्रताड़ित किया जा रहा है। इस दूषित कार्य प्रणाली के विरोध में यह धरना प्रदर्शन किया गया। संगठन ने बताया कि संघ सदस्य इनके साथ कार्य करने में असमर्थ हैं एवं लिखित रूप में 27 अक्टूबर 2025 को मुख्य अभियन्ता (परियोजना-बेतवा) झांसी एवं अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई निर्माण मण्डल, झांसी के समक्ष उपस्थित होकर साक्ष्यों सहित लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत करा चुके हैं। लेकिन उस पर भी कार्यवाही नहीं हुयी। ज्ञापन में बताया गया है कि अधिशाषी अभियंता छत्रपति सिंह की दूषित कार्यप्रणाली के विरूद्ध खण्ड के सहायक अभियंताओं, जूनियर इंजीनियर्स संवर्ग के द्वारा दिये गये शिकायती पत्रों के माध्यम से आला अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन उक्त के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई जिस कारण अधिशाषी अभियंता की कार्यप्रणाली एवं व्यवहार और भी अधिक दूषित हो गया है और वह व्यक्तिगत विद्वेष की भावना से ग्रसित होकर अभियंताओं का हर तरीके से शोषण कर रहे हैं। आरोप है कि एक्सईएन छत्रपति सिंह दूषित कार्यप्रणाली के अनुरूप कार्य करने के लिए अधिकारियों को विवश करते हैं, तथा उनके अनुसार कार्य न करने पर संबंधित कार्य से हटाने की धमकी देते हैं तथा शिकायत वापिस लेने हेतु दबाव बनाते हुये मानसिक रूप से सहायक अभियंताओं, जूनियर इंजीनियर्स एवं कर्मचारियों का शोषण करते हैं। संघ ने आशंका व्यक्त की है कि कार्यवाही न होने से संघ के सदस्यों के साथ कभी भी कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। संघ ने मांग उठायी कि अधिशाषी अभियंता छत्रपति सिंह का द्वैत कार्यभार समाप्त किया जाये या फिर पीड़ित अधिकारी व कर्मचारियों को अन्यत्र स्थानान्तरण किया जाये। इस दौरान अध्यक्ष सुरेन्द्र अहिरवार, अध्यक्ष रीतेश बंसल, सचिव मुराद खान, सचिव पंकज सिंघल, अध्यक्ष विपिन कुमार, उपाध्यक्ष दिलशाद हुसैन, रमाकान्त वर्मा, पूजा कुमारी, रेशम अहिरवार, राजेन्द्र बाबू, देवकुमार, अरूण कुमार, ओमप्रकाश खरवार, पंकज सेन, शैलेन्द्र सिंह, शालिकराम, संदीप, अविनाश, अवनीश यादव, रणविजय, अनुराग दीक्षित, आदित्य गुप्ता, सुनील कुमार, विकास कुमार वर्मा, लक्ष्मण सिंह, अशोक कुमार गुप्ता, दीपक मालवीय, विकासदीप भारती, दीपक यादव, जितेन्द्र कुमार खरवार, के.के.वर्मा, राजेश गुप्ता, पुष्पेन्द्र सिंह परमार, मनोज त्रिपाठी, अखिलेश कुमार गुप्ता, आकाश गुप्ता आदि इंजीनियर्स अधिकारी मौजूद रहे।

- विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन कर मांगा न्याय
- आईसीडी द्वितीय के अधिशाषी अभियंता छत्रपति सिंह पर गंभीर आरोप

भागवत कथा से पूर्व श्रद्धालुओं ने ढोल बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली

अफजलगढ, बिजनौर। प्राचीन शिव मंदिर में होने वाली श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा नगर में ढोल बाजे के साथ कलशयात्रा धूमधाम से निकाली गई। अफजलगढ क्षेत्र के ग्राम कादराबाद में प्राचीन शिव मंदिर में 7 नवंबर से 13 नवंबर तक होने वाली श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा शुक्रवार को नगर में ढोल बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलशयात्रा शुक्रवार को सुबह लगभग 10 बजे प्राचीन शिव मंदिर से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गो से होती हुई प्राचीन शिव मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में मंदिर प्रबंधक सुमित्रा देवी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी तथा एक सुसज्जित वाहन पर कथा व्यास नरेन्द्र नंद सरस्वती महाराज सवार रहे। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं-पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे। इस कथा में मुख्य भूमिका मंदिर अध्यक्ष सुमित्रा देवी, कैशियर राधा रानी, संतोष, पुष्पा देवी, सरबजीत कौर, रजनी, किरन, अनिता, जयपाल सिंह की रही। वही पंडित नरेंद्र नन्द सरस्वती ने बताया की भागवत कथा के द्वारा भक्ति ज्ञान और वैराग्य के आधार पर कथा सुनाई जाएगी।

जिला जज के मार्गदर्शन मे लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंम्बर को होगाः सचिव

बिजनौर। अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर श्रय शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उ0प्र0 के निर्देश पर 13 दिसंम्बर 2025 को सुबह 10 बजे से जनपद न्यायालय बिजनौर में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के मार्गदर्शन मे जनपद एवं बाह्य स्थित न्यायालय व सम्बन्धित विभागों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर श्रय शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर के दीवानी वाद, शमनीय आपराधिक वाद, वैवाहिक वाद तथा न्यायालय में लम्बित आपराधिक शमनीय वाद, धारा-138 एन0आई0 एक्ट, धन वसूली, मोटर दुर्घटना क्लेम, लेबर, बिजली-पानी बिल, मैट्रीमोनियल, (तलाक वादो के अतिरिक्त), भूमि अधिग्रहण, सेवा सम्बन्धी वाद (जिसमें पेंशन वाद भी सम्मलित है), उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय के लम्बित राजस्व वाद, व अन्य दीवानी वाद (किराया, सुखाचार अधिकार, निषेधाज्ञा सूट, विशिष्ट प्रर्दशन सूट आदि) का प्रमुखता से सुलह-समझौते के आधार पर निःशुल्क निस्तारण किया जावेगा। साथ ही 13 दिसम्बर 2025 को आर्बीट्रेशन विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत आर्बीट्रेशन सम्बन्धी निष्पादित वादो के निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। उन्होने वादकारीगण से अपील करते हुए कहा कि उपरोक्त दिनांक पर समय व स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर उपरोक्त रिति से अपने-अपने वाद का निस्तारण कराकर लोक अदालत का लाभ उठाये।

सामूहिक रूप से गाया राष्ट्रगीत वंदे मातरम

महोबा। राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्ष 1875 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह अमर राष्ट्रगीत भारत की एकता, अखंडता और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारी एवं पुलिस कर्मियों ने राष्ट्रगीत के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से राष्ट्रीय आयोजन को देखा तथा सामूहिक रूप से वन्दे मातरम् का गायन किया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने यह संकल्प लिया कि वे राष्ट्रहित, कानून व्यवस्था एवं जनसेवा के प्रति उसी समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य करते रहेंगे जिसकी प्रेरणा वन्दे मातरम्-गीत से प्राप्त होती है।

मादा तेंदुआ ने जने तीन शावक, जंगल में कर रहे चहलकदमी

ललितपुर। जनपद के जंगलों में जैव विविधता भरपूर भरी पड़ी है। जनपद के जंगलों में काफी संख्या में तेंदुआ, भालू, हिरन, चीतल, बारहसिंगा, मोर एवं गिद्ध आसानी से देखे जा सकते हैं, लेकिन अभी भी वन विभाग द्वारा सही रखरखाव एवं जंगलों की पर्याप्त सुरक्षा नहीं है। जिस कारण जिस संख्या में इन जानवरों का प्रजनन एवं इनका परिवार बढ़ना चाहिए उस संख्या में नहीं बढ पा रहा है। मानवीय हस्तक्षेप एवं शिकारियों की मौजूदगी किसी भी छिपी नहीं है। मडावरा वन क्षेत्र की गिरार बढ़वार वन बीट में एक मादा तेंदुआ ने तीन शावकों को जन्म दिया है। जंगल में मादा तेंदुआ अपने तीनों बच्चों के साथ चहलकदमी कर रही है।

रेलवे संरक्षा पर सवाल

आधुनिकीकरण, बदलाव और प्रगति की राह पर अग्रसर भरतीय रेलवे के लिए अभी भी 'मंगलमय रेल यात्रा' मुहैया कराना बहुत बड़ी चुनौती है। जिस तरह रेल दुर्घटनाएं हो रही हैं और रेलवे के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं उसे रोकने, कम करने और रेल यात्रा को सुरक्षित बनाने की दिशा में रेलवे को बहुत कुछ करना होगा। छत्तीसगढ़ में बिलासपुर के निकट एक स्थानीय मेमू (मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) सवारी गाड़ी और एक मालगाड़ी की टक्कर ने देश की रेलवे सुरक्षा तैयारी को एक बार फिर सवालों के घेरे में ला दिया है। शुरूआती जांच बताती है कि यह दुर्घटना तब हुई जब सवारी गाड़ी खतरे का निशान दिखा रहे सिग्नल को पार कर गई। यह बताता है कि इंसानी गलतियों और सिग्नलिंग में चूक भारत के विशाल रेल नेटवर्क में अभी भी एक बड़ी कमजोरी है। यह दुर्घटना उस समय हुई है जबकि केंद्र सरकार ने हाल ही में विभिन्न राज्यों में 900 किलोमीटर नए ट्रैक बिछाने के लिए 24, 634 करोड़ रुपये की राशि मंजूरी की है। बहरहाल, रेल लाइनों के विस्तार में सुरक्षा को दरकिनार नहीं किया जा सकता। यह सही है कि उल्लेखनीय रेल दुर्घटनाओं की संख्या 2019-20 के 55 से घटकर 2024-25 में 31 रह गई है लेकिन ऐसी हर घटना बताती है सुरक्षा के मामले में अभी काफी कुछ किया जाना बाकी है। वित्त वर्ष 26 के बजट अनुमानों के मुताबिक सरकार ने 2025-26 में सुरक्षा के मसले पर खर्च के लिए 1.16 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए। इस राशि का पांचवां हिस्सा पटरियों के नवीनीकरण पर खर्च होना है। कुल रेलवे व्यय के प्रतिशत के रूप में सुरक्षा पर होने वाला खर्च वित्त वर्ष 19 के 27 फीसदी से घटकर वित्त वर्ष 26 में 21 फीसदी रह गया। आधुनिकीकरण के उपाय मसलन स्वदेशी टकरावरोधी व्यवस्था कवच की स्थापना, ट्रैक सर्किटिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का विस्तार सही दिशा में उठाए गये कदम हैं। हालांकि इनका क्रियान्वयन अभी भी असंगत और अधूरा बना हुआ है। वर्ष 2024-25 की आर्थिक समीक्षा में भी कहा गया था कि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के लिए चिह्नित 62 स्टेशनों में से केवल 25 पर ही वित्त वर्ष 25 में काम पूरा हो सका। 37 अन्य का उन्नयन बाकी है। भारी मालवहन और घने यात्री परिवहन दोनों का प्रबंधन इस चुनौती को

और कठिन बना रहा है जबकि कर्मचारियों में थकान भी सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर रही है। बहरहाल चाहे जो भी हो रेलवे ने तकनीक के क्षेत्र में उत्साहजनक वृद्धि हासिल की है। भारतीय रेल और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के बीच हालिया गठजोड़ का इरादा आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की मदद से रोलिंग स्टॉक और पटरियों की जांच करने का है। हर तरह की क्रॉसिंग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं ताकि ट्रेनों की भिड़ंत जैसी घटनाओं को टाला जा सके। हालांकि, इन बिखरे हुए प्रयासों को एक करने की आवश्यकता है ताकि तकनीक, अधोसंरचना और इंसानी कारकों को जोड़ने वाली सुरक्षा रणनीति कायम की जा सके। सुरक्षा के लिए बहुमुखी रणनीति की आवश्यकता है। सबसे पहले डिजिटल सिग्नलिंग का व्यापक इस्तेमाल शुरू करना होगा और कवच जैसे भिड़ंत रोकने वाले उपायों को ऐसे सभी रूटों पर लागू करना होगा जहां जोखिम बहुत अधिक है। दूसरी बात, सेंसर और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की मदद से अनुमान लगाकर मरम्मत करनी होगी और पहले ही समस्याओं का पता लगाना होगा। तीसरा, कर्मचारियों के प्रबंधन पर ध्यान देने की जरूरत है। काम के बेहतर हालात, थकान की निगरानी, अतिरिक्त लोको पायलट की भर्ती और नई तकनीक को लेकर विशेष प्रशिक्षण की मदद से मानवीय चूक में भारी कमी की जा सकती है। चौथी बात, हर विस्तार या आधुनिकीकरण परियोजना के लिए स्वतंत्र सुरक्षा जांच जरूरी की जानी चाहिए। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सिग्नलिंग, ब्रेकिंग और आपातकालीन प्रणालियां अधोसंरचना की क्षमता वृद्धि के साथ तालमेल बनाए रख सकें। इसमें दो राय नहीं कि भारत को अधिक रेल पटरियों, तेज ट्रेनों और विस्तृत संपर्क व्यवस्था की आवश्यकता है। परंतु सुरक्षा के बिना तेज गति कोई कामयाबी नहीं है। सुरक्षा और संरक्षा पर फोकस करना जरूरी है।

विचार

महान बनने की पहली सीढ़ी नम्रता है। नम्रता वह अमोघ अस्त्र है जो हमें सफलता की राह दिखाती है और मानव को देवता बना देती है।

-रस्किन.

चेहरे पर बहुत झुर्रियां पड़ गईं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले हो गये, परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।

-भर्तृहरि.

स्वाभिमानी होना अच्छी बात है, परन्तु स्वाभिमान से बेहतर है विनम्रता को धारण किया जाये।

-शेक्सपियर.

जब तक 'मत-छुओ वाद' तुम्हारा धर्म और रसोई का बरतन तुम्हारा देवता है तब तक तुम्हारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।

-स्वामी विवेकानंद.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए, अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

-बर्क.

बिहार चुनाव: रिकॉर्डतोड़ मतदान के संकेत

लोकमित्र गौतम

बंपर वोटिंग का एक कारण यह भी हो सकता है कि इस बार विधान सभा के चुनाव त्योहारी माहौल में हुए हैं और हम सब जानते हैं कि एक करोड़ से ज्यादा प्रवास पर रहने वाले बिहारी 50 फीसदी से ज्यादा छठ पर्व मनाने अपने गांव-घर जाते हैं। इसलिए पहले चरण के मतदान में अगर इन प्रवासियों की अपनी घरों में मौजूदगी और त्योहारी मौका कारण रहा है, तो निश्चित रूप से तेजस्वी के मुकाबले नीतीश का पलड़ा भारी हो सकता है।

बीते 6 नवंबर 2025 को बिहार विधानसभा के चुनाव का पहला चरण सम्पन्न हो चुका है। इस चरण में 121 सीटों के लिए 64.46 फीसदी वोटिंग हुई। यह पांच साल पहले 2020 में हुए विधानसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग से लगभग 9 फीसदी ज्यादा है। इसे देखकर ज्यादातर चुनाव विश्लेषक न सिर्फ उत्साहित हैं और बंपर वोटिंग करार दे रहे हैं बल्कि ज्यादातर का मानना है कि इस वोटिंग पैटर्न के पीछे स्पष्ट नतीजों की पटकथा छिपी हुई है। ऐसा मानने के पीछे मजबूत आधार भी है। दरअसल अगर बिहार में आजादी के बाद हुए ज्यादातर विधानसभा चुनाव के नतीजों को देखें तो जब जब 5 फीसदी या इससे ज्यादा वोटिंग हुई है, तब तब स्पष्ट बहुमत वाली सरकारें बनीं। दूसरे शब्दों में अगर देखा जाए तो पिछले कम से कम 15 बार के विधानसभा चुनाव में जब भी मतदान 5 फीसदी या इससे ज्यादा हुआ है, तब तब मौजूदा सत्ता बदली है। ..तो क्या बिहार विधानसभा के मौजूदा चुनावों के पहले चरण में पिछली बार के मुकाबले यह जो बंपर वोटिंग हुई है, क्या वह नितीश सरकार के लिए खतरे की घंटी है? क्या इससे यह अनुमान लगाया जाए कि सुशासन बाबू 20 साल के शासन के बाद अब वास्तव में जा रहे हैं या फिर इस तरह के कयास जल्दबाजी में निकाले गये कयास हों?

हालांकि हर विश्लेषण का कहीं न कहीं आधार अतीत के आंकड़े होते हैं। लेकिन पहली बात तो यह कि कभी न कभी आंकड़ों की परंपरा भी पलटती है और दूसरी बात यह कि हाल के सालों में तेज रफ्तार जीवनशैली के कारण हमारी हर गतिविधि में अप्रत्याशित और गैरअनुमानित किस्म के रुझान और नतीजे देखने को मिल रहे हैं। इसलिए कोई जरूरी नहीं है कि अगर अतीत में 15 बार 5 प्रतिशत या इससे ज्यादा मतदान के चलते बिहार में सत्तारूढ़ पार्टी या गठबंधन की हार हुई हो, तो इस बार भी इस पहले चरण के मतदान के बाद यही अनुमान लगाया जाए। जहां तक बात 2020 की है, तो पहले तो साल 2020 में 2 नहीं बल्कि 3 चरणों में मतदान सम्पन्न हुआ था और पहले चरण के चुनाव में 71 सीटों पर वोटिंग हुई थी। इस बार दो चरणों में चुनाव हो रहे हैं। पहले चरण में 121 सीटों पर मत पड़ चुके हैं और दूसरे चरण में 122 सीटों पर चुनाव होंगे। यह महत्वपूर्ण तथ्य है कि अतीत में जब भी बिहार विधानसभा चुनाव में 5 प्रतिशत या इससे ज्यादा वोटिंग हुई तब तब सत्ता बदली है और कोई आश्चर्य नहीं होगा अगर इस बार भी अतीत की परंपरा ही दोहरायी जाए।

विधानसभा चुनाव-2025

लेकिन विगत के इस पैटर्न को तब तक सत्य नहीं माना जा सकता, जब तक कि वाकई रिजल्ट सामने न आ जाए। इसलिए अभी भी यह संभावना मौजूद है कि हो सकता है यह पैटर्न कहीं न कहीं नितीश सरकार के ही पक्ष में जा रहा हो, क्योंकि कल की बंपर वोटिंग में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा रही है और विगत के चार पांच चुनाव इस बात के सबूत रहे हैं कि नितीश कुमार के नेतृत्व को महिलाओं के वोट बाकी पार्टियों और नेतृत्व के मुकाबले कुछ ज्यादा मिलते हैं, तो कोई आश्चर्य इस पर भी नहीं होगा यदि यह बंपर वोटिंग इस बार आश्चर्यजनक ढंग से फिर से नितीश सरकार के हाथ सत्ता सौंप दे। क्योंकि यह धारणा है कि बिहार में नितीश कुमार महिला वोट पाने के मामले में चैंपियन हैं और 6 नवंबर 2025 को पहले फेज की वोटिंग में महिलाओं का प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा रहा है।

इस बंपर वोटिंग का एक नतीजा एक ऐसा कारण भी हो सकता है, जो भले अतीत में न दिखता रहा हो। मसलन इस बार बिहार विधानसभा के चुनाव त्योहारी माहौल में हुए हैं और हम सब जानते हैं कि एक करोड़ से भी ज्यादा प्रवास पर रहने वाले बिहारी लोगों में 50 फीसदी से ज्यादा छठ पर्व मनाने अपने गांव-घर जाते हैं। ..तो इसलिए पहले चरण के मतदान में अगर इन प्रवासियों की अपने घरों में मौजूदगी और त्योहारी मौका कारण रहा होगा तो निश्चित रूप से तेजस्वी यादव के मुकाबले नितीश का पलड़ा भारी लगता है। क्योंकि भले बिहार की दूसरी तमाम सरकारों की तरह इस सरकार को भी बिहार के बाहर रोजी रोटी कमाने गये लोग कोसते हों कि अगर उनकी अपनी सरकार सही से विकास के काम कर रही होती, तो उन्हें रोजी रोटी के लिए दूसरे प्रांत में नहीं जाना पड़ता। लेकिन इस धारणा का एक दूसरा भी मजबूत पहलू है, हाल के दशकों में हुए विधानसभा चुनाव में यह पहला ऐसा चुनाव है, जिसके पहले फेज में प्रवासी बिहारियों का मतदान प्रतिशत घरों में रहने वाले स्थायी लोगों से ज्यादा रहा है। अब कोई प्रदेश किसी भी संस्कृति का वाहक हो या दूसरों के नजर में उसकी कोई संस्कृति ही न हो, लेकिन यह बात तय है कि स्थानीय लोग दूसरी जगहों के मुकाबले अपनी जगह को ही ज्यादा तरजीह देते हैं। उसकी दो वजहें हैं- एक तो मूल निवासी रोजी रोटी के कारण मजबूरी में घर से बाहर गये होते हैं और इस बार के चुनावों का समय चूंकि छठ के साथ ही शुरू हो जाता है, तो संभव है कि छठ मनाने आये लोग विरोधी गठबंधन को मतदान करें।

इससे साफ है कि मतदाता अपने पुराने पैटर्न पर मतदान करे, यह जरूरी नहीं है। क्योंकि इसमें अगर त्योहार का फैक्टर है, तो इस बार के मत में जो बढ़ोत्तरी हुई है, जाहिर है वह बिहार के बाहर रह रहे युवा मतदाता हैं, जिन्होंने छठ में घर आने के कारण मतदान में हिस्सा लिया है। बिहार से बाहर रहने वाले ज्यादातर युवा मतदाता जब वोट देने का अपना रुझान तय करते हैं, तो वह बिहार के बाहर, बिहार को लेकर इस प्रचार से ज्यादा प्रभावित होते हैं कि बिहार में लंबे समय तक जंगल राज रहा है। इसलिए युवा मतदाता कम से कम विपक्षी गठबंधन के बजाय मोदी-नितीश वाले गठबंधन को वोट देने के पक्ष में ज्यादा रहता है। क्योंकि विपक्ष की राजनीतिक छवि बिहार में कितनी ही व्यवहारिक हो, बिहार के बाहर वह अभी भी सकारात्मक कम, नकारात्मक ज्यादा है। लेकिन इस पहलू का एक दूसरा पक्ष भी है। बिहार विधानसभा के मौजूदा चुनावों में पहले चरण की वोटिंग के दौरान मौजूद लोग रहें, यह संभव नहीं है। छठ के बाद एक हफ्ते के भीतर लगभग 50 फीसदी से ज्यादा प्रवासियों को अपने काम पर लौटना ही होता है। हो सकता है इस बार व्यवस्थित योजना बनाकर गये हों तो उसके चलते यह वापसी कुछ कम हो।

लेकिन उतने प्रवासी तो दूसरे चरण के मतदान के दौरान बिहार में मौजूद नहीं रहेंगे, जितने पहले चरण के दौरान थे। इसलिए दूसरे चरण की वोटिंग में निश्चित रूप से पहले चरण के मुकाबले कम मतदाता रहेंगे और यह भी लगभग तय है कि शायद दूसरे चरण में पहले चरण के मुकाबले कम वोटिंग हो। अगर ऐसा होता है तो साफ है कि पहले चरण की वोटिंग में त्योहारी फैक्टर काम कर रहा था और अनुमान है कि यह मौजूदा सरकार के पक्ष में जा सकता है। इसलिए जब दूसरे चरण की वोटिंग होगी, जिसमें 122 सीटें शामिल हैं, अगर इस चरण में भी पहले चरण की तरह 9-10 की जगह 5-6 फीसदी भी ज्यादा वोटिंग हुई, तो बहुत संभव है कि वही पैटर्न दोहराया जाए, जो पिछले 15 बार के विधानसभा चुनाव में जब जब ज्यादा वोटिंग हुई है, तो मौजूदा सरकार पलटी है। अगर दूसरे चरण की वोटिंग में भी पहले चरण की वोटिंग का पैटर्न मौजूद रहता है, तब यह बंपर वोटिंग साफ साफ इशारा होगी कि अब बिहार के लोग बदलाव चाहते हैं और इस बंपर वोटिंग के चलते बिहार में नई सरकार शपथ लेगी। फिर भी यह एआई युग है और अब बहुत पारंपरिक अनुमानों का तय होना जरूरी नहीं है, क्योंकि आज का मतदाता बहुत स्थिर मतदाता नहीं है। वह जब तक वोट न डाल दे, तब तक उसके बारे में दावे से यह कह पाना सही नहीं होता कि वह किधर के प्रति स्पष्ट झुकाव रखता है।

सोशल मीडिया

एनडीए ने सुशासन और विकास की नींव बिहार में मजबूत बनायी है। बिहार स्पोर्ट्स सिटी, मेडिसिटी एमएसएमई पार्क और मेगा टेक सिटी के साथ विकसित होने के लिए तैयार है।

अमित शाह.

संस्कारों का विकास

हमारे संस्कार हमारे व्यक्तित्व की रचना करते हैं। साधना के दो भेद हैं। 1 भावनात्मक, 2 क्रियात्मक। स्वाध्याय, सत्संग, चिंतन, मनन यह चार कार्य भावनात्मक साधना के अन्तर्गत आते हैं। इनसे विचारों की, दृष्टिकोण की, भावना की शुद्धि होती है। क्रियात्मक साधना से संस्कारों का संशोधन एवं पोषण होता है। जो अशुभ संस्कार मनोभूमि में गहराई से जमे हैं, उन्हें उखाड़ने का कार्य क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। शुभ संस्कारों का बीजरोपण तथा उनका परिपोषण भी क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। भावनात्मक साधना के संबंध में कुछ प्रकाश पिछले पृष्ठों में डाला जा चुका है। क्रियात्मक साधना के अनेक उपक्रम हैं जिनका उपयोग साधक की निष्ठा, अभिरुचि एवं परिस्थितियों के अनुरूप किया जाता है। गायत्री महामंत्र के जप का क्रियात्मक साधना में सर्वप्रथम स्थान है। इसे अनिवार्य धर्म कर्तव्य माना गया है। धर्मशास्त्रों में ऐसी व्यवस्था मिलती है कि भोजन से पूर्व कम से कम एक बार गायत्री का जप प्रत्येक धर्म प्रेमी को करना चाहिए। जो इसकी उपेक्षा करे उन्हें शूद्र कहकर तिरस्कृत किया गया है। प्राचीन काल में संभवतः नित्य गायत्री जप की उपेक्षा करने वाले लोग शूद्र कहकर तिरस्कृत किये गये होंगे और पीछे उनकी स्वतंत्र जाति ही बन गयी होगी। मस्तिष्क और हृदय दोनों ही क्षेत्रों पर गायत्री जप का गंभीर प्रभाव पड़ता है। स्मरण शक्ति, बुद्धिमत्ता, दूरदर्शिता, सूझ-बूझ परिमार्जित कल्पना, अनुत्तेजना एवं संतुलित मनःस्थिति यह मस्तिष्क के गुण हैं। गायत्री उपासना से इन सभी गुणों का साधक के प्रयत्न अनुरूप विकास होता है। निष्ठा श्रद्धा, दृढ़ता, साहस, धैर्य, उत्साह, उदारता, श्रेष्ठता, आदर्शवादिता एवं संकल्प शक्ति हृदयगत गुण हैं। गायत्री जप से इनका भी अभिवर्धन होता है।

अंतर्दृष्टि

गायत्री बुद्धि एवं भावना की देवी हैं। जहां उसकी प्रष्ठिा होगी वहां सद्ज्ञान एवं सद्भाव का विकास स्वयंमेव होता चलेगा। अंतःभूमि का स्वस्थ विकास इन्हीं दो तत्वों पर निर्भर है। गायत्री उपासना निसंदेह मनुष्य की अपूर्णताओं की खाई पाटती हुई उसे पूर्णता के परम लक्ष्य तक पहुंचा देने में समर्थ होती है। जिन्हें अपने हृदय एवं मस्तिष्क के विकास में अभिरुचि हो उन्हें गायत्री उपासना एक रामबाण अमोघ औषधि के रूप में अपनानी चाहिए। आत्मिक उन्नति की दिशा में जिनका उत्साह अधिक है, जो गुप्त आध्यात्मिक शक्तियों को विकसित करके अपने आपको सामान्य स्थिति से ऊंचा उठाकर असामान्य स्थिति में ले जाना चाहते हैं उनके लिए गायत्री के अनुष्ठान, पुनश्चरण एवं तपश्चर्यात्मक अनेक विधान हैं।

समझनी होगी बचपन की भाषा

सच तो यह है कि आज के तेज रफ्तार विकास और चमत्कारिक हो चली तकनीकी के इस युग में उनके मनोमस्तिष्क में जिज्ञासाओं और आशंकाओं की तेज रफ्तार के अंधड़ चल रहे हैं। फिर भी अभिभावक हों या अध्यापक, उनसे 90 के दशक के बच्चों की तरह ही अनुशासन और आज्ञाकारिता की मांग करते हैं।

सामयिक ● डॉ. अनिता राठौर

हर साल 14 नवंबर को मनाये जाने वाले बाल दिवस का आशय सिर्फ देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को यादभर करना नहीं है बल्कि इसके बहाने हमें इस बात को दोहराना है कि कैसे आने वाले समय में बच्चे अपनी कल्पना, मासूमियत और संवेदनशीलता को बरकरार रखते हुए आगे बढ़ सकें। लेकिन सवाल है क्या आज अभिभावक और अध्यापक सचमुच बच्चों की विशेष करके इस डिजिटल दौर के बच्चों की रोजमर्रा की जरूरतों को समझते हैं? क्या तकनीक के भारी बदलाव के इस दौर के बच्चों की जुबान और उनके मन पर तेजी से पड़ रहे प्रभावों को वो समय के अनुरूप समझ पा रहे हैं और इसको ध्यान में रखते हुए उनके विकास की जरूरत की भाषा बोल व समझ पा रहे हैं?

जी हां, आपको भले लगता हो कि ये तो बड़े वायवीय सवाल हैं, लेकिन जिस तरह से इंटरनेट, सोशल मीडिया, स्मार्ट क्लास, डिजिटल गेम्स और जूम्स गैदरिंग ने आज की समूची जीवनशैली को बदलकर रख दिया है, उस जीवनशैली को आज की एक दशक पुरानी भाषा से न तो समझा जा सकता है और न ही व्यक्त किया जा सकता है। मगर सवाल है क्या आज भी कई दशक पुराने अध्यापक जो हमारी शिक्षा व्यवस्था की बागडोर अपने हाथों से संभाले हुए हैं, उन्हें डिजिटल युग के इन बच्चों की अभिव्यक्ति की भाषा समझ में आती है? क्या वह उन्हें उनके अनुरूप भाषा में जवाब दे पा रहे हैं? यह सिर्फ अध्यापकों के समक्ष का सवाल नहीं है। सच तो यह है कि यह बात अभिभावकों पर भी पूरी तरह से लागू होती है। आज के बच्चों का बचपन सिर्फ खेल के मैदान में नहीं बल्कि खेल के मैदान में कम, स्क्रीन की रोशनी के बीच ज्यादा बीतता है। लेकिन उनके अधिकांश अभिभावक साथ ही अध्यापक भी आज भी 90 के दशक की उस मानसिकता में अटके हुए हैं, जहां बच्चों से उम्मीद की जाती है कि वे किताबों में डूबे रहें, अपनी क्लास में सबसे ज्यादा नंबर लाएं, बड़ों की बातों को बिना सवाल किए मानें और घर में जब रिश्तेदार आएं तो उनके सामने वे अपने मां-बाप और रिश्तेदारों द्वारा पूछे गये हर सवाल का जवाब गर्दन नीची करके दें।

जबकि आज के बच्चों की मनःस्थिति बिल्कुल बदल गई है। सच तो यह है कि आज के तेज रफ्तार विकास और चमत्कारिक हो चली तकनीकी के इस युग में उनके मनोमस्तिष्क में जिज्ञासाओं और आशंकाओं की तेज रफ्तार के अंधड़ चल रहे हैं। फिर भी अभिभावक हों या अध्यापक, उनसे 90 के दशक के बच्चों की तरह ही अनुशासन और आज्ञाकारिता की मांग करते हैं। मां-बाप और स्कूल टीचर बच्चों को आज भी पुराने खांचे और सांचे में ढाले रखना चाहते हैं। यही कारण है कि आज ह्यबुद्धिमानह्ण बच्चे भी मानसिक रूप से कहीं अधिक अस्थिर और भावनात्मक रूप से बेहद अकेलापन महसूस करते हैं। आज के मां-बाप और अध्यापक इस बात को समझ ही नहीं रहे कि तेजी से आ धमके डिजिटल युग ने किशोरों की समूची मानसिक संरचना को तेजी से बदल करके रख दिया है। पहले जहां अभिभावक और अध्यापक पूरे साल बच्चों को जितना पढ़ाते थे, आज हर रोज सामने आने वाले एक से बढ़कर एक डिजिटल ज्ञान के आविष्कार उन पर जानकारियों और ज्ञान की बारिश कर रहे हैं। आज के बच्चे यह अंदाजा ही नहीं लगा पा रहे कि उन्हें तेजतर्रार और समझदार साबित होने के लिए आखिर कितना जानकार और कितना बुद्धिमान होना चाहिए? क्योंकि आज के इस इंटरनेट आधारित डिजिटल युग ने हम सबकी क्षमताएं इतनी बढ़ा दी हैं कि हम छोटे छोटे बच्चों से भी असिमित ज्ञान और समझ की मांग करते हैं।

आज अगर 10 साल का बच्चा एआई चैटबॉट से बात कर रहा है, तो उसके मां-बाप उससे उम्मीद करते हैं कि वह उससे ऐसे सवाल जवाब करें, जिनके सवाल जवाब उन्हें भी मुश्किल से आते हों। मतलब 'यह दिल मांगे मोर' अब कोई मुहावरा नहीं रह गया बल्कि आम से आम अभिभावक भी इससे कहीं ज्यादा की मांग अपने बच्चों से कर रहे हैं। आज 14 से 16 साल के बच्चे न सिर्फ भविष्य के अपने कॅरियर को लेकर चिंतित हैं बल्कि अपने लाइफस्टाइल को लेकर भी उन पर अभी से दबाव है। आज के बच्चे ह्यडिजिटल नेटिव्सह्ण हैं यानी ऐसी पीढ़ी जो तकनीक के साथ पैदा हुई है और समझती है कि उन्हें डांटने और रोकने की इजाजत भी मां-बाप के पास नहीं होनी चाहिए। एक बड़ी समस्या यह भी है कि आज अभिभावक अपने बच्चों की ज्यादातर जरूरतों को भौतिक रूप ही समझते हैं। जैसे- उनका स्कूल अच्छा होना चाहिए, उनके पास अच्छी क्वालिटी का मोबाइल होना चाहिए, वो प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटर या ट्यूटर से कोचिंग पढ़ें और उनके कपड़े स्तरीय होने चाहिए। मां-बाप भूल जाते हैं कि बच्चों की इन सब चीजों के अलावा भी जरूरतें हैं। उनकी भावनात्मक और मानसिक जरूरतें।

लेकिन यह सिर्फ मां-बाप की ही कहानी नहीं है, आज के अध्यापक भी भूल जाते हैं कि उनके छात्र, उनसे टेक्नो कुशलता के अलावा जीवन की कठिन गांठों को सुलझाने की उम्मीद भी रखते हैं। लेकिन 99 फीसदी समय मां-बाप जहां बच्चों की भौतिक जरूरतें पूरी करने में लगे रहते हैं, वहीं 99 फीसदी समय तक उनके अध्यापक अपने छात्रों की नई नई तकनीकी समस्याओं को सुलझाने में लगे रहते हैं। आज के किशोरों के दिल की बात सुनने वाला कोई नहीं है, न स्कूल में अध्यापक, न घर में मां-बाप। आज किसी बच्चे को सफलता के पहले स्वीकार करने के लिए कोई तैयार नहीं है, न घर, न स्कूल। जबकि आज जिस तरह का बच्चों पर कॅरियर और तकनीकी दक्षता का दबाव है, उसमें उन्हें तानों की जगह सहारे की बहुत जरूरत है। आज बच्चे इस इंसानी भीड़ और मनोरंजन की बारिश के बीच भी अकेले और कई बार बेहद सन्नाटे में रहने को अभिशप्त हैं।

माता-पिता अकसर बात बात पर उन पर अपना बचपन थोपने की कोशिश करते हैं, तो अध्यापक भी उनसे उम्मीद करते हैं कि वह अपने अंदर उठने वाले हर सवाल का जवाब, उनके बजाय रोबोट, चैटबॉट या किसी भी सोशल मीडिया मंच से हासिल कर लेंगे। यही कारण है कि आज के अध्यापक बच्चों को शिष्य की तरह नहीं सिखाते बल्कि उनके साथ तकनीकी जानकारियों और संभावनाओं पर दोस्तों की तरह संवाद करने की कोशिश करते हैं। यह तरीका भले नये चश्मे से देखने पर लगता हो कि औपचारिकताओं के बोझ से मुक्त है, पर यह छात्रों पर बहुत बड़ा दबाव डालता है, उनसे लगभग अध्यापकों के स्तर की कुशलता की मांग करता है। सच बात तो यह है कि इस डिजिटल युग में बच्चों को न तो मां-बाप से ही और न ही उनके अध्यापकों से उनको वह संरक्षण या बेफिक्री मिल रही है, जो पहले बिना मांगे मिला करती थी।

आज बाल दिवस के मौके पर ठहरकर और पीछे मुड़कर अभिभावकों और अध्यापकों को इन बातों पर गौर करना चाहिए। ऐसे संक्रमण काल में यह जरूरी है कि बाल दिवस की पृष्ठभूमि में अध्यापक और अभिभावक दोनो ही न सिर्फ बच्चों से बड़ी बड़ी उम्मीदें पालें बल्कि उनके भी दिल की आवाज को गंभीरता से सुनें और अपने मन से यह भ्रम निकाल दें कि तकनीक के इस अतिविकसित युग में बच्चों को बचपना दिखाने की कोई छूट ही नहीं है। आज भी बच्चों को उनकी रुचियों के मुताबिक जीने और बचपने का आनंद लेने की छूट दी जानी चाहिए, जिसके लिए जरूरी है कि अभिभावक और अध्यापक दोनो ही आज के बचपने की भाषा को गंभीरता से समझें, तभी इस सब कुछ की संभावना वाले युग में बच्चों का बचपना शानदार और खुशियों से भरा होगा।

आप की बात

गरीबों का उत्थान

शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। गरीबों को घर मिलने से उनका सशक्तीकरण होगा। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्य प्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं।

आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.

सरकारी अस्पतालों में भीड़

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं।

प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

बिहार में बनेगी तेजस्वी यादव की सरकार: तेज नारायण

सोहावल-अयोध्या। बिहार की देवतुल्य जनता भाजपा सरकार और नीतीश सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, अपराध से से मुक्ति चाहती है। पहले चरण में जो वोट पड़ा है। जनता ने तेजस्वी यादव के सरकार बनाने का संदेश दिया है। नई पीढ़ी के जो युवा नौजवान वोटर थे। उन्होंने बढ़कर का हिस्सा लिया। बिहार में फैली अराजकता को खत्म करने के लिए महा गठबंधन के पक्ष में वोट दिया है। दूसरे दूसरे चरण के चुनाव के बाद जब मतगणना के बाद रिजल्ट आएगा। तो महागठबंधन की सरकार बनने की बनेगी।

यह बातें सोहावल प्रथम की जिला पंचायत सदस्य विनीता रावत के पति सपा नेता अजय रावत के साथ लहरापुर गांव में आनंद तिवारी के आवास पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भंडारे में पहुंचने के दौरान पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने मीडिया से कही। श्री पांडेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ,कांग्रेस पार्टी सहित सब ने मिलकर जो मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहे है।

नगर निगम तिलक हाल में 700 लोगों ने एक साथ गाया वंदे मातरम

अयोध्या। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा अयोध्या महानगर द्वारा शुक्रवार को नगर निगम के तिलक हाल में वंदेमातरम के सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 700 लोगों ने एक स्वर में वंदे मातरम का गायन कर देशभक्ति का संदेश दिया। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्बोधन का लाइव प्रसारण भी उपस्थित जनसमूह ने देखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री व अयोध्या महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह रहे। अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने किया। प्रस्तावना महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने दिया। कार्यक्रम के अंत में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। भाजपा प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह ने कहा कि वंदे मातरम्‌ केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा का उद्घोष है। जिसने आजादी के आंदोलन को दिशा दी और हर भारतीय के भीतर राष्ट्रभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित की। क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि ह्यआज जब हम वंदे मातरम्‌ के 150 वर्ष मना रहे हैं, तब हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम भारत माता के गौरव को विश्व पटल पर और ऊँचा उठाएँगे। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि वंदे मातरम्‌ हमारे राष्ट्र प्रेम की अमर ध्वनि है, जो हर भारतीय को एक सूत्र में बांधती है। यह गीत हमें स्मरण कराता है कि मातृभूमि की सेवा ही जीवन का सर्वोच्च धर्म है।ह्व महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि वंदे मातरम्‌ हमारे राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। जब-जब यह गीत गूंजता है, देश की माटी, संस्कृति और मयार्दा की सुगंध हर दिल तक पहुँचती है। वंदेमातरम गीत के गायन में मौजूद महिला मोर्चा की सदस्यों में कार्यक्रम की संयोजिका अनीता सिंह, रचना श्रीवास्तव, आशा गौड़, प्रतिमा शुक्ला, नीलम जायसवाल, रीना द्विवेदी, बिदू सिंह, यमुनोत्री केसरवानी, मंजू गुप्ता, अनीता द्विवेदी, शशि वर्मा, पूजा रावत तथा अन्य पदाधिकारियों में अभिषेक मिश्रा, शक्ति सिंह, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, हर्षवर्धन सिंह, दिवाकर सिंह मौजूद रहे।

- बंकिम चंद्र चट्टो पाध्याय के वंदे मातरम लिखने के 150 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ इसका आयोजन

एकता पदयात्रा को लेकर भाजपा ने शुरू की तैयारियां

अयोध्या। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पखवारा के अवसर पर भाजपा द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में

13 नवम्बर को एकता पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो हनुमान मंदिर पूरा बाजार से गंगौली तक निकलेगी। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अयोध्या विधानसभा की बैठक भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक में पदयात्रा को ऐतिहासिक और जनसंपर्क अभियान के रूप में मनाने की रणनीति बनी। जिसमें पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री एवं महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया था। भाजपा कार्यकताओं का दायित्व है कि वे उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं। एकता पदयात्रा हमारे राष्ट्र निर्माण के संकल्प को पुनः सशक्त करने का प्रतीक बनेगी। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि पदयात्रा के माध्यम से कार्यकर्ता जनता से संवाद स्थापित करेंगे और एकता, विकास व राष्ट्रभक्ति का संदेश देंगे। यह यात्रा समाज के हर वर्ग को जोड़ने का माध्यम बनेगी और सरदार पटेल के आदर्शों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देगी। मौके पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, हरभजन गौड़, हेमंत जायसवाल, रवि सोनकर, मुकेश तिवारी, अशोका द्विवेदी, अनूप श्रीवास्तव, देवता पटेल, सियाराम वर्मा मौजूद रहे।

जनपद न्यायाधीश ने महिला न्यायिक अधिकारियों के साथ किया पौधरोपण

बाराबंकी। मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत एक वृक्ष मां/मातृ शक्ति के नाम पर जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव ने जजेज कम्पाउण्ड मे वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम मे जनपद न्यायाधीश व महिला न्यायिक अधिकारियो ने आम, नीम, बेल, पाकर आदि के पौधे लगाये। तथा सभी न्यायिक अधिकारियो को संरक्षित करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी अल्पना सक्सेना, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय वन्दना सिंह, ए0डी0जे लवली जायसवाल, सी0जे0एम सुधा सिंह, सिविल जज सी0डि शाम्भवी यादव, ए0सी0जे0एम रूचि तिवारी, ए0सी0जे0एम शिवानी रावत, ए0सी0जे0एम प्राची अग्रवाल, ए0सी0जे0एम श्रद्धा लाल, सिविल जज सी0डी0/एफटीसी वन्दना, सिविल जज जू0डि0 रिचा अवस्थी, सिविल जज जू0डि सोनम शर्मा, सिविल जज जू0डि नेहा चैधरी आदि मौजूद रहे।

ग्राम सेमरहना का डीएम ने किया निरीक्षण

बहराइच। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत घने जंगलों के बीच बसे हुए राजस्व ग्राम भरथापुर के ग्रामवासियों के विस्थापत हेतु ग्राम सभा सेमरहना में संचालित सर्वे कार्य का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने स्थलीय निरीक्षण किया। सर्वे कार्य के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, उप जिलाधिकारी राम दयाल, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. प्रदीप कुमार व अन्य अधिकारियों से सर्वे कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

हॉकी इंडिया के 100वर्ष पूरे होने पर हाकी टूर्नामेंट का आयोजन

बाराबंकी। हॉकी इंडिया के गौरवशाली 100 वर्ष पूरे होने पर पीएसी हॉकी ग्राउंड पर बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन के तत्वाधान में हाकी टूर्नामेंट का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला ओलपिंक एसोसिएशन सचिव/उत्तर प्रदेश कोपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष धीरेन्द्र वर्मा ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया। प्रथम मैच मे महिला वर्ग मे यू0पी पुलिस व बाराबंकी स्टेडियम टीम को 2 गोल से हराकर जीत दर्ज की। दूसरा मैच बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन और गांधी क्लब के बीच खेला गया। जिसमें मुकाबला ड्रा हुआ। मैच का फैसला पेनाल्टी शूट आउट से गांधी क्लब ने 3-1 से जीता। बालिका वर्ग की खिलाड़ियो को बालाजी स्कूल प्रबंधक अंकुर माथुर द्वारा 10 हाकी स्टीक वितरण की गई। इस अवसर पर हॉकी एसोसिएशन सचिव मजहर अजीज खान, चंदा रानी, विवेक सिंह, स्पोर्ट्स ऑफिसर निखिल मिश्रा, राजेश सोनकर आदि मौजूद रहे।

- विजयी खिलाड़ियो को हाकी स्टीक देकर किया गया सम्मानित

भारतीय ज्ञान परंपरा में सफलता के अनेक सूत्रः प्रो. रामविलास मिश्र

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस ह्यलोकल टू ग्लोबलः मार्केटिंग ट्रांसफॉर्मेटिव स्ट्रेटजीज डिजिटल इनोवेशन एंड सस्टेनेबल ग्रोथह्व विषय का आयोजन लोहिया इनक्यूबेशन फाउंडेशन एवं व्यवसाय उद्यमिता एवं प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति अवध विश्वविद्यालय के प्रो. रामविलास मिश्र, विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रो. पियूष रंजन अग्रवाल एवं एमबीए के पूर्व अध्यक्ष प्रो. आर एन राय रहे। प्रो. रामविलास मिश्र ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में सफलता के अनेक सूत्र छिपे हुए हैं। कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि संत कबीर कभी किसी विद्यालय में पढ़ने नहीं गए, लेकिन अब उनकी रचनाओं पर शोध होता है। चरैवेती-चरैवेती को मंत्र पर आगे बढ़ना चाहिए और गीता, वेदों का अध्ययन करें, जिससे सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा मिल सके। अध्यक्षीय उद्बोधन में उद्बोधन में कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि भारत अनेक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कदम उठा रहे हैं। मेक इन इंडिया, वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट जैसी अनेक योजनाएं हैं, जो आत्मनिर्भरता को बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि लोकल से ग्लोबल बनने के लिए क्वालिटी पर विशेष ध्यान देना होगा। अयोध्या का गुड़ देश के अनेक हिस्सों में बिक रहा है। सफलता प्राप्त करने के लिए समय का प्रबंधन भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उद्यमिता से जुड़ना चाहिए, जिससे वे औरों को भी रोजगार दे सकें। पीयूष रंजन अग्रवाल ने कहा कि चुनिंदा देशों में अब भारत भी सेमीकंडक्टर बना रहा है। इसीलिए अमेरिका को भी यह चिंता है कि कहीं भारत बड़ा निर्यातक न बन जाए और उसे चीन के बाद उत्पादन के क्षेत्र में भारत से चुनौती न मिलने लगे। इसीलिए अमेरिकी राष्ट्रपति लगातार बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन अभी कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिसमें काम करने की आवश्यकता है। भारत तेजस का निर्माण तो करता है, लेकिन यात्री विमान नहीं बनाता। तेजस का इंजन भी भारत में नहीं बनता। उन्होंने कहा कि लोगों की क्रय शक्ति को बढ़ाना होगा। क्रय शक्ति बढ़ेगी तो इसका लाभ इंडस्ट्री को मिलेगा। पूर्व प्राक्टर प्रो. आरएन राय ने कहा कि दुनिया में सबसे सस्ते उत्पाद भारत के हैं। इसीलिए भारत निर्यातक के तौर पर उभर रहा है। यूपीआइ का सबसे ज्यादा उपयोग भारत में होता है, जबकि अन्य देश परेशान हैं वे अपने यहां यूपीआइ को किस प्रकार से बढ़ावा दें। उन्होंने कहाकि जीवन, मृत्यु और गणित सबसे बड़े सत्य हैं और तीनों से ही लोगों को डर लगता है। सबसे ज्यादा मानव संसाधन भारत में हैं। इसलिए 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं को मेहनत करनी चाहिए।

- लोकल से ग्लोबल बनने के लिए क्वालिटी पर उत्पादक दें विशेष ध्यानः डॉ. बिजेंद्र सिंह

डीएम ने खेल मैदान और पार्क का किया निरीक्षण

बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ विकास खण्ड बलहा के ग्राम पंचायत बंजरियां में मनरेगा एवं राज्य वित्त व 15वां वित्त आयोग से लगभग 18.35 लाख रुपए की लागत से निर्मित खेल-कूद मैदान एवं मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लोगों को जागरूक कर खेल मैदान व पार्क को उपयोग में लाया जाय। उन्होनें यह भी निर्देश दिया कि खेल मैदान व पार्क का अच्छा निर्माण कराया गया है। इसको माडल मानते हुए इसी प्रकार के अन्य स्थानों पर भी खेल मैदान व पार्क स्थापित किये जाय। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय कर परिषदीय विद्यालयों के पास में उपलब्ध भूमि पर भी इस तरह के खेल मैदान व पार्क को विकसित किया जाय। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा रवि शंकर पाण्डेय, एपीओ विक्रान्त सिंह, एपीओ बलहा आलोक मिश्रा, तकनीकी सहायक फिरोज खान व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

एसपी ने परेड की ली सलामी

बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तत्पश्चात निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाईन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मियों सहित प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षीगण सम्मिलित हुए। क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, आरटीसी/आदर्श मेस, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया। आरटीसी बैरक, मेस, आदि का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, गुणवत्ता, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आदि पर उल्लेखनीय रुप से आदेश-निर्देश प्रदान किया गया। तत्पश्चात, पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों की जांच करते हुए गार्द की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। परेड में प्रतिसार निरीक्षक श्री भुवनेश्वर सिंह सहित प्रभारी आरटीसी आदि अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

कांग्रेस ने अपने 70 साल के शासन में मुसलमानों की सिर्फ दुर्गति कीः वसीम राईन

बाराबंकी। कांग्रेस मुसलमानों का तुष्टिकरण करती रहती है। जबकि हकीकत ये है कि कांग्रेस ने अपने 70 साल के शासन में मुसलमानो की सिर्फ दुर्गति ही की है। उक्त विचार सट्टी बाजार स्थित ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज कार्यालय पर आयोजित बैठक मे मुख्य अतिथि ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने व्यक्त किये। बैठक मे श्री राईन ने कहा कि मुसलमानों का बुद्धिजीवी वर्ग कांग्रेस से सवाल पूछने और उस पर अपनी बदहाली का इलजाम लगाने के बजाये कांग्रेस का बचाव करता रहता है और एड़ी चोटी का जोर लगाकर भाजपा का विरोध करता रहता है। मुसलमानों द्वारा कांग्रेस का बचाव करने से हिन्दू अवाम में ये मेसेज जाता रहा है कि कांग्रेस सचमुच में मुसलमानो की भलाई कर रही है। मुस्लिम समाज द्वारा इन पार्टियों के झूठे दावे की आलोचना न करने से अवाम का एक बड़ा तबका, इनके मुस्लिम हितैषी होने के झूठे दावे को सच्चा मान लेते है।

इसलिए कांग्रेस, सपा, बसपा, टीएमसी, राजद, आप जैसे फर्जी सेक्युलर पार्टियों के झूठे दावों की पोल जोर-शोर से खोलते रहिये। मुसलमान सेक्युलर पार्टियों द्वारा किये जाने वाले भेदभाव और उनके द्वारा संसाधनों में हिस्सेदारी न दिए जाने की बात जितने जोर, शोर से उठाएगा साम्प्रदायिकता उतनी ही दूर भागेगी। श्री राईन ने आगे कहा कि बिहार में अपने को सिकुलर कहने वाली पार्टियो आरजेडी, कांग्रेस ने आबादी के अनुपात पसमांदा मुसलमानों राईन, कुरैशी, धोबी आदि को टिकट नहीं दिया। यही पार्टी सबसे ज्यादा जाति जनगणना की माँग कर रही थी। बैठक मे निसार राईन, अशफाक राईन, खलील राईन, सद्दाम इदरीसी, इरफान अंसारी, अय्यूब राईन, मोहम्मद सलीम, कलीम लाला, जावेद राईन, सररुख राईन, मैनुद्दीन अंसारी, इमरान बंधा, इमरान अंसारी, अब्दुल्ला राईन, रिजवान राईन, रऊफ राईन, मुशीर राईन, मोमिन राईन मौजूद रहे।

- ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज कार्यालय में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने की बैठक

निःस्वार्थ भाव से की गई साधना कभी व्यर्थ नही जाती : विकासानंद शास्त्री

अयोध्या। गोसाईगंज बाजार से सटे रामगंज बाजार में बेलवारी खान गांव के पूर्व प्रधान स्व. महेश कसौधन के पिता राम चंद्र कसौधन के यहां बीते 29 अक्टूबर से चल रहे साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा का 6 नवंबर गुरुवार को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया।

भागवत कथा में मौजूद भागवत प्रेमियों को कथा का रसास्वादन कराते हुए अयोध्या धाम से पधारे पं. विकासानंद शास्त्री ने बताया कि विषम परिस्थितियों में भी भगवान का भजन कभी नहीं छोड़ना चाहिए। श्रद्धा और निःस्वार्थ भाव से की गई साधना कभी व्यर्थ नही जाती है। प्रभु की करुणा भक्त पर जरुर बरसती है, भगवान धन के नहीं भाव के भूखे होते हैं। कथा व्यास ने इस दौरान मौजूद हजारों श्रोताओं को सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष सहित बिबिध कथा प्रसंगों का बड़े ही रोचक अंदाज में वर्णन किया। भागवत कथा का संचालन कसौधन समाज के मंडल महामंत्री हेमंत कसौधन व युवा कसौधन समाज के नगर अध्यक्ष रामेश्वर नाथ कसौधन ने संयुक्त रूप से किया।

इस दौरान गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं जय बाबा अमर नाथ बर्फानी सेवा समिति (रजि0) की अध्यक्ष श्रीमती आरती जयसवाल द्वारा कथा व्यास पं0 विकासानंद शास्त्री एवं भक्ति भजन सुनाने वाले आयोजक परिवार के विनोद कसौधन एवं उनकी धर्म पत्नी रिंकी को गोसाईगंज नगर पंचायत बोर्ड एवं रामगंज/गोसाईगंज बाजार वासियों की तरफ से मोमेंटो भेट कर स्वागत किया गया। इस दौरान कसौधन समाज के नगर अध्यक्ष विजय कसौधन, मंडल महामंत्री हेमंत कसौधन, युवा अध्यक्ष आदि उपस्थितरहे।

आकार लेने लगा लगा है ग्राम भरथापुर वासियों का सपना

बहराइच। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत घने जंगलों के बीच बसे हुए राजस्व ग्राम भरथापुर के हितग्राहियों को ग्राम सभा सेमरहना, तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) की ग्राम समाज की भूमि पर विस्थापित किये जाने की कार्यवाही जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर प्रारम्भ कर दी गई। इसी कड़ी में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में शासन द्वारा आवंटित विस्थापन धनराशि हितग्राहियों के खातों में जमा कराने, विस्थापन के लिए तहसील के ग्राम सेमरहना में चिन्हित ग्राम समाज की भूमि का सत्यापन करने, विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य उप केन्द्र सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थापना के लिए भूमि का चिन्हित करने तथा विभिन्न लाभार्थी परक योजनाओं के लाभार्थियों को विस्थापित किये जाने वाले ग्राम में समायोजित करने की कार्यवाही इत्यादि के सम्बंध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा लीड बैंक प्रबन्धक को निर्देश दिये गये कि ग्राम भरथापुर में कैम्प आयोजित कर 118 हितग्राहियों के खाते खोलने की कार्यवाही सुनिश्वित की जाये ताकि हितग्राहियों के खातों में विस्थापन धनराशि के हस्तान्तरण में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि ग्राम सेमरहना में विस्थापन के लिए चिन्हित ग्राम समाज की भूमि के अभिलेखों का गहनता से जांच परीक्षण कराकर सत्यापन कर लिया जाय। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि हितग्राहियों के लिए मुख्यमंत्री आवास की मांग शासन स्तर से कर ली गई है। शासन स्तर पर समन्वय कर स्वीकृति कराये जाने के प्रयास भी किये जा रहे है। श्री चन्द्र ने यह भी बताया कि ग्राम सेमरहना में भूमि सर्वे का कार्य जारी है। डीएम ने कहा कि विस्थापित परिवारों के लिए प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य उप केन्द्र सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थापना हेतु भी भूमि का सर्वे कर लिया जाय। डीएम द्वारा यह भी निर्देश दिया कि ग्राम भरथापुर के विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियों को विस्थापन के उपरान्त विस्थापित ग्राम्य में योजना का लाभ दिये जाने हेतु भी आवश्यक तैयारी कर ली जाय ताकि निरन्तरता बनी रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, डीएफओ कतर्नियाघाट सूरज, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

सीवी रमन के जन्म दिवस के पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

अयोध्या। डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती व सर सी वी रमन के छाया चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विभाग के वरिष्ठ प्रो के के वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए सर सी वी रमन की खोज रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष प्रो गंगाराम मिश्र ने सर सी वी रमन के जीवन दर्शन पर चर्चा करते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शतत विकास एवं उनमें भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कम संसाधनों से भी हम सकारात्मक सोच के साथ बहुत कुछ कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. गीतिका श्रीवास्तव, डॉ॰ अनिल कुमार व डॉ. सिंधु सिंह ने संबोधित करते हुए सभी छात्रों को विज्ञान में अपनी रुचि और कौशल को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। सर सी वी रमन के जन्म दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल विज्ञान के प्रति जिज्ञासा को जगाने में सफल रहा, बल्कि यह छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव भी बना। इस अवसर पर डॉ गया प्रसाद, डॉ. अश्वनी कुमार व संदीप पाण्डेय सहित विभाग के शोध छात्र, परास्नातक व स्नातक भौतिकी/इलेक्ट्रानिक्स के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

प्रांतीय अधिवेशन में पत्रकारों की समस्या की गूंज

अयोध्या। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन का प्रांतीय अधिवेशन आज हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री चिकित्सा स्वास्थ्य मयंकेश्वर शरण सिंह, राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी, प्रसिद्ध उद्योगपति विश्वास स्वरूप अग्रवाल, मनोज बाजपेई, विधायक अभय सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों की समस्याओं को रखा उन्होंने ज्ञापन राज्य मंत्री को सौंपा। इस दौरान पूर्व सांसद निर्मल खत्री मौजूद रहे। मुख्य अतिथि चिकित्सा स्वास्थ्य राज्य मंत्री श्री सिंह ने आश्वस्त किया कि ज्ञापन की समस्या को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आठ साल में प्रदेश ने स्वास्थ के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है। भारत के अन्य प्रदेशों की तुलना में प्रदेश स्वास्थ के क्षेत्र में तीसरे स्थान पर है, जल्द ही हम पहले नंबर पर होंगे। स्वीकार किया कि स्वास्थ के क्षेत्र ने कुछ कमियां है जिसे दूर करने के लिए सरकार कार्य कर रही है। प्रदेश के 81 मेडिकल कॉलेज में पीजी की शिक्षा दी जा रही है, जिससे अस्पतालों में चिकित्सकों की कमियां दूर होंगी। स्वास्थ राज्यमंत्री ने बीते एक साल के दौरान अस्पतालों में मरीजों के इलाज की उपलब्धि गिनाई। विशिष्ट अतिथि श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महा सचिव चंपत राय ने संगठन के अध्यक्ष स्व. के विक्रम राव को नमन किया। भाषाई पत्रकारिता पर जोर दिया। कहा कि सरकार की योजनाएं आमजन तक पहुंचाने, व स्थानीय समस्या को सरकार तक पहुंचाने का कार्य भाषाई अखबार के सकते है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण के बाद संपूर्ण देश के लोगों का अयोध्या आगमन हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब तक 6 करोड़ लोग अयोध्या दर्शन के लिए आ चुके है। 70 से 80 हजार लोग रोजाना दर्शन कर रहे है। कहा कि मंदिर का निर्माण आमजन के सहयोग से हुआ है, इसमें लोहा कहीं प्रयोग नहीं किया गया है। मंदिर परिसर के बाहर यात्रियों की सुविधा के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की योजना चल रही है। कहा कि 25 नवंबर को प्रधानमंत्री राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे, इसमें समाज के लोगों का प्रेजेंटेशन होगा पूर्वी उत्तर प्रदेश के 6 हजार लोगों की आमंत्रित किया गया है। ट्रस्ट महासचिव ने कहा कि ध्वजारोहण के बाद मंदिर निर्माण की पूर्णता की घोषणा होगी। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष हरि कृष्ण अरोड़ा ने धनवाद ज्ञापित किया। संचालन महामंत्री शिव शरण सिंह ने किया। इससे पहले अतिथियों का स्वागत रामनामा, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर प्रदेश के पदाधिकारियों ने किया। स अवसर पर अविनाश चन्द्र शुक्ला, पवन पाण्डेय देव राज सिंह, विश्वदेव राव,कुमार सिंह, सूर्य नारायण सिंह, राकेश कुमार यादव, धमेन्यादव, उग्रसेन मिश्रा,अमरनाथ वर्मासमेत प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

- यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रांतीय सम्मेलन में प्रदेशभर के पत्रकारों का रामनगरी में लगा जमावड़ा
- स्वास्थ राज्य मंत्री ने पत्रकारों के समस्या के समाधान का दिया आश्वासन

संक्षेप

लापता युवक का तालाब में मिला शव

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक दो दिन पूर्व अचानक घर से लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद पता न चलने पर पुलिस को इसकी सूचना दी, शुक्रवार की सुबह युवक का शव घर के बगल स्थित तालाब में दिखाई पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक परीक्षण करते हुए, पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के भिटुरा गांव निवासी श्रवण कुमार 30 वर्ष पुत्र रामकृपाल दो दिन पूर्व घर से लापता हो गया था। परिजन उसकी तलाश में जुटे हुए थे। काफी खोज बीन के बाद जानकारी न मिलने पर परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसी बीच शुक्रवार की सुबह करीब 07:30 बजे खोजबीन के दौरान युवक श्रवण कुमार का शव घर के बगल स्थित तालाब में दिखाई पड़ा। मृतक की पत्नी विनीता की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाने की कार्वाई शुरू कर दी है।

हार्ट अटैक से भाकियू नेता का निधन

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव और प्रख्यात किसान नेता रमाशंकर चैधरी (68) का हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके निधन से यूनियन कार्यकर्ताओं और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। रामपुर बरौंसा गांव निवासी रमाशंकर चैधरी बीते दिनों मुंबई में अपने रिश्तेदारों के यहां घूमने गए थे। बुधवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गुरुवार को इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की खबर मिलते ही परिजनों समेत गांव में मातम छा गया। गुरुवार देर रात लगभग 9 बजे उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा। शुक्रवार सुबह से ही शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लगा रहा। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओ.पी. चैधरी समेत कई राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और यूनियन पदाधिकारियों ने उनके आवास पहुंचकर परिवार को सात्वना दी। शुक्रवार को सुबह करीब 11:00 बजे गोमती नदी के तट पर स्थित दियरा राजघाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

सांसद खेल महोत्सव में प्रतियोगिता आयोजित

महराजगंज, रायबरेली। विकास खंड क्षेत्र की न्याय पंचायत मऊ के पूरे अहलादी स्थित खेल मैदान में आज शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव फिट युवा फॉर विकसित भारत 2025 के अंतर्गत बीडीओ वर्षा सिंह की अध्यक्षता में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मऊ गर्वी और कोटवा मोहम्मदाबाद न्याय पंचायतों के बच्चों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख (मऊ प्रधान प्रतिनिधि) सत्येंद्र प्रताप सिंह एवं बीडीओ वर्षा सिंह के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर धूप दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के पश्चात राष्ट्रगान से शुरू हुआ। बीडीओ वर्षा सिंह ने बताया कि, यह उत्सव जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का अवसर देगा। खेल महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, 100 मीटर 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, पचास मीटर बालिका दौड़ आदि कई प्रतियोगिताएं न्यायपंचायत, विकास खण्ड, विधानसभा फिर लोकसभा स्तर पर कराई जाएंगी।

एनआईएफटी रायबरेली का दीक्षांत समारोह आयोजित

एनआईएफटी के 40 वर्षों की रचनात्मक उत्कृष्टता का उत्सव

- इस वर्ष कुल 141 विद्यार्थियों को पांच विभागों से उपाधियां प्रदान की गयीं

जिला संवाददाता (vol)

रायबरेली। वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी), रायबरेली का 14वां दीक्षांत समारोह संस्थान परिसर में गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित किया गया। यह समारोह एन.आई.एफ.टी. के 40 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संस्थान की सृजनात्मक यात्रा का विशेष प्रतीक रहा।

समारोह की अध्यक्षता प्रो. डॉ. जोनाली डी. बाजपेयी, निदेशक, एन.आई.एफ.टी. रायबरेली ने की। उन्होंने अपने प्रारंभिक संबोधन में संस्थान की वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत की और वर्ष भर की उपलब्धियों, शैक्षणिक प्रगति, उद्योग सहयोग, अनुसंधान कार्य तथा विद्यार्थियों की सफलताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रायबरेली परिसर सतत डिजाइन, उद्यमिता प्रोत्साहन और डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस वर्ष कुल 141 विद्यार्थियों को पाँच विभागों से उपाधियाँ प्रदान की गईं जिसमें 28 विद्यार्थी फैशन मैनेजमेंट स्टडीज, 28 विद्यार्थी फैशन एवं लाइफस्टाइल एक्सेसरीज, 27 विद्यार्थी फैशन कम्युनिकेशन, 33 विद्यार्थी फैशन डिजाइन, 25 विद्यार्थी लेदर डिजाइन शामिल हैं।

समारोह में विभिन्न प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि गणेश सुब्रमणियन, संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टाइलुमिया, ने कहा कि फैशन का भविष्य उन रचनाकारों का है जो सृजनशीलता को तकनीक और जिम्मेदारी के साथ जोड़ते हैं। आपके विचार एक सतत और नवाचारयुक्त विश्व निर्माण में योगदान दे सकते हैं। विशिष्ट अतिथि अंजलि शर्मा, डिजाइनर, उद्यमी एवं समुदाय निमार्ता, ने कहा कि डिजाइन का मूल भाव संवेदना और संबंध है। आपकी रचनाएँ ऐसी कहानियाँ कहें जो लोगों को प्रेरित करें और समुदायों को सशक्त बनायें।

वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे होने पर रायबरेली पुलिस ने किया सामूहिक गायन

रायबरेली। राष्ट्रप्रेम की भावना को चरितार्थ करते हुए आज राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रायबरेली पुलिस ने भव्य आयोजन किया। पुलिस कार्यालय परिसर में एएसपी संजीव कुमार सिन्हा के नेतृत्व में समस्त पुलिस स्टाफ ने एक स्वर में वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत के ऐतिहासिक महत्व को याद करते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं कर्तव्यनिष्ठा के प्रति दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि वन्दे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि स्वाधीनता संग्राम की प्रेरणा और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। हमें हर पल इसकी गरिमा बनाए रखनी है। यह उत्साह केवल पुलिस मुख्यालय तक सीमित नहीं रहा। रिजर्व पुलिस लाइन रायबरेली सहित जनपद के सभी थानों व चैकियों पर भी यही कार्यक्रम आयोजित हुआ। हर जगह पुलिसकर्मियों ने पूरे जोश व उत्साह के साथ वन्दे मातरम का गायन किया और देशसेवा की शपथ ली। इस आयोजन ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि रायबरेली पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था की रक्षा करती है, बल्कि राष्ट्रप्रेम व सांस्कृतिक विरासत को भी जीवंत रखने में अग्रणी है।

आरेडिका में गाया गया राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम :आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रशासनिक भवन के संगोष्ठी कक्ष में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व एवं महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। सामूहिक गायन में आरेडिका के अधिकारियों, कर्मचारियों स्काउट एवं गाइड के सदस्यों सांस्कृतिक संगठनों के सदस्यों, कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधियों, केन्दीय विद्यालय, एवं ज्ञानदा बाल मन्दिर के बच्चों सहित शिक्षकों एवं शिक्षकाओं सहभागिता की। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाला गीत था जिसने भारत वर्ष को राष्ट्र रूपी माला में पिरोकर एकता और अखण्डता का संदेश दिया। इस अवसर आरेडिका के वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी अनिल कुमार यादव, सहायक कार्मिक अधिकारी दीपक कुमार, जनसम्पर्क अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव, सहायक वित्त सलाहकार सुर्हिता खान, एवं वरिष्ठ अनुभाग अभियंता आदित्य प्रकाश सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

पीड़िता को जान से मारने की धमकी, एसपी से न्याय की गुहार

गौरीगंज,अमेठी। एसपी कार्याल पर शिकायत करने पहुंची पीड़िता को आरोपी के घर वाले जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता गौरीगंज थाने में तहरीर दी है, लेकिन अभी तक पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नहीं समझा। जिससे पीड़िता के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगायी है। मालूम हो कि पुरवा नवाडीह खुड़ियापुर शाहगढ़ थाना मुंशीगंज निवासिनी शालू पाण्डेय बीते 27 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज में आरोपी नौशाद अ ालम निवासी शाहगढ़ के परिवार के खिलाफ एप्लिकेशन देने गयी थीा, जो अभी जेल में बंद है। इसी बीच आरोपी के बड़े भाई मिराज अहमद व दो-तीन अज्ञात व्यक्ति उनका पीछा करते हुए वहां पर आ गये, और धमकी देते हुए बोले कि अगर कहीं शिकायत करोगी तो जान से हाथ धोना पड़ेगा, यह कहते हुए वहां से चले गये। जिसके बाद पीड़िता गौरीगंज थाने पहुंची और मामले की जानकारी दी। पीड़िता को समझाते हुए पुलिस ने कहा कि कल आना, देखा जायेगा। दूसरे दिन जब महिला थाने पहुंची तो पुलिस ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि एसपी कार्यालय में लगा सीसीटीवी कैमरा कुछ टेक्निकल समस्या के कारण चेक नहीं हो पाया, जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी, लेकिन अभी तक मुकदमा नहीं दर्ज किया गया, जिससे आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़िता डरी व सहमी हुई है कि उसके पति व उसकी हत्या न हो जाय। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

सैनिक स्कूल अमेठी में वंदे मातरम के सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन

अमेठी। सैनिक स्कूल अमेठी में शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे वंदे मातरम (पूर्ण गीत) का सामूहिक गायन बड़े उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम देशभर के सभी सैनिक स्कूलों में एक साथ आयोजित किया गया, जो वंदे मातरम 150 अभियान का प्रथम चरण था। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण भी स्कूल में देखा गया, जो प्रातः 10:35 बजे प्रसारित हुआ। विद्यालय के कैडेट्स एवं समस्त स्टाफ ने पूरे उत्साह के साथ इस राष्ट्रीय अभियान में भाग लिया। विद्यार्थियों ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन करते हुए मातृभूमि के प्रति समर्पण एवं एकता का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त वंदे मातरम कराओके अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अपने स्वर में वंदे मातरम गीत रिकॉर्ड कर अभियान की आधिकारिक वेबसाइट https://vandemataram150.in/ पर अपलोड किया। विद्यालय द्वारा किए गए सभी कार्यक्रमों का विवरण उक्त पोर्टल पर अपलोड किया गया, जिसमें प्रतिभागियों की संख्या का विशेष उल्लेख किया गया। यह आयोजन देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल रहा।

डीएम ने प्राथमिक विद्यालय व और गो आश्रय का किया निरीक्षण

अमेठी। डीएम संजय चौहान ने शुक्रवार को बाहापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय तथा गो आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय बाहापुर पहुंचकर छात्र-छात्राओं से पढ़ाई की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से पाठ्य पुस्तकों की पाठन सामग्री पढ़वाई तथा उनसे मध्यान्ह भोजन, कॉपी-किताब, ड्रेस, स्वेटर, जूते-मोजे आदि की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने विद्यालय के उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन कर प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को बच्चों को पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ शिक्षित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विद्यालय में शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा विद्यालय परिसर में सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए। विद्यालय निरीक्षण के उपरांत डीएम गो आश्रय स्थल बाहापुर पहुंचे। यहां उन्होंने गोवंशों के संरक्षण, आहार, चिकित्सा और सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने केयरटेकर को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी गोवंशों को नियमित रूप से निर्धारित मात्रा में भूसा, पशु आहार और हरा चारा उपलब्ध कराया जाए। डीएम ने गौशाला में भूसे, पानी और हरे चारे की उपलब्धता की भी गहनता से समीक्षा की तथा बीमार गोवंशों की पशु चिकित्साधिकारी ने नियमित देखरेख और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, टीकाकरण रजिस्टर, चारा, भूसा रजिस्टर तथा केयरटेकर भुगतान अभिलेखों का भी अवलोकन किया और सभी अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि कमजोर और बीमार गोवंशों की देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा गौशाला परिसर में सफाई की स्थिति को और बेहतर बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने ठंड के मौसम को देखते हुए गौशालाओं में तिरपाल, काऊ कोट तथा बिछावन के लिए पराली आदि की व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित करने को कहा, जिससे गौशालाओं में गोवंशों को ठंड से बचाया जा सके।

एनटीपीसी ध्वज फहराने व रंगारंग कार्यक्रम के साथ मना एनटीपीसी का स्वर्ण जयंती समारोह

रायबरेली। एनटीपीसी कंपनी आज सफलता के उच्च शिखर पर है, और इसे बनाए रखना एक चुनौती भी है, लेकिन एनटीपीसी का प्रत्येक कर्मचारी चुनौतियों को अवसर में बदलने की दक्षता एवं क्षमता रखता है। उक्त विचार एनटीपीसी ऊंचाहार के कार्यकारी निदेशक तथा परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव ने एनटीपीसी के स्वर्ण जयंती समारोह में व्यक्त किए। एनटीपीसी कंपनी के इक्यानवे स्थापना दिवस के अवसर पर परियोजना में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां परियोजना प्रमुख ने एनटीपीसी ध्वज फहराया और केक काटकर सभी का मुंह मीठा कराया। शांति के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें एनटीपीसी संबंधी सवाल पूंछे गए। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सतर्कता जागरूकता संबंधी प्रतियोगिताओं के अलावा 30 मेधावी ग्रामीण छात्रों को उत्कर्ष स्कॉलरशिप के साथ साथ सोलर लैंप व लैपटॉप टेबल देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

परियोजना प्रमुख ने ऊंचाहार परियोजना की उपलब्धियों, भावी योजनाओं तथा कार्यक्रमों की विस्तार से चर्चा करके सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी। सम्पूर्ण आयोजन में प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव, महाप्रबंधक आशुतोष बिस्वास, दिलीप कुमार साहू, एस यू हरिदास, मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा लेडीज क्लब की वरिष्ठ पदाधिकारी झूमिता विश्वास, अन्य महिलाएं, सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसो. के अध्यक्ष एवं महासचिव सहित डीसी, सी आईएसएफ, अजय त्रिपाठी परिसर के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य तथा बड़ी संख्या में एनटीपीसी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्थापना दिवस पर ऊंचाहार परियोजना में एक और उपलब्धि जुड़ी जब कंपनी के सीएमडी गुरदीप सिंह ने नव निर्मित अतिथि ग्रह संगम का वर्चुअली उद्घाटन किया। स्वर्ण जयंती समारोह को यादगार बनाने के लिए शाम को इंडियन आइडल के कलाकार सलमान अली म्यूजिकल नाइट संपन्न हुई जिसमें नवोदित कलाकार ने ऐसा समा बांधा कि युवा एवं दर्शक झूमने पर मजबूर हो गए।

मछली व्यवसायी की संदिग्ध हालत में मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

तिलोई, अमेठी। जनपद के इन्हौना थाना क्षेत्र में एक मछली व्यवसायी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौ*त का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 45 वर्षीय राजू पुत्र सफीर निवासी पूरे मियां मौलाना पीर दरगाह के पास, कस्बा इन्हौना के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, राजू रोज की तरह रात करीब आठ बजे दुकान बंद कर घर लौटे थे। घर पर कुछ देर रुकने के बाद वह अपनी मोटरसाइकिल लेकर कहीं चले गए। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजन चिंतित हुए और उनकी तलाश में निकल पड़े। भोर करीब साढ़े तीन बजे राजू कस्बे के ही रहमान शाह कब्रिस्तान की दीवार के पास गंभीर अवस्था में पड़े मिले। परिजनों ने उन्हें अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि राजू को कुछ लोगों ने बेरहमी से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। परिवार का कहना है कि घायल अवस्था में राजू ने खुद बताया था कि उसे मारा गया है, हालांकि वह किसी का नाम नहीं बता पाए। थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

राजकीय कृषि बीज भंडार पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला, किसानों में भारी रोष

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। कूरेभार स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। ब्लॉक मुख्यालय पर कृषि भवन का निर्माण एक साल से अधूरा है, वहीं किराए के भवन में चल रहा अस्थायी कृषि केंद्र भी अव्यवस्थाओं से घिरा है। शुक्रवार की सुबह लगभग 11 बजे तक सेमरी मार्ग स्थित अस्थायी कृषि बीज केंद्र पर ताला लटका मिला जब कि दर्जनभर किसान बाहर इंतजार कर रहे थे। क्षेत्रीय किसानों में हौसला प्रसाद, संजीत वर्मा, जे.पी. वर्मा, बृज भूषण तिवारी, गीता देवी और लालती ने बताया कि वे सुबह 09:30 बजे से गेहूं का बीज लेने पहुंचे थे, लेकिन 11:00 बजे तक कोई कर्मचारी नहीं आया। किसानों ने शिकायत की कि गोदाम पर न तो बैठने की व्यवस्था है, न पानी की सुविधा, और केंद्र भी समय पर नहीं खुलता। उन्होंने कहा, ष्हम अपने खेत का काम छोड़कर बीज लेने आते हैं, लेकिन यहां घंटों इंतजार करना पड़ता है। इस संबंध में कृषि केंद्र प्रभारी सुशील मौर्य ने बताया कि कर्मी गोदाम पर जा रहे हैं, जल्द पहुंच जाएंगे। हालांकि, किसानों के सुबह से इंतजार करने और केंद्र के समय पर न खुलने से प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले एक वर्ष से ब्लॉक मुख्यालय पर कृषि भवन का निर्माण अधूरा पड़ा है। जिसके चलते कृषि विभाग का पूरा संचालन किराए के भवन से हो रहा है, जहां पर्याप्त जगह और मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। किसानों का कहना है कि समय पर बीज, खाद और सलाह देने के उद्देश्य से बने इस केंद्र की अव्यवस्था सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगा रही है, जबकि दूरभाष पर कृषि रक्षा इकाई प्रभारी आलोक सिंह ने बताया कि बीज केंद्र प्रभारी के पिता की तबियत खराब होने के चलते गोदाम की चाभी कुछ बिलंब से मिली, जिसके चलते गोदाम लेट खुला।

दियरा गोमती नदी में छोड़ी गयीं दो लाख मछलियां, लाभार्थी सम्मानित

जिला संवाददाता (vol)

मोतिगरपुर, सुलतानपुर। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत शुक्रवार को राष्ट्रीय मत्स्यकी विकास बोर्ड द्वारा आयोजित रिवर रैंचिंग कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, निषाद एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित निषाद ने दियरा गोमती नदी मे दो लाख मछलियां डाली। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने निषाद समाज को मुख्य धारा मे शामिल कराने का संकल्प लिया है।

शुक्रवार को आदि गंगा गोमती तट दियरा मे आयोजित कार्यक्रम मे मत्स्य विभाग मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमाकांत पांडेय ने सदर विधायक राजबाबू उपाध्याय, निषाद परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अमित निषाद को पुष्प गुच्छ भेंट किया। मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत रामसुंदर निषाद को एक लाख सतहत्तर हजार व उर्मिला निषाद को 75 हजार योजना से लाभान्वित कर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने समाज के हित मे डबल इंजन की सरकार में केंद्र और प्रदेश से योजना लागू कराकर रोजगार के लिए गांव से पलायन कर रहे युवाओं को रोजगार मुहैया कराया। गोमती नदी में बड़ी संख्या में मछलियां पड़ी है निषाद समाज के लोगों की आय में बढ़ोतरी होगी। कैबिनेट मंत्री संजय ने संकल्प लिया है कि समाज को मुख्य धारा में लाकर ही रहेंगे। इस मौके पर निषाद पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष झगरू निषाद, जिलाध्यक्ष राजेश निषाद रमेश निषाद, पूर्व प्रमुख राम मूर्ति निषाद, विनय प्रजापति, रत्नेश तिवारी, गुड्डू उपाध्याय, संजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

एमडब्लूओ ने जामों में लगाया रक्तदान शिविर ,12 लोगों ने किया रक्तदान

जामों,अमेठी। स्वास्थ्य सेवाओं व मानव रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाने वाला सामाजिक संगठन महापद्मनंद वेलफेयर आर्गनाइजेशन (टहड) की जिला कमेटी अमेठी के नेतृत्व में जिला कोषाध्यक्ष संग्राम सिंह सविता के आवास पूरे सुबेदार जामों में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वालों में राहुल कुमार, संतोष कुमार वर्मा, सत्यव्रत त्रिपाठी, अभय वर्मा, शिवेंद्र प्रताप सिंह, मनीष कुमार, अनुज कुमार यादव, लाल , त्रिभुवन कुमार शर्मा, अंकित कुमार मिश्रा , संग्राम सिंह सविता, अखिलेश कुमार शर्मा आदि रहे। शिविर का शुभारंभ कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ की महासचिव श्रीमती गीता सिंह ने रिवन काटकर किया और कहा कि एम डब्लू ओ की रक्तदान की मुहिम ने हजारों जिंदगियां को बचाने का महान व पुनीत कार्य किया है। कार्यक्रम में पहुंचे रक्तदान मिशन के प्रेरक व संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने सभी रक्तदानियों को बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान करने से शरीर को कोई नुकसान नहीं होती बल्कि शरीर रोगमुक्त हो जाता है। सभी रक्तदानियों को जिला अध्यक्ष अमेठी श्रीकांत शर्मा व डाक्टर आर पी गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रक्त संग्रह करने का कार्य राधेश्याम सत्य प्रकाश ब्लड बैंक के दिवाकर यादव, दीपक तिवारी, मृत्युंजय बेसाई आदि लोगों ने कुशलता पूर्वक किया। मौके पर गांव के पूर्व प्रधान राजकुमार द्विवेदी, चौधरी चंद्रिका प्रसाद शर्मा, हृदयराम शर्मा, उदयभानु सविता, पवन कुमार, दीपक शर्मा, दीपक शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, श्यामलाल शर्मा, जगदीश प्रसाद सविता, मलखान सविता आदि लोग उपस्थित रहे।

खेल से होता है शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास : एसडीएम

सुलतानपुर (वीओएल)। कंपोजिट विद्यालय खुदौली में बुधवार को एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय वार्षिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता धूमधाम से संपन्न हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन आईएएस डॉ. रिदम आनंद ने दीप प्रज्वलन कर किया। एसडीएम ने कहा कि खेल न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेल भविष्य में कैरियर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने और खेल भावना का पालन करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का हृदय जीत लिया। कार्यक्रम के समापन पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। बीएसए ने कहा कि खेल जीवन का अनिवार्य अंग है, हार-जीत तो एक प्रक्रिया है, परंतु असफलता से मिली सीख ही आगे सफलता की कुंजी बनती है। बीइओ अजय सिंह ने कहा खेल बच्चों में टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ने कहा खेल न सिर्फ शारीरिक, बल्कि बौद्धिक व भावनात्मक विकास का भी आधार हैं। प्रतियोगिता में ढेलहा न्याय पंचायत ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता। 50, 100, 200 व 400 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो व वॉलीबॉल में बालक व बालिका वर्ग में रोमांचक मुकाबले हुए। कबड्डी में शिवगढ़, जबकि खो-खो व वॉलीबॉल में ढेलहा न्याय पंचायत ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. रामसागर गुप्त, एआरपी जितेंद्र तिवारी, बृजेश कुमार सिंह, राहुल राष्ट्रवादी, संतोष सिंह, उपासना चौरसिया, गरिमा मिश्रा सहित अनेक शिक्षकों व अनुदेशकों का विशेष सहयोग रहा।

खेल से बच्चों में अनुशासन व टीम भावना का होता है विकास

- बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में एनपीआरसी भाई बना ओवरऑल रहा चैंपियन

सुलतानपुर (वीओएल)। परिषदीय विद्यालयों में बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता- 2025 का सफल आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय अमहट में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में दूबेपुर ब्लॉक की सभी दस न्याय पंचायतों से चयनित छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने सरस्वती वंदना कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका है। खेल से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि जीत-हार से कहीं अधिक महत्वपूर्ण खेल में भागीदारी है, और हर प्रतिभागी विजेता होता है। कार्यक्रम में बीइओ रामतीर्थ वर्मा व ब्लॉक अध्यक्ष/ जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी, राजीव मिश्र, निशांत सिंह, राजेश पांडेय आदि ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक ब्रजेश सिंह ने खेल प्रतियोगिताओं के नियमों पर चर्चा की। वहीं, संचालन की जिम्मेदारी एसआरजी सुनील कुमार सिंह, सर्वेश सिंह और अर्चना श्रीवास्तव ने निभाई। जिला स्काउट मास्टर धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पीटी में सहयोग दिया। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में शानदार मुकाबले हुए। उच्च प्राथमिक बालक व बालिका कबड्डी में अहिमाने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्राथमिक वर्ग में भादा न्याय पंचायत ने बालक व बालिका दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुल मिलाकर एनपीआरसी भाई ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। इस मौके पर हरगोविंद सिंह, आरिफ नियाज, फगुलाल, शशि सिंह, रत्नेश रावत, उदय सिंह, रितेश त्रिपाठी, पुनीत, प्रेम अभिषेक, श्वेता सिंह आदि ने सहयोग दिया। कार्यालय व्यवस्था में बजरंग यादव, उदय राज वर्मा, सुजीत सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, राजनाथ मिश्र आदि मौजूद रहे।

अनियंत्रित होकर 5 फीट गड्ढे में गिरी स्कॉर्पियो

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। लखनऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया। कादीपुर की ओर से सुल्तानपुर की तरफ जा रही एक स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे करीब पाँच फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में वाहन सवार लोग बाल-बाल बच गए। यूपी 44 बीआर 4576 नंबर की स्कॉर्पियो पर वार्ड नंबर 34 से जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी राजेश तिवारी सुपुत्र हिमांशु तिवारी उर्फ लाल साहब का पोस्टर लगा हुआ था। देर रात वाहन जैसे ही जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के राघवपुर गांव के समीप पहुंचा, अचानक नियंत्रण खो बैठा और सड़क के किनारे बने गड्ढे में जा धंसा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के दौरान वाहन में सवार लोगों को चोटें आईं, लेकिन किसी की जान को कोई बड़ा खतरा नहीं हुआ। गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

संक्षेप

दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

टूंडला। थाना नगला सिंघी पुलिस टीम ने आयुध अधिनियम में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा थाना नगला सिंघी पर पंजीकृत आयुध अधिनियम मुकदमे में वांछित दो अभियुक्तगण सर्वेश पुत्र मुलायम सिंह निवासी ग्राम लांघी कला थाना नगला सिंघी व रामू पुत्र सर्वेश निवासी ग्राम लांघी कला थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

होटल में पकड़ी गयी 15 केवी की बिजली चोरी

मथुरा। विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम ने बलदेव में खंदौली रोड पर बने सान्या होटल पर छापेमार कार्यवाह कर करीब 15 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी। विद्युत विभाग की ओर से होटल सान्या पैलेस रेस्टोरेंट व मैरिज होम के परिसर को कमर्शियल में पांच किलोवाट का विद्युत कनेक्शन स्वीकृत किया गया था। विजलेंस टीम ने छह नवम्बर को इस परिसर पर कार्यवाही की। यहां विद्युत मीटर की जा रही इनकमिंग केबिल में कट लगा कर चोरी की जा रही थी। कनेक्शन नागेन्द्र पुत्र पूरन सिंह के नाम पर स्वीकृत था। विजिलेंस टीम की ओर से मामले में विद्युत थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

दंपति को मारी टक्कर, पति की मौत

मथुरा। थाना राया क्षेत्र अंतर्गत जयपुर-बरेली हाईवे पर शुक्रवार सुबह पांच बजे हुये सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनों पति की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। अलीगढ़ के बेसवां थाना क्षेत्र अंतर्गत मिल्क गांव निवासी जोगिंदर अपनी पत्नी कमलेश देवी के साथ बाइक पर सवार होकर अलीगढ़ से मथुरा की ओर जा रहे थे। जब ये दोनों राया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोयल अंडरपास के ऊपर पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आते वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में जोगिंदर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी कमलेश देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही राया थाना पुलिस और डायल-112 की टीम मौके पर पहुंच गई। घायल कमलेश देवी को तत्काल एंबुलेंस की सहायता से नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने मृतक जोगिंदर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हादसे में युवक की मौत

मथुरा। गोकुल बैराज के पास एक युवक की सड़क हादसे में युवक की बीतीरात मौत हो गई। बाकलपुर का रहने वाला रामबीर (25 वर्ष) पुत्र चंदन सिंह कल देर रात्रि लगभग 1 बजे महावन से बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। जब वह गोकुल बैराज के पास पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रामबीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल मथुरा में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को भी घटना की सूचना दी तो परिजन भी वहां पहुंच गये।

भाजपा ने मनाया राष्ट्रगीत के 150 वर्ष का गौरवोत्सव

मथुरा। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा मथुरा महानगर द्वारा विकास बाजार मथुरा में एक भव्य सामूहिक राष्ट्रगीत गायन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति और उत्साह से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य एवं मथुरा प्रभारी अशोक कटारिया तथा पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं मथुरा-वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा महापौर विनोद अग्रवाल रहे।

मथुरा प्रभारी अशोक कटारिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम् वह गीत है जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान पूरे देश को एक सूत्र में बाँधा। आज आवश्यकता है उसी भावना को पुनर्जीवित करने की। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद की उस परंपरा को आगे बढ़ा रही है जिसका मूल वंदे मातरम् की भावना में निहित है। वहीं विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि वंदे मातरम् मात्र शब्द नहीं, बल्कि यह भारतीय आत्मा की आवाज है। इस गीत ने हर भारतीय के हृदय में मातृभूमि के प्रति त्याग, समर्पण और गौरव का भाव जगाया है। उन्होंने कहा कि जब हम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष मना रहे हैं, तब हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना से विश्व का नेतृत्व करे। दोनों नेताओं के प्रेरक उद्बोधनों से उपस्थित जनसमूह में उत्साह और गौरव की लहर दौड़ गई। पूरा परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। भाजपा महानगर अध्यक्ष हरीशंकर राजू यादव ने सभी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वंदे मातरम केवल राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय अस्मिता और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के समय हर भारतीय के भीतर देशप्रेम की ज्वाला प्रज्वलित की थी, और आज भी यह हमारी एकता और अखंडता की पहचान है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रगीत के गौरव और उसके मूल संदेश को अपने जीवन में उतारें। वहीं महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि वंदे मातरम् का गायन हृदय में जोश और आत्मगौरव का संचार करता है। यह गीत भारतीय संस्कृति और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने भाजपा महानगर द्वारा किए गए इस आयोजन को राष्ट्रप्रेम को सशक्त करने वाला कदम बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और समरसता का संदेश देते हैं। वहीं महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि मथुरा प्रभारी अशोक कटारिया ने कार्यक्रम के दौरान आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ स्वदेशी अपनाओ का संदेश दिया।

साइंस पार्क व नक्षत्रशाला की रखी नींव भूमि पूजन शिलान्यास के साथ शुभारंभ

आगरा। लखनऊ और गोरखपुर के बाद आगरा में अत्याधुनिक सुविधायुक्त साइंस पार्क नक्षत्रशाला का शिलान्यास भूमि पूजन विधि विधान से संपन्न हुआ। कोठी मीना बाजार मैदान के सामने एसपी लोहा मंडी कार्यालय के पीछे उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के प्रयास से आगरा को 39 करोड़ 62 लाख के विकास कार्यों की एक सौगात मिली है। उत्तर प्रदेश का तीसरा अत्याधुनिक सुविधा युक्त साइंस पार्क और नक्षत्रशाला का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार, केंद्रीय राज्य मंत्री सांसद प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल के साथ उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने किया। शिलान्यास कार्यक्रम के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से हवन पूजन नक्षत्रशाला और साइंस पार्क का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव पंधारी यादव ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने कहा आज जो विकास कार्य का शुभारंभ आगरा में हो रहा है इसकी असली आधारशिला तत्कालीन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने आज से करीब 3 वर्ष पूर्व कार्य योजना तैयार कर की थी। आगरा की नक्षत्रशाला साइंस पार्क प्रदेश का तीसरा उच्च सुविधा युक्त साइंस पार्क होगा जिसमें विद्यार्थियों और आम लोगों को विज्ञान की नई तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ रोबोटिक साइंस और साइबर सुरक्षा से रूबरू होने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप अब प्रदेश के हर मंडल में साइंस पार्क की स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि जब उनके पास विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की जिम्मेदारी थी उस समय इस योजना की कार्य योजना तैयार कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। कैबिनेट में प्रस्ताव पारित होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध कर बेसिक शिक्षा विभाग की भूमि को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में स्थानांतरित कराया गया था। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि 39 करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से बनने वाली नक्षत्रशाला एवं साइंस पार्क उत्तर प्रदेश की तीसरी विकसित नक्षत्रशाला होगी। इस पार्क और नक्षत्रशाला के निर्माण से छात्र-छात्राओं को आधुनिक विज्ञान के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित

फिरोजाबाद। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश,प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित इस गीत की महत्ता और मार्मिकता से युवा पीढ़ी को प्रेरित और प्रोत्साहित किया जा रहा है, इसी क्रम में जनपद में भी राष्ट्रगीत वंदे मातरम के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने पर एक भव्य कार्यक्रम जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ जनपद स्तरीय अधिकारियों,स्कूली बच्चों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में भव्यतम रूप से मनाया गया। इस दौरान लखनऊ से प्रसारित मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया, साथ ही साथ राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गान किया गया, इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इस गीत की रचना 1875 में महान बांग्ला उपन्यासकार बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा अपने उपन्यास आनंद मठ में किया गया,यह गीत हमें विभिन्न समुदायों, संस्कृतियों और देशवासियों को एकजुट करने एवं देशभक्ति की चेतना जगाने का कार्य करता है, साथ ही साथ यह गीत हमें यह सीख देता है कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी के साथ करें, जिससे राष्ट्र की प्रगति और प्रतिष्ठा उत्तरोत्तर बढ़ोतरी होती रहे, इस गीत द्वारा मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि और दिव्यता का प्रतीक मानते हुए भारत की एकता और स्वाभिमान को जागृत करने का कार्य किया है,यह गीत भारत की मातृभूमि के प्रति प्रेम और श्रद्धा का अनूठा उदाहरण है, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी जिला विद्यालय निरीक्षक ए बी एस ए सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देश्यीय हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही पुलिस लाइन ङ्क समस्त थानों पर सामूहिक रूप से देश के प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण देखा गया। इस दौरान सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारीउपस्थित रहे।

125 कुंतल सरकारी अनाज गायब, महिला राशन डीलर पर कालाबाजारी का केस दर्ज

आगरा। आगरा में सरकारी राशन की कालाबाजारी का बड़ा मामला सामने आया है। पूर्ति विभाग के औचक निरीक्षण में एक महिला डीलर की दुकान से 125 कुंतल से अधिक सरकारी गेहूं और चावल गायब पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद थाना सदर बाजार में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पूर्ति निरीक्षक (बरौली अहीर/बिचपुरी) अजय कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने 4 नवंबर 2025 को ग्राम पंचायत नैनाना जाट में पूनम देवी की उचित दर की दुकान का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के समय डीलर पूनम देवी दुकान पर मौजूद थीं, लेकिन जब उनसे स्टॉक रजिस्टर मांगा गया तो उन्होंने बताया कि रजिस्टर सचिव के हस्ताक्षर के लिए उनके पति ले गए थे और अब वह रजिस्टर ह्लखो गयाह्व है। कार्यालय से प्राप्त रिकॉर्ड के अनुसार, दुकान पर कुल 116.874 कुंतल गेहूं, 175.246 कुंतल चावल और 0.25 कुंतल मक्का होना चाहिए था। मौके पर भौतिक सत्यापन में केवल 65 कुंतल गेहूं, 102 कुंतल चावल और 25 किलो मक्का ही मिला। इस प्रकार स्टॉक में 51.874 कुंतल गेहूं और 73.246 कुंतल चावल कम पाया गया। डीलर इस कमी का कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सकीं। निरीक्षण के दौरान 118 कार्डधारकों (68 व्यक्तिगत, 50 सामूहिक) के बयान लिए गए। इनमें से कई ने डीलर द्वारा घटतौली करने, राशन कम देने और डीलर के पति द्वारा दुर्व्यवहार करने की शिकायतें दर्ज कराईं। पूर्ति निरीक्षक की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने जांच को गंभीर मानते हुए एफआईआर की अनुमति दी। 6 नवंबर 2025 को अनुमोदन के बाद, 7 नवंबर को थाना सदर बाजार में पूनम देवी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने दुकान का शेष खाद्यान्न, ई-पॉस मशीन और इलेक्ट्रॉनिक तराजू जब्त कर लिए हैं। साथ ही, राशन वितरण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत के दूसरे विक्रेता श्रीमान सिंह को सौंप दी गई है।

वंदे मातरम गीत, देश की एकता व स्वाभिमान का प्रतीक : सीडीओ

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। लोक भवन सभागार लखनऊ में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ संपन्न। लखनऊ में राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत वंदे मातरमके 150 वर्षपूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम के सामूहिक वाचन व स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी सम्मिलित हुए।

उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद मथुरा के राजीव भवन सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा देखा गया। शासन द्वारा प्रसारित किये जा रहे कार्यकम वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण को मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार, डीडीओ गरिमा खरे, जिला उद्यान अधिकारी मनोज चतुवेर्दी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा सहित अन्य द्वारा देखा गया। कार्यक्रम के अन्त में सीडीओ द्वारा उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा गया बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम गीत साहित्यिक पत्रिका बंग दर्शन में उनके उपन्यास आनन्दमठ के धारावाहिक प्रकाशन के एक भाग के रूप में प्रकाशित हुआ था, जो हमारे देश के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिवर्तन के इतिहास की चेतना बन कर हमारे हृदय पटल पर अंकित है। यह भारत की एकता एंव स्वाभिमान की जागृत भावना की काव्यात्मक अभिव्यक्ति के साथ-साथ मातृभूमि और दिव्यता का प्रतीक है। 24 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान सभा द्वारा इसे राष्ट्रीय गीत के अंगीकृत किये जाने और इस गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के सफर को जिला, विकास खण्ड, विद्यालय, तहसीलें एवं ग्राम पंचायतों मे उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है। इसमे विभिन्न संस्थाओं में सेमिनार, संगोष्ठी परिचर्चा एवं संभाषण का आयोजन किया जाएगा।

यातायात व साइबर पुलिस टीम ने अभियान चलाकर किया जागरूक

फिरोजाबाद। यातायात माह जागरुकता अभियान के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी यातायात मय टीम एवं थाना साइबर टीम द्वारा ग्राम मिलक थाना रामगढ़ में जागरुकता अभियान चलाया गया। जागरुकता अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात मय टीम एवं थाना साइबर अपराध पुलिस टीम द्वारा व्यापारी बंधुओं एवं आम जनमानस को जागरुकता अभियान के दौरान यातायात संकेतों, सड़क संकेतों की जानकारी, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने गलत दिशा में वाहन न चलाने, गति सीमा के अन्तर्गत वाहन चलाने, लेन अनुशासन, आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की इस दौरान पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करें, नशे में वाहन न चलाएं तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करें।

हाथ में डमरू और सिर पर जटा, साध्वी चंचल नाथ को ताजमहल के गेट पर रोका

आगरा। ताजमहल का दीदार करने आईं साध्वी चंचल नाथ को ताजमहल के गेट पर ही रोक दिया गया। उनके हाथ में त्रिशूल और डमरू होने पर स्मारक में उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। ताजमहल देखने पहुंची महंत चंचल योगी नाथ को पूर्वी गेट पर सुरक्षाकर्मियों ने रोक दिया। वह ताजमहल देखे बिना लौट गईं। महंत चंचल योगी नाथ, जिन्हें अघोरी साध्वी चंचल नाथ या चंचल माता के नाम से भी जाना जाता है, वह बृहस्पतिवार दोपहर ताजमहल देखने पहुंचीं। उनके हाथ में त्रिशूल और डमरू होने पर एएसआई और सीआईएसएफ के जवानों ने उन्हें गेट पर रोक दिया। साध्वी ने त्रिशूल और डमरू को बाहर रखवा दिया। इसके अलावा उनके पास एक बर्तन और था। इसे वह अपने साथ ले जाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि वह इस बर्तन में भोजन करतीं हैं। इस पर सुरक्षाकर्मियों ने आपत्ति जताई। वह बर्तन बाहर रखने को तैयार नहीं हुईं। इसके बाद महंत चंचल योगी नाथ बिना ताज देखे वापस लौट गईं।

अभास फाउंडेशन व महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति ने किया पैदल मार्च व प्रदर्शन

मथुरा। अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन व महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति मथुरा के संयुक्त तत्वाधान में संजय बीडीसी के नेतृत्व में राजकीय छात्रावास मथुरा से डीएम मथुरा कार्यालय तक पैदल मार्च एवं प्रदर्शन कर प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था बहन बेटियों अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समाज के ऊपर हो रहे। जातिगत एवं सांप्रदायिक जानलेवा, हमले, बलात्कार, शोषण के खिलाफ पांच सूत्रीय ज्ञापन श्रीमती उषा, उप डीएम अतिरिक्त प्रभार मथुरा को राज्यपाल महोदय के नाम सरकार की बर्खास्तगी की मांग को लेकर सौंपा। पैदल मार्च प्रदर्शन के दौरान प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं अनुसूचित जाति की महिलाओं, बहन बेटियों, मासूम युवाओं पर हुए जाति आधारित हमले में दोषी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर तथा घटनाओं पर रोक लगाने की मांग करते हुए रमेश सैनी व अजय सनवाल ने संयुक्त रूप से प्रदेश की कानून व्यवस्था को जंगल राज की संज्ञा देते हुए निंदा की और राज्यपाल से सरकार को बर्खास्त करने की मांग प्रदर्शन के दौरान योगी सरकार विरोधी नारे लगाते हुए आक्रोशित स्वर में लुकेश कुमार राही ने मथुरा जनपद में हो रहे। युवाओ पर जानलेवा हमले एवं 9 वर्षीय मासूम बालिका को न्याय दिलाने की मांग करते हुए कहा कि सरकार में बैठे लोग बहन बेटियों पर अत्याचार नहीं रोक पा रहे, उत्तर प्रदेश सरकार जातीय पूर्वाग्रह से ग्रसित अपराधियों को प्रोत्साहित कर रही है। प्रोत्साहित कर संरक्षित कर रही है वह संविधान को ताक पर रखकर कार्य कर रही है जिसकी कारण शब्दों में निंदा करते हैं। प्रदर्शन के दौरान डॉ भगवान सिंह, बृजलाल कॉमरेड, चित्रसेन मौर्या, संजय सैनी, राजेश कुमार, अनिल कुमार, रमेश सैनी, एड अजय सनवाल, संजय बीडीसी, डॉ अरुण कुमार एड अरविंद कुमार, गौरव कुमार, रंजीत बाटी आदि मौजूद रहे।

एटीएम से साइबर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

मथुरा। फर्जी आधारकार्ड से साइबर ठगी करने वाले दो लोगों को जैंत पुलिस ने गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 8 एटीएम कार्ड, 06 आधार कार्ड, 03 मोबाइल व 11,500 रुपए नगदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर एटीएम कार्ड से साइबर ठगी करने वाले गोरेलाल उर्फ बबलू पुत्र थान सिंह निवासी पाटिका पुरा धौलपुर, इसी क्षेत्र के रामकुमार उर्फ पटवारी पुत्र नीरज कान्त को वैष्णो देवी मन्दिर के पीछे से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने स्वीकारा कि मुकेश सोनी निवासी आगरा व धर्मवीर सोनी पुत्र गुलाब सिंह निवासी बसैया रायमल बसई रिमोल आगरा व पारस व दीपक निवासी आगरा के लोगो से साइबर फ्राड कर इन एटीएम के खातो में पैसा ट्रांसफर करा देते है तथा हम लोग इन एटीएम से मथुरा वृन्दावन व आस पास के क्षेत्र के एटीएम से रूपया निकालकर दूसरे खाते में कैश जमा कर देते है, जिससे कि यह रिकार्ड न रहे कि अन्त में रूपया किस खाते में जमा हुआ है। आरोपियों ने बताया कि सही पहचान छुपाने के लिये इन्ही फर्जी कूटरचित आधार कार्ड का प्रयोग कर होटल में रूकते थे। जिससे ठहरने पर हमारी पहचान न हो सके तथा पुलिस व जनता के लोगो को दिखाकर अपनी सही पहचान छुपाते थे।

ढकेल चालक को पीटने वाले दो गिरफ्तार

मथुरा। थाना कोसीकलां पुलिस द्वारा कस्बा कोसी में अम्बेडकर मूर्ति के पास फल की ढकेल लगाने वाले दुकानदार के साथ मारपीट करने वाले 02 लोगों को तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शालीमार कट से हाईवे को जाने वाले रास्ते पर नरसी विलेज कालौनी से पहले पड़ने वाली गली से करीब 30 कदम पहले गौरव उर्फ गौरी पुत्र प्रकाश निवासी कमलानगर थाना कोसीकलां, टिंकू उर्फ मोहनश्याम पुत्र लालाराम निवासी निवासी कमलानगर हैं। इनके पास से दो अवैध तमंचे और करातूस मिले हैं।

डीएम ने विशेष पुनरीक्षण बीएलओ के प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया

टूंडला। के एल एस रिसोर्ट में निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत चल रहे सुपरवाइजर व बीएलओ के प्रशिक्षण का अवलोकन करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम रमेश रंजन सीडीओ शत्रोहन वैश्य के साथ पहुंचे और उन्होंने वहां उपस्थित बीएलओ व सुपरवाइजरों से एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में प्रश्न कर उनकी जानकारी को परखा जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम ने इस अवसर पर कहा सभी बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे का कार्य पूरी तल्लीनता व ईमानदारी के साथ करें,जिससे इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि न हो,जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम ने इस दौरान 22 ऐसे बीएलओ जिनका बीएलओ मैपिंग जीरो प्रतिशत है,उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए,इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम ने बीएलओ नेहा संखवार मनोज कुमार पुष्पेंद्र पाल, पूजा रानी शर्मा नवनीत बघेल और सौभाग्य जैन से डीएम ने एस आई आर की प्रक्रिया के संबंध में प्रश्न किया, परंतु कोई भी बीएलओ संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया,जिस पर डीएम ने अत्यंत नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रक्रिया को आप सब भली-भांति समझ लें,अन्यथा इसके संबंध में की गई गलती क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा पात्र व्यक्ति छूटने न पाए, इस बात का सभी बीएलओ ध्यान रखें डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय अनुराधा सिंह, और प्रवक्ता एमडीएम इंटर कॉलेज सिरसागंज अश्वनी जैन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया, इस अवसर पर एडीएम नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, एसडीएम टूंडला आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

जमीन ववाद में चले लाठी-डंडे हुआ पथराव, 17 घायल

आगरा। बाह के बटेश्वर के सिकरवार डांडा गांव में जमीन के विवाद में बृहस्पतिवार की शाम करीब 5:30 बजे भागीरथ और बदन सिंह पक्ष भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। पथराव भी हुआ। भागीरथ पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष ने फायरिंग भी की। हालांकि पुलिस ने फायरिंग होने से साफ इन्कार किया है। मारपीट, पथराव में दोनों पक्षों के 17 लोग घायल हुए हैं। सिकरवार डांडा के संजय कुमार ने एसडीएम बाह संतोष कुमार शुक्ला को 1 नवंबर को प्रार्थनापत्र देकर प्लॉट की जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत की थी। एसडीएम ने राजस्व टीम को जांच के लिए भेजा था। बृहस्पतिवार की शाम राजस्व टीम मौके पर जांच करने के लिए पहुंची थी। इसी दौरान एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर दोनों पक्ष भिड़ गए। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे। लाठी-डंडे से हुए हमले के बाद दोनों तरफ से जमकर ईंट-पत्थर भी फेंके गए। पथराव से बस्ती में भगदड़ और चीख पुकार मच गई। बवाल में भागीरथ पक्ष के प्रताप, ताले सिंह, फौरन सिंह, संजय एवं उसकी पत्नी रेखा, भूरे सिंह की पत्नी लालो देवी, भागीरथ की पत्नी मुन्नी देवी, ताले सिंह का बेटा दुर्गेश, फौरन सिंह का बेटा नितिन, राहुल शामिल हैं। वहीं बदन सिंह पक्ष के बदन सिंह, शैतान सिंह की पत्नी मीरा देवी, बेटा मुकेश, सोनू, अभिषेक, विमलेश, गीतम सिंह का बेटा पंकज, रामनरेश की बेटी महक घायल हुए हैं। भागीरथ पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग करने और जंजीर तोड़ने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां से हायर सेंटर भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक बाह ने बताया कि जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट और पथराव हुआ है। उन्होंने फायरिंग होने से इन्कार किया है। बताया कि अभी किसी की ओर से तहरीर नहीं मिली है। जांच की जा रही है।

महिलाएं होंगी स्वस्थ तो देश होगा सशक्त

● संस्कृति विवि में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मथुरा। संस्कृति विवि में मिशन शक्ति अभियान के तहत संस्कृति स्कूल आफ योग एंड नेचरोपैथी द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय था, स्वस्थ महिला, सशक्त देश। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज देश की उन्नति में महिलाओं की बराबर से भागीदारी है। महिलाएं स्वस्थ रहेंगी तो सशक्त होंगी और महिलाएं सशक्त होंगी तो देश भी मजबूती से आगे बढ़ेगा।

बताते चलें कि मिशन शक्ति अभियान एक विशेष योजना है जो महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई है। यह अभियान महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें समाज में समान भागीदार बनाने के लिए विभिन्न उपायों पर केंद्रित है। सरकार की इसी योजना के तहत संस्कृति विश्वविद्यालय में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। संस्कृति विश्वविद्यालय के सभागार में ह्यस्वस्थ महिला, सशक्त देशह्व विषय पर आयोजित कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महेश्वरी हास्पिटल मथुरा की निदेशक डा. अनुराधा महेश्वरी ने कहा कि महिलाओं के सर्वांगीण विकास की ओर

हमें ध्यान देना होगा। विशेष रूप से महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने की जरूरत है।

डा. महेश्वरी ने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि आप किसी भी समस्या से विचलित न हों। हो सकता है कि जो समस्या आपको बड़ी लग रही हो और जिसके कारण आप दबाव या निराशा महसूस कर रहे हैं वह उतनी बड़ी न हो। आपको इसका एहसास तब हो जाएगा जब आप अपनी समस्या को अपने परिवारीजन, काउंसलर या फिर अपने शिक्षकों से शेयर करेंगे। उन्होंने कहा कि हर विश्वविद्यालय में पूरा एक सिस्टम होना चाहिए जो समय समय पर विद्यार्थियों की काउंसलिंग कर उनकी समस्याओं का निराकरण करे। उन्होंने कहा कि युवतियों की स्वावलंबी बनने की शुरूआत घर से होती है। समाज में परिवर्तन आ रहा है लड़कियों पर भी अब उतना ही ध्यान दिया जा रहा है जितना लड़कों पर। देश के विकास के लिए महिलाओं का स्वस्थ और स्वावलंबी होना जरूरी है।

इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों का भी संतुष्टिपूर्ण जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति स्कूल आफ योग एंड नेचरोपैथी की विभागाध्यक्ष डा. तनुश्री ने छात्राओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम में मौजूद छात्र कल्याण विभाग के डीन डा. डीएस तोमर ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को स्वस्थ और अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की संयोजिका डा. रीना रानी ने अतिथि वक्ता डा. अनुराधा महेश्वरी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन छात्रा काजल जायसवाल ने किया।

आगरापुलिस ने पौने छह किलो गांजे के साथ अपराधी दबोचा, वांछित चोर भी गिरफ्तार

आगरा। अपराध और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आगरा पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को अवैध नशीला पदार्थ गांजा बेचते हुए और दूसरे को चोरी के मामलों में वांछित वारंटी के रूप में गिरफ्तार किया है। थाना जगदीशपुरा पुलिस ने अवैध नशीला पदार्थ गांजा बेचने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान पूरन पुत्र स्व. वेदरिया निवासी नारायण विहार, गोवर्धन कॉलोनी, बिचपुरी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 5 किलो 714 ग्राम गांजा बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई उस समय की गई जब आरोपी मघटई तिराहे के पास स्थित लकड़ी के खोखे के समीप गांजा बेच रहा था। पुलिस ने मौके पर छापा मारकर आरोपी को दबोच लिया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना मदन मोहन गेट पुलिस ने चोरी की घटनाओं में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम नितिन पुत्र राजेंद्र निवासी लाल सिंह का नगला, रुई की मंडी, शाहगंज, आगरा बताया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी अपने घर पर मौजूद है, जिस पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर उसे पकड़ लिया।

संक्षेप

श्रीराम सुपर 303 गेहूं बीज से मिल रही किसानों को रिकॉर्ड उपज

बरेली। गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित 'श्रीराम सुपर 5-एसआर-05' और 'श्रीराम सुपर 303' गेहूं बीजों ने उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए ख्याति प्राप्त की है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 और 303, इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। इनमें कल्ले ज्यादा और बालियां लंबी है, और यह रोगों के प्रति सहनशील है। सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभर रही नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों के परिणाम श्रेष्ठ हैं। अपनी इन्हीं विशेषताओं के चलते ये दोनों किस्में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के किसानों की पहली पसंद बन गई हैं। साथ ही साथ श्रीराम द्वारा बाजार में दी जा रही किस्म श्रीराम सुपर 303 से भी किसान बहुत खुश हैं व उत्तम परिणाम पा रहे हैं।

एरो का टेलर्ड फॉर द गुड लाइफ कैम्पेन लॉन्च

नयी दिल्ली। एरो ने अपने लेटेस्ट कैम्पेन, टेलर्ड फॉर द गुड लाइफ के लॉन्च की घोषणा की है, जिसमें इंडियन सिनेमा के दो सबसे एक्साइटिंग नाम, वेदांग रैना और खुशी कपूर शामिल हैं। टेलर्ड फॉर द गुड लाइफ' के साथ, एरो अपनी जर्नी में एक नया चैप्टर सेलिब्रेट कर रहा है। यह कैम्पेन हमारे रिच अमेरिकन हेरिटेज को आज के पुरुषों के एस्पिरेशन्स से जोड़ता है। वेदांग और खुशी इस बैलेंस को परफेक्टली कैप्चर करते हैं वे मॉडर्न कंज्यूमर को रिप्रेजेंट करते हैं जो स्टाइल, कॉन्फिडेंस और ऑथेंटिसिटी को वैल्यू देते हैं। इस कैम्पेन के जरिए, हम नई जेनरेशन के लिए पसंद का ब्रांड होने की अपनी पोजीशन को और मजबूत कर रहे हैं। वेदांग रैना एक पर्फेक्ट 'एरो मैन' के रूप में फ्रेम में आते हैं करिश्माई, शार्प और कॉन्फिडेंट जबकि खुशी कपूर इस कैम्पेन में एरो के साथ अपना डेब्यू करते हुए, स्टोरी में अपना एफर्टलेस एलिगेंस लाती हैं।

बंधन हेल्थकेयर फंड लॉन्च

बंगलुरु। बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन हेल्थकेयर फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो हेल्थकेयर, फार्मा और एलाइड सर्विसेज में निवेश करती है। यह फंड भारत के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक, हेल्थकेयर, जिसमें अस्पताल और डायग्नोस्टिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, बायोटेक्नोलॉजी, वेलनेस, हेल्थ-टेक आदि शामिल हैं, में अवसरों का लाभ उठाने का प्रयास करता है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) सोमवार, 10 नवंबर को खुलेगा और सोमवार, 24 नवंबर को बंद होगा। बंधन हेल्थकेयर फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, निवेश सलाहकारों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या सीधे बैंक की बेवसाइट के माध्यम से किया जा सकता है।

यात्रियों को दृढ़ता दे रहा एयू एसएफबी

बंगलुरु। एयू एसएफबी ने सामुदायिक विकास और जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक कदम और आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश के पांच प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरों के प्रमुख स्थलों पर कुल छह पुलिस बूथों की स्थापना में सहयोग किया है। सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूती देना, यातायात व्यवस्था को सहारा देना और देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं व पर्यटकों को सहायता उपलब्ध कराना। उच्च आवागमन वाले क्षेत्रों में रणनीतिक रूप से स्थापित ये पुलिस बूथ आपातकालीन प्रतिक्रिया, मार्गदर्शन और आगंतुक सहायता के लिए महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु के रूप में कार्य करेंगे।

जी5 की वेब सीरीज थोड़े दूर थोड़े पास की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित

नयी दिल्ली। जी5 की नई वेब सीरीज थोड़े दूर थोड़े पास की कास्ट और क्रू के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्साह से भरी शानदार मौजूदगी देखने को मिली, जिसमें मोना सिंह, कुनाल रॉय कपूर, अमोल पराशर, आहना कुमरा, मंजोत सिंह, मिहिर आहूजा और कई अन्य शामिल थे। इस रात में एक खास रंग तब जुड़ गया जब आदित्य रॉय कपूर और सिद्धार्थ रॉय कपूर अपने भाई कुनाल का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे, जिससे यह पल एक खूबसूरत पारिवारिक जश्न में तब्दील हो गया। अपनी दिल छू लेने वाली कहानी और भावनाओं से भरे अभिनय के कारण थोड़े दूर थोड़े पास ने 7 नवंबर को जी5 पर रिलीज होते ही दर्शकों के दिलों में जगह बना ली।

सेंसेक्स में 95 अंकों की गिरावट

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 95 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 25,500 अंक से नीचे आ गया।

विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 94.73 अंक यानी 0.11 प्रतिशत गिरकर 83,216.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 640.06 अंक तक लुढ़क गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 17.40 अंक यानी 0.07 प्रतिशत कमजोर होकर 25,492.30 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल में सर्वाधिक 4.46 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयर में तेजी दर्ज की गई। घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती गिरावट से काफी हद तक उबरने में सफल रहे क्योंकि प्रमुख समर्थन स्तरों पर खरीदारी बढ़ी। हालांकि कंपनियों के मिलेजुले नतीजों, सतर्क वैश्विक संकेतों और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच इसे रुझान में बदलाव कहना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि बाजार अभी अमेरिका में सरकारी विभागों के कामकाज ठप होने(शटडाउन) और शुल्क संबंधी घटनाक्रमों पर करीबी नजर रखेंगे। साथ ही अमेरिका-भारत एवं अमेरिका-चीन समझौतों पर भी नजर रहेगी। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.25 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट रही। बीएसई पर कुल 2,105 शेयर में गिरावट आई जबकि 2,069 शेयर लाभ में रहे और 141 शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे। छुट्टियों से प्रभावित इस सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स में कुल 722.43 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि निफ्टी में 229.8 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट आई। यूरोप के बाजार भी दोपहर तक गिरावट में रहे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 64.21 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,263.21 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे टूटकर 88.65 पर बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को दो पैसे गिरकर 88.65 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपये में गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर रुख का भी घरेलू मुद्रा पर असर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.61 पर खुला और कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 88.72 के निचले स्तर तक गिर गया। कारोबार के अंत में यह 88.65 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की गिरावट है। रुपया बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले सात पैसे बढ़कर 88.63 पर बंद हुआ था। वैश्विक बाजार में जोखिम रहित भावनाओं और मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण रुपया कमजोर हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में सुधार ने भी रुपये पर दबाव डाला। सरकारी बैंकों के अमेरिकी डॉलर बेचने की खबरों ने रुपये की गिरावट को कम किया। हमारा अनुमान है कि कमजोर अमेरिकी श्रम बाजार और मजबूत अमेरिकी डॉलर को लेकर चिंताओं के बीच वैश्विक बाजारों में नरमी के कारण रुपया थोड़े नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। आयातकों की मांग भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। हालांकि, आरबीआई के हस्तक्षेप से निचले स्तरों पर रुपये को सहारा मिल सकता है। उन्होंने कहा कि हाजिर बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 88.45 - 89 के बीच रह सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत बढ़कर 99.72 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.09 प्रतिशत बढ़कर 64.07 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 3,263.21 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर नवंबर के अंत तक अच्छी खबर आने की उम्मीद

नयी दिल्ली। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि अमेरिका के साथ भारत के प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर नवंबर के अंत तक कुछ सकारात्मक खबरें सामने आ सकती हैं।

उन्होंने कहा कि नवंबर के अंत तक राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन शुरू हो जाएगा। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि मुझे लगता है कि अमेरिका के साथ चीजें थोड़ी मुश्किल रही हैं और इसे फिर से शुरू करने की कोशिश की जा रही है। व्यापार वार्ता चल रही है... उम्मीद है कि इस महीने के अंत तक हमें कुछ सकारात्मक खबर मिल सकती है। सीईओ ने कहा कि भारत लगातार विदेशी निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा, अमेरिकी कंपनियां भारत में वैश्विक क्षमता केंद्र खोल रही हैं...। इसका सीधा मतलब है कि भारत का मूल आकर्षण बाकी सब चीजों पर भारी पड़ेगा। उनकी यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका इस बात का दबाव बना रहा है कि भारत रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करे। दुनिया एक उतार-चढ़ाव से गुजर रही है...। यह नहीं पता कि इससे कैसे निपटना है। दुनिया उस दिशा में बढ़ रही है, जहां कम वृद्धि दर एक सामान्य बात है। इनके बीच भारत एक अलग ही स्थिति में है।

विदेशी मुद्रा भंडार 5.62 अरब डॉलर घटा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 5.62 अरब डॉलर घटकर 689.73 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

विदेशी मुद्रा भंडार 24 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 6.92 अरब डॉलर घटकर 695.35 अरब डॉलर रहा था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.96 अरब डॉलर घटकर 564.59 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.81 अरब डॉलर घटकर 101.73 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 1.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.64 अरब डॉलर रहा। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत का आरक्षित भंडार 16.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.77 अरब डॉलर रहा।

सोना 100 रुपये टूटकर 124600 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी स्थिर

नयी दिल्ली। आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा बिकवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपये गिरकर ।,24,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के बंद भाव ।,24,100 रुपये से 100 रुपये गिरकर ।,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। वहीं 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में ।,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, शुक्रवार को चांदी की कीमतें सभी करों सहित ।,53,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 19.84 डॉलर यानी 0.5 प्रतिशत बढ़कर 3,996.93 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि हाजिर चांदी 0.96 प्रतिशत बढ़कर 48.48 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। शेयर बाजारों में संभावित एआई-संचालित तेजी के बुलबुले को लेकर बढ़ती चिंताओं और अमेरिकी सरकार में कामकाज लंबे समय तक ठप रहने की अनिश्चितता के बीच निवेशकों द्वारा सुरक्षित निवेश की तलाश के कारण शुक्रवार को सोने की कीमतों में तेजी आई। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत घटकर 99.65 रहा। इससे सोने की कीमतों को समर्थन मिला।

त्योहारों की अवधि में वाहनों की रिकॉर्ड खुदरा बिक्री दर्ज

नयी दिल्ली। घरेलू बाजार में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री में विभिन्न त्योहारों की 42 दिन अवधि में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसकी मुख्य वजह यात्री वाहनों व दोपहिया वाहनों का रिकॉर्ड पंजीकरण तथा जीएसटी में बदलाव से विभिन्न खंडों में कीमतों में गिरावट रही।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, इस वर्ष त्योहारों के दौरान कुल खुदरा बिक्री बढ़कर 52,38,401 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 43,25,632 इकाई थी। 2025 की 42-दिवसीय त्योहारों की अवधि देश में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई। इसमें सभी श्रेणियों में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान यात्री वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 7,66,918 इकाई हो गया जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 6,21,539 इकाई था। किफायती दाम बढ़ाने और मध्यम वर्ग की खपत बढ़ाने के जीएसटी 2.0 का असर साफ दिखाई दिया। कॉम्पैक्ट और सब-4 मीटर कार में जोरदार उछाल देखा गया क्योंकि कर की दरें कम होने से खरीदारी का आधार बढ़ा। कई डीलर ने बताया कि कई मॉडल में खुदरा बिक्री की गति आपूर्ति से अधिक रही। दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 22 प्रतिशत बढ़कर 40,52,503 इकाई हो गई जो 2024 में 33,27,198 इकाई थी। विग्नेश्वर ने कहा कि इस क्षेत्र को बेहतर ग्रामीण माहौल, बेहतर नगदी और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के युक्तिकरण के कारण सामर्थ्य में सुधार का लाभ मिला। इस दौरान कम्यूटर बाइक व स्कूटर की अच्छी मांग के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहनों में भी रुचि बढ़ी। इसी प्रकार 42 दिन की अवधि के दौरान तिपहिया व वाणिज्यिक वाहनों के पंजीकरण में क्रमशः नौ प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सावधानी से आगे बढ़ रहा आरबीआई : संजय मल्होत्रा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि केंद्रीय बैंक सतर्कता के साथ आगे बढ़ रहा है लेकिन साहस दिखाने की आवश्यकता के कारण हाल ही में बैंकों की गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले नियमों में ढील दी गई है।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की ओर से यहां आयोजित कार्यक्रम में मल्होत्रा ने साथ ही स्पष्ट किया कि बैंकों पर अधिक जिम्मेदारियां उनके बेहतर प्रदर्शन एवं बेहतर कामकाज के कारण हैं। केंद्रीय बैंक के पास किसी भी गलत व्यवहार पर लगाम लगाने के लिए पर्याप्त साधन मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि आरबीआई सूक्ष्म प्रबंधन नहीं करना चाहता है। कोई भी नियामक बोर्डरूम के निर्णय का स्थान नहीं ले सकता है और न ही उसे ऐसा करना चाहिए। प्रत्येक मामले को विनियमित संस्था द्वारा योज्ञता के आधार पर देखा जाना चाहिए। आरबीआई ने पिछले महीने कई उपायों की घोषणा की थी जिनमें बैंकों को घरेलू अधिग्रहणों के लिए धन मुहैया कराने और रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए विदेशी उधारी लेने की अनुमति देना शामिल है। पदभार ग्रहण करने के बाद से मल्होत्रा ने कारोबार को आसान बनाने और किसी भी कदम की घोषणा करने से पहले नियमों को ध्यान में रखने पर जोर दिया है। ...जबकि हम सावधानी से आगे बढ़ रहे हैं, हमें साहस भी दिखाना होगा। गवर्नर ने कहा कि अल्पकालिक वृद्धि के पीछे भागते हुए वित्तीय स्थिरता से समझौता करने से वृद्धि पर दीर्घकालिक प्रभाव होगा जिससे लागत बढ़ सकती है। केंद्रीय बैंक को आर्थिक संदर्भ के प्रति सचेत रहने और संतुलन बनाने की आवश्यकता है।

आकाश ने शीर्ष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

लखनऊ। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने लखनऊ में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में इंडियन ओलंपियाड क्वालिफायर इन मैथमेटिक्स 2025 और आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। देश की दो सबसे प्रतिष्ठित और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में असाधारण सफलता प्राप्त करने वाले इन मेधावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया, जो शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। समारोह का माहौल गर्व और उत्साह से सराबोर था, जहाँ विद्यार्थी और उनके अभिभावक उनकी मेहनत, समर्पण और असाधारण उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए। यह वर्ष ओलंपियाड के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है, क्योंकि आकाश के 777 विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित क्षेत्रीय गणितीय ओलंपियाड के लिए अर्हता प्राप्त की है। आकाशियंस को बधाई देते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के क्षेत्रीय निदेशक धनंजय कुमार मिश्रा ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने एक बार फिर हमें गर्व महसूस करवाया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनके समर्पण, मेहनत और उनके माता-पिता, शिक्षकों एवं मार्गदर्शकों के अटूट सहयोग का परिणाम है। ये विद्यार्थियों को सर्वोत्तम मार्गदर्शन और सीखने के अवसर प्रदान करने के अपने संकल्प पर दृढ़ है।

अयोध्या में एक वृहद किसान मेला का आयोजन

अयोध्या। कृषि क्षेत्र में नवाचार और प्रगति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा अपने वार्षिक किसान संपर्क कार्यक्रम बड़ौदा किसान पखवाड़ा के आठवें संस्करण के अंतर्गत अयोध्या में एक वृहद किसान मेला का आयोजन किया गया। यह पखवाड़ा 03 नवंबर से 15 नवंबर 2025 तक देशभर में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या जिले के मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह (आई.ए.एस.) उपस्थित हुए। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा लखनऊ अंचल के अंचल प्रमुख शैलेन्द्र कुमार सिंह, राकेश चलावरिया, उप महाप्रबंधक (व्यवसाय विकास) एवं बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

पेज एक का शेष

आश्रय स्थल

करेगा जो परिसर के रखरखाव एवं सफाई के लिए जिम्मेदार होगा और यह सुनिश्चित करेगा कि आवारा कुत्ते परिसर में प्रवेश न करें या न रहें। उसने कहा, उक्त अधिकारी का विवरण प्रवेश द्वार पर स्थायी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा और उसके बारे में संबंधित नगर निकाय या प्राधिकरण को सूचित किया जाएगा। पीठ ने कहा कि स्थानीय नगर निकाय और पंचायत ऐसे सभी परिसरों का हर तीन महीने में कम से कम एक बार नियमित निरीक्षण करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन संस्थानों के भीतर या आसपास आवारा कुत्तों का कोई निवास स्थान न हो। पीठ ने कहा, किसी भी शैक्षणिक संस्थान या अन्य संस्थानों के परिसर में पाए जाने वाले प्रत्येक आवारा कुत्ते को पशु जन्म नियंत्रण नियमों के अनुसार उचित बधियाकरण और टीकाकरण के बाद तुरंत एक निर्दिष्ट आश्रय स्थल में ले जाना उस नगर निकाय या प्राधिकरण की जिम्मेदारी होगी जिसका वह अधिकार क्षेत्र होगा। पीठ ने कहा कि आवारा कुत्तों को उसी स्थान पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा जहां से उन्हें उठाया गया था।

दो दिवसीय

पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और आम जनमानस ने उनका जगह-जगह भव्य स्वागत किया। पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए बाबतपुर हवाई अड्डा के बाहर, संत अतुलानन्द बाई पास, जे पी मेहता के पास, बरेका एफसीआई गोदाम और बरेका गेट पर भाजपा प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का ढोल नगाड़ों और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी आठ नवंबर को वाराणसी से देश को चार नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात देंगे। इनमें सबसे प्रमुख ट्रेन वाराणसी से खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस होगी, जो काशीवासियों और पूर्वांचल के लिए एक बेहतरीन सेवा मानी जा रही है।

प्रधानमंत्री इन ट्रेनों को बनारस (पूर्व मंडुवाडीह) रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन अन्य वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। इनमें लखनऊ से सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, फिरोजपुर से दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, एर्नाकुलम से बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस, प्रधानमंत्री इस अवसर पर बनारस स्टेशन पर मौजूद गणमान्य लोगों से संवाद भी कर सकते हैं।

देशवासियों को

को यह जानने की जरूरत है कि राष्ट्र निर्माण के इस महामंत्र के साथ यह अन्याय क्यों हुआ, यह विभाजनकारी मानसिकता देश के लिए आज भी एक चुनौती है। प्रधानमंत्री ने वंदे मातरम को हर युग में प्रासंगिक बताया और ऑपरेशन सिंदूर का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा जब दुश्मन ने आतंकवाद का इस्तेमाल करके हमारी सुरक्षा और सम्मान पर हमला करने का दुस्साहस किया तो दुनिया ने देखा कि नए भारत ने मानवता की सेवा में कमला और विमला की भावना को साकार किया। भारत दुर्गा का रूप धारण करना भी जानता है। भारत की संविधान सभा ने 24 जनवरी 1950 को आधिकारिक तौर पर वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया, जिससे इसे स्थायी महत्व प्राप्त हुआ। विभिन्न विवरणों के अनुसार, वंदे मातरम के एक संक्षिप्त संस्करण को, जिसमें मूल छह छंदों में से केवल पहले दो को रखा गया था, 1937 में कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय गीत के रूप में चुना गया था। तब मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, आचार्य नरेंद्र देव और रवींद्रनाथ टैगोर की एक समिति ने इसे अपनाने की सिफारिश की थी। प्रधानमंत्री के भाषण से पहले दिन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में अपने सांप्रदायिक एजेंडे को खुलकर आगे बढ़ाते हुए 1937 में वंदे मातरम के केवल संक्षिप्त संस्करण को पार्टी के राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया था। भाजपा प्रवक्ता सीआर केसवन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, कांग्रेस ने गीत को धर्म से जोड़ने का ऐतिहासिक पाप और भूल की। नेहरू के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने वंदे मातरम के उन छंदों को धार्मिक आधार पर जानबूझकर हटा दिया जिनमें देवी मां दुर्गा की स्तुति की गई थी।

कर्तव्यों के

में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा। सीएम योगी ने 100 वर्ष पूर्व देश के अंदर आई महामारी का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भारत की आबादी कुल 30 करोड़ थी और इस महामारी से मरने वालों की संख्या भी करोड़ों में थी। गांव के गांव साफ हो गए थे। स्वतंत्र भारत में कोविड जैसी महामारी का संक्रमण भी दुनिया ने झेला है। इस महामारी के दौरान शासन-प्रशासन हो या अल्पवेतन भोगी, जान की परवाह किए बिना सभी के मन में एक ही भाव था कि इसे नियंत्रित करना है और इसके समाधान का रास्ता निकालना है। सीएम योगी ने कहा कि भारत और भारतीयता, नागरिकों के बारे में संवेदनशील तरीके से वह नेतृत्व ही सोच सकता है, जो उस भावना से ओतप्रोत हो। आजादी के मंत्र को बढ़ाने में सफल हुआ वन्दे मातरम

सीएम योगी ने कहा कि 1875 में रचा गया यह गीत केवल आजादी का ही गीत नहीं रहा, बल्कि देश के अंदर आजादी के मंत्र को बढ़ाने में भी सफल हुआ। वन्दे मातरम गीत संस्कृत व बांग्ला की सामूहिक अभिव्यक्ति को भले ही प्रदर्शित करता हो, लेकिन यह संपूर्ण भारत को राष्ट्र माता के भाव के साथ जोड़ने का अमर गीत बन गया। इसने भारत की शाश्वत अभिव्यक्ति को देशवासियों के सामने प्रस्तुत किया था। सीएम ने कहा कि जब विदेशी हुकूमत ने 1905 में बंग-भंग के माध्यम से भारत की भुजाओं को काटने का दुस्साहिक निर्णय लिया था, उस समय भी इस गीत ने पूरे भारतवासियों को एकजुट होकर प्रतीकार करने की प्रेरणा दी। उसके बाद के कालखंड में जब भी किसी क्रांतिकारी ने फांसी के फंदे को चूमा, तब उसके मुख से वंदे मातरम मंत्र ही निकलता रहा।

इंडोनेशिया की

रूप से घायल हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में स्कूल यूनिफॉर्म पहने दर्जनों छात्र स्कूल के बास्केटबॉल कोर्ट में घबराहट में भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। कुछ ने अपने कानों को हाथों से ढक रखा है। ऐसा प्रतीत होता है कि वे स्वयं को तेज धमाकों से बचाने के लिए ऐसा कर रहे हैं।

कुछ घायलों को स्ट्रेचर पर प्रतीक्षारत गाड़ियों तक ले जाया गया। छात्रों के सदमे में डूबे रिश्तेदार अपने प्रियजनों के बारे में जानकारी लेने के लिए यारसी और सेम्पाका पुतिह अस्पतालों में स्थापित केंद्रों पर जमा हो गए। माता-पिता ने टेलीविजन चैनलों को बताया कि उनके बच्चों के सिर, पैर और हाथों पर नुकीली कीलों और विस्फोटक वस्तुओं के टुकड़ों से लगी चोटों के निशान थे।

भारत ने

नेटवर्क स्थापित करने के लिए जाना जाता था। यह भी कहा जाता है कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परमाणु प्रसार के काला बाजार से जुड़े हुए थे और उन्होंने उत्तर कोरिया तथा ईरान जैसे देशों को परमाणु तकनीक की आपूर्ति में मदद की थी। अपनी टिप्पणियों में, ट्रंप ने परमाणु हथियारों का परीक्षण फिर से शुरू करने के अपने फैसले को दृढ़ता से उचित ठहराते हुए कहा कि हथियारों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक था। अमेरिका के राष्ट्रपति की यह टिप्पणी चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ उनकी बैठक से पहले आई।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि

मामलों में लिखित जवाब दाखिल करने का अंतिम मौका दिया, जहां लिखित जवाब दाखिल नहीं किया गया है। इससे पूर्व, 16 अक्टूबर को अदालत ने कहा था कि यह रिकॉर्ड स्थूल है। पक्षकार सभी लंबित आवेदनों में आपत्तियां दाखिल कर सकते हैं ताकि इन आवेदनों पर जल्द निर्णय किया जा सके। कार्यालय को सामान्य नियम (दीवानी) के मुताबिक फाइल को पुनः व्यवस्थित कर उसे क्रमवार रखने का निर्देश दिया जाता है।

किसानों का

प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश के संतुलित विकास के लिए यह आवश्यक है कि हमारे किसान भाइयों की परेशानियां कम हों, वे सशक्त बनें। किसानों के सशक्तिकरण के बिना राष्ट्र का सशक्तिकरण अधूरा है। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का विकसित भारत के निर्माण का सपना भी तभी साकार हो सकता है, जब हमारा किसान विकसित हो। हम सभी जानते हैं कि भारत आदि काल से ही एक कृषि प्रधान देश रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती-किसानी के इर्द-गिर्द ही हमारा समाज विकसित हुआ, हमारी परम्पराएं पोषित हुईं और हमारे पर्व व त्योहार निर्धारित हुए। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में भी लिखा है कि कृषि संपत्ति और मेधा प्रदान करती है और कृषि ही मानव जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि उनके लिए तो खेती करना देव उपासना जैसा है, क्योंकि उनके पिता एक जवान भी थे और एक किसान भी। खेती द्वारा, लोगों का पेट भरने से जो संतुष्टि प्राप्त होती है, उसकी व्याख्या नहीं की जा सकती। यही कारण है कि वे आज भी खेती से जुड़े हैं और जब भी उन्हें समय मिलता है तो अपने गांव में खेती करने भी जाते हैं।

पाकिस्तान के

का संचालन भी कर रहा था। इन ग्रुपों के माध्यम से भारत की संवैधानिक सरकार को गिराने का षडयंत्र रचा जा रहा था। बिलाल अपनी पोस्ट में संविधान द्वारा स्थापित संस्थाओं का विरोध करता था और देश में हिंसात्मक जिहाद के लिए अन्य युवकों को भी उकसाता था। शरिया आधारित कानून का राज्य स्थापित करने के लिए विभिन्न आपत्तिजनक संदेश भी प्रसारित कर युवाओं को अपने साथ जोड़ने का काम कर रहा था। जांच में सामने आया कि बिलाल पहलगाम आतंकी हमले के बाद आपरेशन सिंदूर में मारे गये आतंकियो को शहीद बताकर उनका महिमा मंडन करता था। भारतीय सेना व अन्य सुरक्षा बलों को अपशब्द कहते हुए उनके विरोध के वीडियो भी प्रसारित किए थे। पाकिस्तानी सेना के समर्थन से कश्मीर को भारत से आजाद कराने वाले संदेश व वीडियो भी प्रसारित किए गए थे। बिलाल को एक्यूआइएस की बयत (निष्ठा की शपथ) पकिस्तानी हैंडलर ने दिलाई थी। बिलाल अपने इंटरनेट मीडिया ग्रुप में आसिम उमर को श्रद्धांजलि देते हुए संदेश देता था कि 'अगर आप जिहाद के रास्ते पर चलेंगे तो मोरक्को से लेकर फिलीपींस तक मुजाहिद्दीन आपके समर्थन में खड़े हो जाएंगे और जहां मुजाहिद्दीन का पसीना गिरेगा वहां लोग खून बहा देंगे।

जैश के समर्थन

के लोग काम कर रहे हैं। इसकी जांच के लिये स्थानीय अभिसूचना इकाई भी सतर्क हो गई है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि श्रीनगर पुलिस ने कुछ दिन पहले शहर के कई इलाकों मे जैश-ए-मोहम्मद के प्रचार के लिए पोस्टर लगाये जाने के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों में एक युवक पोस्टर चिपकाते हुए नजर आया जिसकी पहचान अनंतनाग निवासी डाक्टर आदिल अहमद के रूप में हुई है।

उत्तर प्रदेश में

बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अभी उद्यम लगाने के लिए कई विभागों की एनओसी लेने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। वन प्लेटफार्म-वन क्लियरेंस की दिशा में कार्य करते हुए गुजरात की तर्ज पर प्रदेश में सिंगल विंडो सिस्टम एक्ट लागू करेंगे। इसकी रूपरेखा बन रही है।

भारतीय बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इस दौरे का अंत जीत के साथ करने के लिए पूरा जोर लगायेगी

ब्रिसबेन। विदेशी सरजमीं पर एक और श्रृंखला जीतने की दहलीज पर खड़ी भारतीय टीम शनिवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर कर ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत प्रभावशाली ढंग से करने की कोशिश करेगी।

भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 17 साल से टी20 श्रृंखला नहीं गंवाने का अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इस दौरे का अंत जीत के साथ करने के लिए पूरा जोर लगायेगी। मैच में सबसे ज्यादा नजरें शुभमन गिल और सूर्यकुमार की बल्लेबाजी पर होंगी, जबकि ऑस्ट्रेलिया अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत की स्पिन चुनौती का डटकर सामना करना चाहेगा। भारतीय टीम ने पिछले मैच में बेहतर रणनीतिक सूझबूझ दिखाई थी और कैरारा की मुश्किल पिच पर बल्लेबाजों ने अच्छा तालमेल बिठाया था। गिल ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी जिससे भारत 14 ओवर में दो विकेट पर 121 रन के स्कोर के साथ मजबूत स्थिति में था। टीम ने हालांकि इसके बाद 15 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिये थे। उपकप्तान गिल ने सात पारियों से अर्धशतक नहीं लगाया है लेकिन पिछले मैच में 46 रन के साथ उन्होंने ने लय में वापसी का संकेत दिया था। सूर्यकुमार ने श्रृंखला में कुछ शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन अपनी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में उन्हें संघर्ष करना पड़ा है। अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली श्रृंखला से पहले कप्तान से और अधिक आजादी के साथ बल्लेबाजी कर मिसाल कायम करने की उम्मीद होगी। तिलक वर्मा भी इस श्रृंखला में अभी तक अपनी लय नहीं पकड़ पाए हैं, उन्होंने अपने पिछले तीन मैचों में 0, 29 और पांच रन बनाए हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा पर भी दबाव होगा क्योंकि पिछले दो मैचों में उन्होंने अनुभवी संजू सैमसन पर तरजीह मिलने के बाद कोई ख़ास प्रभाव नहीं छोड़ा है। अभिषेक शर्मा ने दुनिया के शीर्ष टी20 बल्लेबाज के रूप में

अपनी प्रतिष्ठा को बरकरार रखते हुए एक तेज अर्धशतकीय पारी खेली और एक अन्य मैच में टीम को आक्रामक शुरुआत दिलाई। भारत का निचला क्रम भी प्रभावी रहा है। अक्षर पटेल ने पिछले मैच में 11 गेंदों में नाबाद 21 रनों की पारी खेली थी। सातवें और आठवें नंबर पर हरफनमौला खिलाड़ियों की मौजूदगी ने टीम को मजबूती प्रदान की है। अर्शदीप सिंह ने गेंदबाजी में एक बार फिर भारत के लिए अपनी उपयोगिता साबित की है, उन्होंने चार विकेट लिए हैं और जसप्रीत बुमराह के साथ नयी गेंद से प्रभावी जोड़ी बनाई है। कुलदीप यादव की अनुपस्थिति के बावजूद वरुण, अक्षर और वाशिंगटन की स्पिन तिकड़ी भारत की एक बड़ी ताकत रही है। शिवम दुबे और वाशिंगटन दोनों ने बल्ले और गेंद से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दुबे की 23 गेंदों में 49 रनों की पारी ने तीसरे टी20 को भारत के पक्ष में मोड़ दिया था वहीं चौथे मैच में वाशिंगटन के तीन रन पर तीन विकेट से भारत ने मुकाबला को जल्दी खत्म करने में सफल रही। दुबे ने इस मैच में भी 22 गेंदों में 18 रन भी बनाए और दो विकेट भी लिए। पिछले टी20 मैच में बेहतरीन स्पिन गेंदबाजों के सामने ऑस्ट्रेलिया की कलई एक बार फिर खुल गयी थी। वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर ने मिलकर कैरारा ओवल में 10 ओवर से कम में छह विकेट लिए। टीम की बल्लेबाजी कप्तान मिचेल मार्श, मार्कस स्टोइनिस और टिम डेविड पर काफी हद तक निर्भर रही है। ट्रेविस हेड की अनुपस्थिति ने पिछले मैच में उन्हें काफी खली थी क्योंकि टीम को 168 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए 48 रन से हार का सामना करना पड़ा। हरफनमौला मैथ्यू शॉर्ट हेड की अनुपस्थिति में शीर्ष क्रम में प्रभावित करने का एक मौका गंवा दिया। वह शनिवार को अपनी गलतियों की भरपाई करने के लिए बेताब होंगे।

जोश हेजलवुड के श्रृंखला से हटने के बाद घरेलू टीम के गेंदबाजी आक्रमण में पैनापन की कमी दिखी है। नाथन एलिस और एडम जम्पा ने ज्यादातर जिम्मेदारी संभाली है, लेकिन चौथे टी20 में बेन ड्वार्शिस को कोई विकेट नहीं मिला। मेजबान टीम आखिरी मैच में महली बियर्डमैन को पदार्पण का मौका देने पर विचार कर सकती है।

टीमें: भारत: सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर। **ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंग्लिस (विकेट कीपर), जोश फिलिप (विकेट कीपर), मिशेल ओवेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैट कुहनेमन, एडम ज़म्पा, महली बियर्डमैन, बेन ड्वार्शिस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मार्कस स्टोइनिस।

मैच दोपहर 1:45 बजे शुरू होगा।

बेटन कप हॉकी से होगा साल्ट लेक स्टेडियम का उद्घाटन

कोलकाता। बेटन कप का 126वां सत्र नव-उद्घाटित विवेकानंद युवा भारती हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसमें 22,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता है जिससे यह देश का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम है।

साल्ट लेक स्टेडियम परिसर में स्थित इस अत्याधुनिक सुविधा केंद्र का उद्घाटन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया। दुनिया की सबसे पुरानी हॉकी चैंपियनशिप में देश के कई वर्तमान और पूर्व ओलंपियन और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मैदान पर चुनौती पेश करते हुए दिखाई देंगे। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 1895 में हुई थी। पश्चिम बंगाल के खेल विभाग के मुताबिक इसके मुख्य मुकाबले शनिवार से शुरू होंगे जबकि फाइनल 16 नवंबर को खेला जायेगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पहल पर निर्मित इस स्टेडियम में विश्व स्तरीय सिंथेटिक टर्फ, एक आधुनिक गैलरी, दो पूरी तरह सुसज्जित ड्रेसिंग रूम, एक प्रेस कॉर्नर, वीडियो विश्लेषकों के लिए एक कमरा और एक स्थल संचालन केंद्र है। भारतीय हॉकी ने शुक्रवार को 100 साल पूरे कर लिए। देश में इस खेल की संगठित यात्रा 1925 में पहली राष्ट्रीय खेल संस्था के गठन के साथ शुरू हुई थी। हॉकी बंगाल ने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न जिलों में पुरुष और महिला मैचों का भी आयोजन किया।

संक्षेप

सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के अंतिम चार में प्रवेश किया

रियाद। शीर्ष रैंकिंग वाली एरीना सबालेंका ने कोको गॉफ को 7-6, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के ग्रुप चरण में लगातार तीसरी जीत के साथ अमेरिका की इस प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। सबालेंका की जीत का मतलब है कि वह बेलारूस की शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी जेसिका पेगुला के साथ अपने ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंच गईं। पेगुला ने इससे पहले जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 6-3 से हराकर अपना रिकॉर्ड 2-1 (दो जीत और एक हार) कर लिया था। गत चैंपियन गॉफ का स्कोर 1-2 रहा, जबकि पाओलिनी का स्कोर 0-3 रहा। सबालेंका शुक्रवार को सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा से भिड़ेंगी जबकि पेगुला का मुकाबला एलेना रयबाकिना से होगा।

एमसीए ने की भूमि आवंटन की मांग

मुंबई। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने महाराष्ट्र सरकार से आवासीय महिला क्रिकेट अकादमी बनाने के लिए मुंबई महानगर क्षेत्र में उपयुक्त भूमि आवंटित करने का अनुरोध किया है। एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस संबंध में एक औपचारिक पत्र सौंपा। यह कदम भारतीय टीम के आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप जीतने के बाद उठाया गया है। एमसीए ने अपने पत्र में लिखा, पिछले कुछ वर्षों में एमसीए ने युवा प्रतिभाओं को निखारने के साथ मुंबई और आसपास के क्षेत्रों के क्रिकेटरों को अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए कई पहल की हैं। एमसीए ने कहा कि महिला खिलाड़ियों को अभ्यास सत्र के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है इसलिए वह आवासीय अकादमी बनाकर इसका हल निकालना चाहता है।

शाहीन टीम की कमान संभालेंगे इरफान

कराची। पाकिस्तान के सीमित ओवरों के प्रारूप से बाहर चल रहे मोहम्मद इरफान खान को इस महीने दोहा में होने वाले पुरुष एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय युवा टीम का शुक्रवार को कप्तान नियुक्त किया। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने इस टीम में तीन ऐसे खिलाड़ियों को शामिल किया है जिन्होंने सीनियर टीम के लिए कुछ मैच खेले हैं। इसमें इरफान के अलावा स्पिनर सुफियान मुकीम और तेज गेंदबाज अहमद दानियाल शामिल हैं। बाकी खिलाड़ियों ने अंडर-19, शाहीन (ए टीम) या घरेलू सर्किट और पाकिस्तान सुपर लीग में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है।

मुझे लग रहा था कि शेफाली फाइनल में कुछ खास करेगी: प्रतिका रावल

नयी दिल्ली। मनोविज्ञान की छात्रा होने के नाते प्रतिका रावल को थोड़ी समझ है कि मानव मस्तिष्क किस तरह काम करता है और उनकी अंतरात्मा से उन्हें महसूस हुआ कि विश्व कप नॉकआउट में उनकी जगह लेने वाली शेफाली वर्मा फाइनल में कुछ खास करेगी। हालांकि प्रतिका टखने और घुटने की चोट के कारण अपने करियर के सबसे अहम दो मैच में खेलने से चूक गईं लेकिन उनका शेफाली के बारे में अंदाजा बिलकुल सही रहा।

प्रतिका ने कहा कि शेफाली को प्रेरणा की जरूरत नहीं है। फाइनल से पहले वह मेरे पास आई और बोली, मुझे सच में अफसोस है कि तुम नहीं खेल सकती और मैंने उससे कहा कि कोई बात नहीं, ऐसी चीजें होती रहती हैं। मुझे लग रहा था कि वह उस दिन कुछ खास करेगी। प्रतिका ने टूर्नामेंट में 308 रन बनाए जिससे वह लौरा वोल्वार्ट (571), स्मृति मंधाना (434) और एशले गार्डनर (328) के बाद चौथे स्थान पर रहीं। लेकिन भारत के बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी ग्रुप लीग मैच में चोटिल हो गई। उन्होंने कहा, मुझे यह नहीं कहना चाहिए कि मैं अभी मनोवैज्ञानिक हूं क्योंकि मैंने अपनी मास्टर डिग्री पूरी नहीं की है। लेकिन मनोविज्ञान का अध्ययन करने वाली एक छात्रा के तौर पर मुझे मानवीय भावनाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली जिसमें मेरी अपनी भावनाएं भी शामिल हैं। प्रतिका ने कहा कि पहली बात कि जो हो गया उसे स्वीकार करें। आप उसे वापस नहीं ला सकते। एक बार जब मैंने चोट को स्वीकार कर लिया तो मैंने केवल उन चीजों पर ध्यान केंद्रित किया जिन पर मैं नियंत्रण कर सकती थी और वो था चोट से उबरना, नींद लेना, पोषण और टीम का समर्थन करते रहना। उन्होंने कहा, मुझे चोट लगने से निराशा जरूर हुई लेकिन मैं इससे हताश नहीं हुई। मेरे पिताजी हमेशा मेरे साथ थे, मेरे कोच मेरा हालचाल पूछते रहते थे, मेरी मां और भाई के रोज फोन करते थे। मेरे पास एक बहुत अच्छा सपोर्ट सिस्टम है। उन्होंने मुझे निराश या अकेला महसूस नहीं होने दिया। उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले रविवार को जब उनकी साथी खिलाड़ी मैदान पर उन्हें (व्हीलचेयर पर) जश्न मनाने के लिए ले गईं तब उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा था। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात को स्वीकार करने में बहुत समय लगेगा कि हमने विश्व कप जीत लिया है। इस युवा बल्लेबाज ने जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के दौरान के हल्के-फुल्के पलों को साझा करते हुए कहा कि उन्होंने मुझे भेल खाने की पेशकश की क्योंकि मैं व्हीलचेयर पर थी। मैंने सोचा, यह अब तक की सबसे महंगी भेल है।

उम्मीद है कि हॉकी विश्व कप में भी 50 साल का इंतजार खत्म होगा : गुरबख्श सिंह

नयी दिल्ली। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप में खिताबी जीत को ऐतिहासिक बताते हुए भारतीय हॉकी के सबसे सीनियर ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता गुरबख्श सिंह ने उम्मीद जताई कि हरमनप्रीत सिंह की टीम हॉकी में भी विश्व कप के लिये 50 साल का इंतजार खत्म करेगी।

आठ बार की ओलंपिक चैम्पियन भारतीय पुरूष हॉकी टीम अब तक सिर्फ एक बार 1975 में कुआलालम्पुर में विश्व कप जीत सकी है। पिछली बार 2023 में भुवनेश्वर और राउरकेला में हुए विश्व कप में मेजबान भारत संयुक्त नौवे स्थान पर रहा था। तोक्यो ओलंपिक 1964 में स्वर्ण और मैक्सिको में चार साल बाद कांस्य पदक जीतने वाले 90 वर्ष के गुरबख्श ने भारतीय हॉकी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर भाषा से खास बातचीत में कहा, भारत की लड़कियों ने क्रिकेट में हाल ही में विश्व कप जीता है और इससे देश में महिला क्रिकेट को बहुत फायदा मिलेगा। उम्मीद है कि हॉकी में भी अगले साल विश्व कप जीतकर हम इंतजार खत्म करेंगे। विश्व कप अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में जुलाई अगस्त में होगा और भारत ने एशिया कप जीतकर टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई कर लिया है। उन्होंने कहा कि विश्व कप एस्ट्रो टर्फ के दौर में शुरू हुआ और यही वजह है कि भारत ओलंपिक के प्रदर्शन को उसमे दोहरा नहीं सका। गुरबख्श ने कहा कि विश्व कप एस्ट्रो टर्फ के आने के बाद आया। ओलंपिक में भी टर्फ के आने के बाद हमारे प्रदर्शन में गिरावट आई थी तो शायद वही वजह रही होगी लेकिन मौजूदा प्रदर्शन को देखते हुए मुझे यकीन है कि विश्व कप में भी पदक अब दूर नहीं। उन्होंने कहा कि हरमनप्रीत की कप्तानी वाली भारतीय टीम विश्व कप जीत सकती है लेकिन इसमें कुछ बदलाव करने होंगे। उन्होंने कहा, इस टीम में अधिकांश खिलाड़ी दस साल से अधिक से खेल रहे हैं। बदलाव अच्छे होने चाहिये जिससे दावा और पुख्ता होगा। मेरी सलाह यही है कि अच्छा खेल रहे हो और इस लय को कायम रखो लेकिन जूनियर खिलाड़ियों में से भी कुछ को लाना होगा। एशियाई खेल 1966 में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के अहम सदस्य रहे गुरबख्श ने कहा कि भारतीय हॉकी सही राह पर है लेकिन इसे ऊपर की ओर जाना होगा। उन्होंने कहा कि इस स्तर पर आपको शीर्ष पांच टीमों में आना होगा। ओलंपिक या विश्व कप में सेमीफाइनल पहला लक्ष्य होना चाहिये जिसके बाद कोई भी पदक आ सकता है। मैं हमेशा से सेमीफाइनल को लक्ष्य लेकर चलता था। भारतीय हॉकी के सौ साल के सफर को यादगार बताते हुए उन्होंने कहा कि कृत्रिम टर्फ आने के बाद करीब 40 साल तक भारतीय हॉकी लगभग गायब हो गई लेकिन तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदकों के साथ वापसी हुई है और अब इससे बेहतर करना होगा। मैं उम्मीद करता हूं कि यह वापसी सिर्फ कांस्य तक नहीं रहेगी, स्वर्ण में तब्दील होगी। हमने ओलंपिक में आठ स्वर्ण पदक जीते हैं जो कोई छोटी बात नहीं है। तोक्यो ओलंपिक 1964 से चार साल पहले रोम में भारत ने अपना खिताब पाकिस्तान को गंवा दिया था। तोक्यो में काफी तनावपूर्ण माहौल में खेले गए फाइनल में चरणजीत सिंह की कप्तानी में भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराया। पुरानी यादों को ताजा करते हुए गुरबख्श का चेहरा चमक उठा और उन्होंने कहा, 1960 में हम हार चुके थे और 1964 में हर हालत में जीतना था। हमारे पास फाइनल में खोने के लिये कुछ नहीं था। पाकिस्तानी अधिक नर्वस थे लेकिन हमने आराम से खेला और हमने अपना सब कुछ झोंक दिया था। थोड़ा तनाव भी हो गया था।

तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ए मजबूत स्थिति में

बेंगलुरु। मार्क्स एकरमैन की शतकीय पारी के बावजूद भारत ए ने दूसरे चार दिवसीय मैच में शुक्रवार को यहां दूसरे दिन तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बूते दक्षिण अफ्रीका ए की पहली पारी को 221 रन पर समेट कर पहली पारी में 34 रन की बढ़त हासिल की। भारत ए ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में तीन विकेट पर 78 रन बनाकर अपनी बढ़त को 112 रन तक पहुंचा दिया।

सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (26) के साथ कुलदीप यादव (शून्य) क्रीज पर मौजूद हैं। प्रसिद्ध कृष्णा (35 रन पर तीन विकेट), मोहम्मद सिराज (61 रन पर दो विकेट) और आकाशदीप (28 रन पर दो विकेट) ने बीसीसीआई उत्कृष्टता केंद्र की पिच का शानदार तरीके से इस्तेमाल करते करने हुए आपस में सात विकेट साझा किये जिससे दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 221 रन पर सिमट गयी। एकरमैन (118 गेंद में 134 रन) ने एक छोर संभालते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की और अपनी पारी में 17 चौके और पांच छक्के जड़े। सलामी बल्लेबाज अभिमन्यू ईश्वरन मैच में लगातार दूसरी बार खाता खोलने में नाकाम रहे और इस तरह उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए अपनी संभावनाओं को और कमजोर कर लिया। साई सुदर्शन भी 38 गेंद में 23 रन की पारी के दौरान अच्छी लय में नहीं दिखे। देवदत्त पडिक्कल (24) अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे लेकिन गली क्षेत्र में सेसेगो सेनोक्वाने ने शानदार कैच लपक कर उनकी पारी का अंत किया। इससे पहले भारतीय तेज गेंदबाजों के सामने एकरमैन के अलावा दक्षिण अफ्रीका के ज्यादातर बल्लेबाज परेशानी में दिखा। भारत के पहली पारी में 255 रन के जवाब में टीम ने शुरुआती आठ ओवर में ही 12 रन तक तीन विकेट गंवा दिये। सेनोक्वाने आकाशदीप की गेंद स्विंग को भांपने में विफल रहे और गेंद ने उनके स्टंप को उखाड़ दिया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा (शून्य) मैदानी अंपायर द्वारा आकाश की गेंद पर लेग साइड में विकेटकीपर ज ्षभ पंत द्वारा कैच की अपील को स्वीकार करने से निराश दिखे। इस बीच सिराज ने जुबैर हमजा (आठ) को पगबाधा कर दक्षिण अफ्रीका को शुरुआती झटके दिए। सिराज और आकाश की नई गेंद की तेज गेंदबाजी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले पिच से गति और उछाल हासिल कर भारतीय टीम प्रबंधन को काफी हद तक प्रभावित किया होगा। एकरमैन और सलामी बल्लेबाज जॉर्डन हरमन (26) ने चौथे विकेट के लिए 64 रन जोड़कर मेजबान टीम को लंच तक तीन विकेट पर 76 रन पर पहुंचाकर वापसी की कोशिश की।

विश्व चैंपियन अमनजोत और हरलीन का चंडीगढ़ में भव्य स्वागत

चंडीगढ़। विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट टीम की सदस्य अमनजोत कौर और हरलीन देओल का शुक्रवार को यहां उनके गृहनगर पहुंचने पर उनके परिवारों और पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के शीर्ष नेताओं ने मिठाई खिलाकर और ढोल बजाकर स्वागत किया।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने रविवार को नवी मुंबई में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपना पहला वैश्विक खिताब (वनडे विश्व कप) जीतकर भारतीय महिला क्रिकेट के लिए इतिहास रच दिया। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और आप सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर उन सत्तारूढ़ पार्टी नेताओं में शामिल थे जो दोनों खिलाड़ियों का स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। इस दौरान दोनों खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और कई प्रशंसक भी मौजूद थे, जो उनके आने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे। हवाई अड्डे से बाहर आते ही चीमा और हेयर ने दोनों खिलाड़ियों को मिठाई खिलाई और शॉल भेंट करके उनका सम्मान किया। अमनजोत ने यहां मौजूद पत्रकारों से कहा कि यह जीत पूरे भारत पूरे पंजाब की है। उन्होंने यह भी कहा कि सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद टीम के सदस्य सोए नहीं थे। फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट का शानदार कैच लपकने वाली अमनजोत ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल के बाद फाइनल में भी जीत दर्ज करने के बाद हम सोए नहीं थे। देओल ने कहा कि उनके परिवार ने हमेशा उनके सपनों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि लड़कियां आजादी और अवसर मिलने पर नाम कमा सकती हैं। मेरे परिवार ने हमेशा मेरा साथ दिया। मैं हर माता-पिता को संदेश देना चाहती हूँ कि अपनी बेटियों को आजादी दें... मैं लड़कियों से कहना चाहती हूं कि उन्हें अपने जुनून को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास था कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे और कप जीतेंगे। इस मौके पर अमनजोत की रिश्ते की बहन सतविंदर कौर ने उस समय को याद किया जब भारत की यह हरफनमौला खिलाड़ी लडकों के साथ खेलते थी। उन्होंने कहा कि अमनजोत ने भी खेलते समय आस-पड़ोस की कई खिड़कियों के शीशे भी तोड़े है लेकिन हमारे परिवार ने जीवन में आगे बढ़ने के लिए उनका पूरा साथ दिया। हवाई अड्डे के बाहर परिवार के सदस्यों ने ढोल की थाप पर नृत्य भी किया। दोनों खिलाड़ी यहां से एक खुली गाड़ी में अपने परिवार के सदस्यों, मंत्री हरपाल चीमा और कुछ अन्य लोगों के साथ अपने घरों के लिए रवाना हुए। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व कप विजेता भारतीय टीम से मुलाकात की थी।

जय नारायण मिश्र महाविद्यालय में शुरू हुई 53वीं वार्षिक एथलेटिक मीट

लखनऊ। श्री जय नारायण मिश्र महाविद्यालय लखनऊ में आज 53वीं, वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ, मुख्य अतिथि, रत्न संजय कटियार, महा निरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल, लखनऊ, विशिष्ट अतिथि, डॉ आनंद किशोर पाण्डेय, निर्देशक, स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया एवम जी शुक्ला, मंत्री प्रबंधक, महाविद्यालय प्रबंधन समिति, के कर कमलो द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, रत्न संजय कटियार ने छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेलकूद में महत्वपूर्ण है प्रतिभागिता। प्रतिभागिता हमे बहुत कुछ देती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को टीम भावना के महत्व को समझाते हुए कहा कि, टीम का सदस्य बनकर काम करने से व्यक्तिगत एवं सामूहिक दोनों तरह के लाभ प्राप्त होते हैं। एक अच्छी टीम का हिस्सा बनकर हम विशाल लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। उन्होंने महाविद्यालय से पूर्व में निकली हुई विश्व स्तरीय खेल प्रतिभाओं का जिक्र करते हुए महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि, डॉ आनंद किशोर पाण्डेय ने कहा कि अच्छे संसाधन और खिलाड़ी की लगन दोनों के संयोजन से खेल का निखार होता है। अच्छे खेल के लिए दोनों ही आवश्यक है। उन्होंने महाविद्यालय स्पोर्ट्स ग्राउंड की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसी ग्राउंड से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनेक खिलाड़ी राष्ट्र को मिले हैं और वर्तमान में भी यह सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के स्पोर्ट्स ग्राउंड, संसाधन और खेल के विकास एवं खेल सुविधा प्रबंधन के लिए उनका अनुभव और संसाधन हमेशा उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने दो दिनों तक चलने वाली एथलेटिक मीट में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य, प्रो विनोद चंद्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। उन्होंने महाविद्यालय स्तर पर छात्र-छात्राओं में खेल भावना विकसित करने के लिए किया जा रहे हैं प्रयासों का जिक्र किया।

विकसित राज्यों में गिना जायेगा बिहार

लालू-राबड़ी-राहुल के पास बिहार के विकास का कोई एजेंडा नहीं : अमित शाह

जमुई/भागलपुर (बिहार)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं के पास बिहार के विकास के लिए कोई एजेंडा नहीं है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद)-कांग्रेस गठबंधन ने अपने शासनकाल में गरीबों के लिए कुछ नहीं किया, बल्कि घुसपैठियों को संरक्षण देने का काम किया। जमुई में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जो लोग सिर्फ अपने बेटे-बेटियों के कल्याण की चिंता करते हैं, वे बिहार का विकास नहीं कर सकते। उन्होंने दावा किया, हमें पांच साल का और मौका दीजिए, बिहार विकसित राज्यों की श्रेणी में गिना जाएगा। इसे बाढ़ से मुक्त किया जाएगा। लालू-राबड़ी-राहुल के पास विकास का कोई एजेंडा नहीं है। शाह ने आरोप लगाया, उन्होंने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया, सिर्फ उन घुसपैठियों को संरक्षण दिया जो गरीबों की नौकरियां, अनाज और संसाधन छीन रहे हैं। क्या ऐसे लोग बिहार को विकसित बना सकते हैं? बिल्कुल नहीं। भागलपुर में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए शाह ने विपक्षी गठबंधन महागठबंधन को ठगबंधन करार दिया और कहा कि इनके पास न तो कोई नीति है, न एकता। उन्होंने विपक्षी गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव पर भी हमला करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव के प्रिय मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन (डीएमके) ने बिहारी लोगों की तुलना बीड़ी से करके उनका अपमान किया था। भाजपा नेता ने कहा, संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय आतंकवादी हमले आम बात थे और उस समय के प्रधानमंत्री में आतंकवाद के खिलाफ बोलने का भी साहस नहीं था। उन्होंने कहा, अगर राजद बिहार चुनाव जीतता है तो भागलपुर में दंगे रोकना असंभव होगा... आपको तय करना है कि आप दीयारा में अपहरण उद्योग चाहते हैं या पर्यटन का विकास। दिन में पहले एक अन्य सभा में शाह ने कहा कि लालू प्रसाद के शासनकाल में गया, औरंगाबाद, जमुई और कई अन्य इलाकों में माओवादी प्रभावी थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार से नक्सलवाद का सफाया किया। शाह ने जनता से अपील की, अगर आप जंगलराज से बचना चाहते हैं, तो एनडीए को वोट दें। उन्होंने कहा कि यदि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) फिर सत्ता में आया तो बिहार की सूरत बदल जाएगी। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने इस दौरान कई परियोजनाओं की घोषणा की, जिनमें एक इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण क्लस्टर, एक आयुध कारखाना, एक रक्षा गलियारा, विश्वस्तरीय एक्सप्रेसवे और राजमार्ग नेटवर्क, मेडिकल कॉलेजों और इंजीनियरिंग संस्थानों की स्थापना शामिल है।

बिहार में अधिक मतदान सरकार के पक्ष में वोट है : धर्मेंद्र प्रधान

पटना। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान प्रतिशत सरकार के पक्ष में लहर का संकेत है और विपक्ष का यह दावा निराधार है कि यह परिणाम राजग के लिए चेतावनी की घंटी है। राज्य में भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने यह बात पीटीआई-वीडियो से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 121 विधानसभा क्षेत्रों में 64.69 प्रतिशत मतदान हुआ, जो राज्य के चुनावी इतिहास में अब तक का सर्वाधिक है। प्रधान ने कहा कि यह शानदार है।

यह स्पष्ट रूप से उत्साहवर्धक मतदान का संकेत है। हाल के समय में कई जगहों पर देखा गया है कि लोग बड़ी संख्या में मौजूदा सरकार के पक्ष में मतदान करने निकलते हैं। बिहार में भी यही हो रहा है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति जनता का विश्वास हिमालय जितना अटूट और ऊंचा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया और मीडिया से बात करने वाले अधिकतर मतदाताओं ने स्पष्ट कहा कि वे विकास और सुरक्षा के लिए वोट कर रहे हैं। प्रधान ने कहा यह इस बात का साफ संकेत है कि हवा किस दिशा में बह रही है। उन्होंने साथ ही कहा कि राजग की चुनावी नीति सुशासन पर आधारित है, जो राजद-कांग्रेस शासन के जंगलराज की छवि के विपरीत है। प्रधान ने केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के इस अनुमान से सहमति जताई कि राजग बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा में 160 से अधिक सीटें जीत सकता है। नीतीश कुमार फिर से मुख्यमंत्री बनने संबंधी सवाल पर प्रधान ने कहा कि हम बार-बार कह चुके हैं कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में मुख्यमंत्री पद रिक्त नहीं है। पिछले 20 वर्षों से यह पद एक ही व्यक्ति के पास है। हां, यह समस्या विपक्ष में हो सकती है, जहां एक ही परिवार के कई सदस्य कुर्सी के लिए लालायित हैं। प्रधान ने इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव पर भी निशाना साधा और कहा कि बंपर मतदान को राजद-गठबंधन की जीत का संकेत मानना उनकी गलतफहमी है।

संक्षेप

वंदे मातरम की वर्षगांठ का दुरुपयोग कर रही है भाजपा

मुंबई। महाराष्ट्र कांग्रेस ने शुक्रवार को भाजपा पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर का राजनीतिक ध्रुवीकरण और पाखंडी राष्ट्रवाद के लिए दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम पहली बार सात नवंबर, 1875 को साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में प्रकाशित हुआ था। बाद में, उन्होंने इस भजन को अपने उपन्यास आनंदमठ में शामिल किया, जो 1882 में प्रकाशित हुआ था। 24 जनवरी 1950 को, भारत की संविधान सभा ने इसे राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया। कांग्रेस ने भाजपा के उन कथित आरोपों का खंडन किया है जिनमें यह कहा गया था कि उसके किसी विधायक ने वंदे मातरम गाने का विरोध किया था। कांग्रेस ने पार्टी विधायकों असलम शेख और अमीन पटेल के खिलाफ भाजपा के अभियान को झूठा, शर्मनाक और निंदनीय करार दिया। कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत ने कहा कि शेख और पटेल, दोनों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उन्हें इस गीत पर कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर भाजपा नेता वंदे मातरम गाना चाहते हैं, तो वे हमारे कार्यालयों में आकर गा सकते हैं, बाहर तमाशा करने के लिए नहीं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा राष्ट्रीय गौरव से जुड़े मुद्दे को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रही है।

वंदे मातरम एक शाश्वत गान : उपराष्ट्रपति

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने वंदे मातरम को एक शाश्वत गान बताते हुए शुक्रवार को कहा कि इसने राष्ट्रवाद की भावना को जागृत किया और यह पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर, मैं अपने पूजनीय राष्ट्रगीत - एक शाश्वत गान - को नमन करता हूं जिसने राष्ट्रवाद की भावना को जागृत किया और जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा सात नवंबर, 1875 को अक्षय नवमी के अवसर पर रचित वंदे मातरम- मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि और दिव्यता का प्रतीक बनाता है। राधाकृष्णन ने याद किया, यह गीत भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप में उभरा, जिसने पूरे देश में देशभक्ति की भावना को फिर से जगाया और सभी क्षेत्रों, भाषाओं और धर्मों के लोगों को भक्ति और साहस के एक स्वर में एकजुट किया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम भारत की सांस्कृतिक विरासत और सभ्यतागत लोकाचार का एक स्थायी प्रतीक है। उन्होंने रेखांकित किया कि यह आध्यात्मिक और राष्ट्रीय तथा व्यक्तिगत और सामूहिक के बीच सामंजस्य को दर्शाता है। वंदे मातरम के अमर शब्द प्रत्येक भारतीय को समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण राष्ट्र के निर्माण में देशभक्ति, अनुशासन और समर्पण के आदर्शों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

औद्योगिक विकास निकाय ने नदी की सफाई संबंधी एनजीटी आदेश को चुनौती क्यों दी : उच्चतम न्यायालय

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राजस्थान सरकार से सवाल किया कि राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम ने प्रदूषित जोजरी नदी की सफाई संबंधी एनजीटी आदेश को क्यों चुनौती दी है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने राज्य सरकार से यह भी पूछा कि क्या राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड (रीको), पाली और बालोतरा नगर परिषदें तथा नगर निगम जोधपुर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के फरवरी 2022 के आदेश के खिलाफ अपनी-अपनी अपील जारी रखना चाहते हैं। एनजीटी ने यह आदेश तीन नदियों - लूनी, बांडी और जोजरी में प्रदूषण से संबंधित एक मामले में पारित किया था। उच्चतम न्यायालय जोजरी नदी में प्रदूषण को लेकर स्वतः संज्ञान लिए गए एक मामले की सुनवाई कर रहा था। रीको और इन नगर निकायों द्वारा दायर अपीलें भी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थीं। पीठ ने राजस्थान की ओर से पेश हुए वकील से पूछा कि रीको ने अपील क्यों किया है? वे प्रदूषण को दूर करने के निर्देश है और रीको इसका विरोध करना चाहता है। राज्य की ओर से पेश वकील ने कहा कि एनजीटी के आदेश में रीको को दो करोड़ रुपये का पर्यावरण मुआवज़ा देने का निर्देश दिया गया है। वकील ने कहा कि मुझे एक हफ्ते का समय दीजिए। मुझे एक प्रस्तावित कार्ययोजना और वर्तमान स्थिति रिपोर्ट भी दाखिल करने दीजिए। पता करें कि क्या नगर परिषदें और रीको इन अपीलों को जारी रखना चाहते हैं। राज्य के वकील ने कहा कि वह निर्देश लेकर अदालत को इससे अवगत कराएंगे।

अगले वर्ष भारत की यात्रा कर सकता हूं : ट्रंप

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह अगले वर्ष भारत की यात्रा कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री को एक अच्छा व्यक्ति और मित्र बताते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि वह भारत आएं।

ट्रंप ने ओवल ऑफिस में बृहस्पतिवार को एक सवाल पर कहा, वह (प्रधानमंत्री मोदी) मेरे दोस्त हैं, हम बात करते रहते हैं... वह चाहते हैं कि मैं वहां आऊं। हम इस पर विचार कर रहे हैं। मैं जाऊंगा। मैंने वहां प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक शानदार यात्रा की थी। वह एक अच्छे व्यक्ति हैं। मैं फिर जाऊंगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अगले साल भारत की यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो ट्रंप ने जवाब दिया, हां हो सकता है। भारत नयी दिल्ली में क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के नेता भाग लेंगे। इससे पहले 2024 का शिखर सम्मेलन विलमिंगटन (डेलावेयर) में आयोजित हुआ था। बहरहाल, भारत में होने वाले सम्मेलन की तारीखों की घोषणा अभी नहीं हुई है। इस बीच, राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया कि भारत ने रूस से खरीदारी बंद कर दी है। ट्रंप ने मोदी के साथ वार्ता और भारत के साथ व्यापार चर्चा की प्रगति के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा कि यह बहुत अच्छी है, सब अच्छा चल रहा है। उन्होंने (प्रधानमंत्री मोदी ने) रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया... काफी हद तक उन्होंने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया। ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क और रूसी तेल की खरीद के लिए अतिरिक्त 25 प्रतिशत कर लगाया, जिससे भारत पर लगाया गया कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया। भारत ने अमेरिकी कार्वाई को 'अनुचित, अन्यायपूर्ण और अव्यवहारिक' बताया था और कहा था कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हितों से प्रेरित है। पत्रकारों के समक्ष अपनी टिप्पणी में ट्रंप ने इस दावे को भी दोहराया कि उन्होंने व्यापार के माध्यम से मई में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोका था। मैंने आठ युद्ध खत्म कराए जिनमें से पांच या छह तो शुल्क (टैरिफ) के जरिए खत्म कराए। मैं आपको एक उदाहरण देता हूं। अगर आप भारत और पाकिस्तान को देखें तो उन्होंने लड़ाई शुरू कर दी थी।

देश भर में उड़ानों में कटौती का आदेश

न्यूयार्क। अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने संघीय शटडाउन के बीच देशभर में उड़ानों को कम करने का आदेश शुक्रवार सुबह से लागू करने का ऐलान किया है। एफएए के आदेश के अनुसार, चयनित 40 हवाई अड्डे दो दर्जन से अधिक राज्यों में फैले हैं और इसमें अटलांटा, डलास, डेनवर, लॉस एंजिल्स और चार्लोट (नॉर्थ कैरोलिना) जैसे प्रमुख हब शामिल हैं। न्यूयॉर्क, ह्यूस्टन, शिकागो और वाशिंगटन समेत कुछ महानगरीय क्षेत्रों में कई हवाई अड्डों पर इसका असर पड़ेगा और इसका प्रभाव छोटे हवाई अड्डों पर भी पड़ सकता है।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच एफटीए वार्ता का चौथा दौर पूरा

रोटेरुआ। भारत और न्यूजीलैंड ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए चौथे दौर की वार्ता शुक्रवार को पूरी कर ली। दोनों पक्षों ने इसको शीघ्र अंतिम रूप देने की दिशा में काम करने को लेकर सहमति व्यक्त की है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के साथ इन वार्ताओं की प्रगति की समीक्षा करने के लिए यहां पहुंचे हैं। गोयल ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ता का चौथा दौर वस्तु बाजार पहुंच, सेवाओं, आर्थिक व तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों पर केंद्रित रहा। उन्होंने कहा, हम भारत और न्यूजीलैंड के बीच बढ़ते रणनीतिक व आर्थिक संगम के अनुरूप एक संतुलित, व्यापक तथा पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को शीघ्र पूरा करने की दिशा में काम करने के लिए तत्पर हैं। इस तीन दिवसीय यात्रा के दौरान गोयल ने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा करने के लिए उद्योग दिग्गजों के साथ बैठकें भी कीं। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा गोयल ने न्यूजीलैंड के कई व्यापारिक दिग्गजों के साथ बैठकें कीं। इनमें वैलेसिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कारमेन वाइसलिच, स्लंबरजोन के सीईओ रंजय सिक्का और मीट इंडस्ट्री एसोसिएशन के चेयरमैन नाथन गाय शामिल हैं। इन बैठकों में कृषि, पर्यटन, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, खेल, गेमिंग और ड्रोन प्रौद्योगिकी जैसे विविध क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग बढ़ाने में बढ़ती रुचि दिखी। मंत्रालय ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की महत्वपूर्ण प्रगति को देखते हुए अंतरिक्ष सहयोग को भविष्य के लिए एक आशाजनक क्षेत्र माना गया। इससे पहले छह नवंबर को गोयल ने कहा था कि बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और उम्मीद जताई थी कि मुक्त व्यापार समझौते को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। एफटीए वार्ता औपचारिक रूप से 16 मार्च 2025 को शुरू की गई थी। वित्त वर्ष 2024-25 में न्यूजीलैंड के साथ भारत का द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 1.3 अरब डॉलर रहा जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 49 प्रतिशत अधिक है। न्यूजीलैंड का औसत आयात शुल्क मात्र 2.3 प्रतिशत है।

इंटरटेनमेंट...

बॉलीवुड ने अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित को दी श्रद्धांजलि

मुंबई। बॉलीवुड में 1970 के दशक की उलझन और संकोच जैसी फिल्मों में अपने अभिनय और गायकी के लिए जानी जाने वाली वरिष्ठ अभिनेत्री-गायिका सुलक्षणा पंडित का 71 वर्ष की उम्र में हृदयाघात के कारण निधन हो गया।

सुलक्षणा का अंतिम संस्कार शुक्रवार को जुहू स्थित पवन हंस श्मशान घाट में किया गया। अभिनेत्री शबाना आज़मी, पूनम ढिल्लो, परिवारजन विजयता पंडित और संगीतकार भाई ललित पंडित (जतिन-ललित संगीत जोड़ी के सदस्य) वहां मौजूद थे। सुलक्षणा 2006 से अपनी बहन विजयता पंडित के घर में रह रही थीं जहां बृहस्पतिवार देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली। 1954 में रायगढ़ में जन्मीं सुलक्षणा पंडित का परिवार संगीत के क्षेत्र में महारत रखता था। उनके चाचा प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित जसराज थे। पिता और गुरु पंडित प्रताप नारायण पंडित के निधन के बाद उन्होंने कम उम्र में ही अभिनय और गायकी के क्षेत्र में कदम रखा। उन्होंने 1967 में फिल्म तकदीर के लिए लता मंगेशकर के साथ पहला गाना सात समंदर पार रिकॉर्ड किया। 1975 में फिल्म उलझन से उन्होंने अभिनय की शुरुआत की। सुलक्षणा पंडित ने गायकी और अभिनय दोनों में सफलता पाई। उनके चर्चित गीतों में तू ही सागर तू ही किनारा (फिल्म संकल्प, 1975), बंदी रे काहे प्रीत (संकोच, 1976), परदेसिया तेरे देश में, बेकरार दिल टूट गया, और सोमवार को हम मिले शामिल हैं। उन्होंने राजेश खन्ना, शशि कपूर, जितेंद्र और विनोद खन्ना जैसे अभिनेताओं के साथ काम किया। संजीव कुमार के साथ हेरा फेरी, खानदान, अपनापन और बंडलबाज़ जैसी फिल्मों में काम किया। निजी जीवन में उन्होंने उलझन के सह-कलाकार संजीव कुमार से प्रेम किया था, लेकिन यह प्रेम एकतरफा था। संजीव कुमार के 1985 में असमय निधन के बाद उन्होंने कभी विवाह नहीं किया। विजयता पंडित ने बताया कि सुलक्षणा पंडित लंबे समय से अस्वस्थ थीं और उनकी घर में ही देखभाल की जा रही थी। सुलक्षणा विजयता के साथ ही रहती थीं। परिवार की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए भतीजी श्वेता पंडित और चचेरी बहन दुर्गा जसराज ने सुलक्षणा को पंडित परिवार की पहली स्टार और संगीत एवं अभिनय के क्षेत्र में समर्पित जीवन देने वाली बताया। पंडित जसराज की बेटी दुर्गा जसराज ने कहा कि सुलक्षणा परिवार की पहली स्टार और सबसे मज़बूत स्तंभ थीं।

मुख्यमंत्री ने कमल हासन को 71वें जन्मदिन पर दी बधाई

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने अभिनेता से राजनेता बने कमल हासन को जन्मदिन की बधाई दी। हासन शुक्रवार को 71 वर्ष के हो गए। कई हस्तियों ने भी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता हासन को शुभकामनाएं दीं। स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में कहा, बहुमुखी प्रतिभा के धनी, तमिल सिनेमा को विश्व स्तरीय मानकों तक ले जाने वाले, एक अथक कलात्मक मिशन को आगे बढ़ाने वाले और हमारे राष्ट्र को फासीवादी चेहरों से बचाने के लिए एक अदम्य देशभक्ति रखने वाले मक्कल नीधि मय्यम के नेता मेरे प्रिय कलाकार कमल हासन को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। हासन राज्यसभा सदस्य होने के साथ साथ राजनीतिक पार्टी मक्कल नीधि मय्यम के संस्थापक-प्रमुख हैं। उनकी पार्टी सत्तारूढ़ द्रमुक की सहयोगी है। हासन ने शुभकामनाओं के लिए द्रमुक अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। कमल हासन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, प्रिय मित्र, सुशासन के प्रतीक और मित्रता की पहचान के रूप में चमकने वाले मुख्यमंत्री (एमके स्टालिन), मेरा जन्मदिन आपकी शुभकामनाओं के साथ शुरू होता है। इस असीम प्रेम के लिए धन्यवाद।

कैटरीना कैफ-विक्की कौशल बने माता-पिता, पुत्र की प्राप्ति

मुंबई। फिल्म अभिनेत्री कैटरीना कैफ और अभिनेता विक्की कौशल ने शुक्रवार को अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। दोनों एक बेटे के माता पिता बने हैं।

दंपति ने अपने अपने संबंधित इंस्टाग्राम अकाउंट पर संयुक्त बयान जारी कर यह जानकारी साझा की। पोस्ट में उन्होंने लिखा है, हमें खुशियों की सौगात मिली है। अपार कृतज्ञता के साथ हम अपने नन्हे मेहमान का स्वागत करते हैं। सात नवंबर, 2025 - कैटरीना और विक्की। कैटरीना और विक्की ने दिसंबर, 2021 को राजस्थान में एक निजी समारोह में विवाह बंधन में बंधे थे। इस साल सितंबर में कैटरीना के गर्भवती होने की घोषणा की गई थी। उस समय उन्होंने एक पोलरॉइड तस्वीर साझा की थी जिसमें दोनों कैटरीना और विक्की बेबी बंप को खुशी से निहारते हुए दिख रहे थे। उन्होंने कैप्शन में लिखा, खुशी और कृतज्ञता से भरे दिलों के साथ अपने जीवन के सबसे अच्छे अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं। विक्की हाल में ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म छावा में दिखे थे और अब वह संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ नजर आने वाले हैं।

गौरी किशन ने यूट्यूबर को लगायी फटकार

चेन्नई। अभिनेत्री गौरी जी. किशन ने छह नवंबर को तमिल फिल्म्स अदर्स के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान अपने वजन के बारे में अपमानजनक सवाल पूछे जाने को लेकर एक यूट्यूबर को फटकार लगाई। चेन्नई प्रेस क्लब ने यूट्यूबर के व्यवहार की निंदा की है। किशन, तमिल और मलयालम फिल्मों में अपने अभिनय को लेकर जानी जाती हैं। वायरल हुए वीडियो में गौरी को उस व्यक्ति से यह कहते हुए सुना जा सकता है, मेरे वजन से आपका क्या लेना-देना? इसका फिल्म से क्या संबंध है? मेरा वजन मेरी पसंद है और इसका मेरी प्रतिभा से कोई लेना-देना नहीं है, यह बॉडी-शेमिंग के अलावा कुछ नहीं है। यह शारीरिक वजन पर एक बेवकूफी भरा सवाल है। शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म में उनके सह-कलाकार आदित्य माधवन, जो इस कार्यक्रम में मौजूद थे, ने बाद में कहा कि उनकी चुप्पी का मतलब किसी के शरीर को शर्मसार करने की मंजूरी नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स में एक पोस्ट में कहा मैं स्तब्ध रह गया। यह मेरी पहली फिल्म है। काश, मैंने पहले ही कदम उठा लिया होता। ऐसा नहीं होना चाहिए था। हर कोई सम्मान का हकदार है। मैं एक बार फिर माफी मांगता हूं। यूट्यूबर की निंदा करते हुए, साउथ इंडियन आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने कहा कि यह चिंताजनक है कि पत्रकारिता की आड़ में कुछ कुटिल लोग संवाददाता सम्मेलन में अभिनेत्रियों का मजाक उड़ा रहे हैं और उन्हें अपमानित कर रहे हैं।

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION
BBDNIIT (056)- CSE, IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT
12500+ More than 1800+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 5 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA

ADMISSION OPEN 2025-2026
BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in
COURSES OFFERED
• Engineering • Management • Legal Studies • Pharmacy • Architecture
• Dental Science • Computer Applications • Basic Sciences • Education
• Hotel Management • Agricultural Sciences • Media & Communication • Ph.D. in all Disciplines
Meritorious Scholarships Offered
Highest Package 52.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
NEW COURSE B.Sc. (Agriculture) 4 Year Full Time Degree Program
• Courses available in Collaboration with IBM
• Minor Degree available in Collaboration with IIT - Mandi
BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT, ECE, EE, ME, CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Security & Wifi | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM adani zomato Grab accenture tcs pwc Microsoft Infosys HARMAN Paytm EY Capgemini NEWGEN wipro accenture
BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com